

// खुश रहने का बस एक ही मंत्र है, उम्मीद बस खुद से रखो किसी और इंसान से नहीं। \\



दैनिक **अर्थ प्रकाश** खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित



सुबल वाणी



मन पसंद व्यक्ति की संगत में रहिए, उससे भी इम्यूनिटी बढ़ती है।



वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025 | बैशाख कृष्ण पक्ष: पंचमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 106 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12










### उपराष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर जताई आपत्ति

# अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं, जज 'सुपर संसद' की तरह काम कर रहे: धनखड़

कहा- अनुच्छेद 142 न्यूक्लियर मिसाइल बन गया

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की उस सलाह पर आपत्ति जताई, जिसमें उसने राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की थी। धनखड़ ने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24 घंटे उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं।

गौरतलब हैकि सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को तमिलनाडु गवर्नर वर्सेज राज्य सरकार के केस में गवर्नर के अधिकार की 'सीमा' तय कर दी थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा था, 'राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया था।



### यह है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। दरअसल, 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा। इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की थी। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया। 11 अप्रैल की रात वेबसाइट पर अपलोड किए गए ऑर्डर में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 201 का हवाला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्यपालों की ओर से भेजे गए बिल के मामले में राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो या पॉकेट वीटो का अधिकार नहीं है। उनके फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है और बिल की संवैधानिकता का फैसला न्यायपालिका करेगी।

### जस्टिस वर्मा केस में एफआईआर क्यों नहीं हुई: उपराष्ट्रपति

राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यकारी कार्य करेंगे, जो 'सुपर संसद' के रूप में भी कार्य करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है। उन्होंने कहा कि जस्टिस वर्मा के घर अधजली नकदी मिलने के मामले में अब तक एफआईआर क्यों नहीं हुई? क्या कुछ लोग कानून से ऊपर हैं। इस केस की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन जजों की इन-हाउस कमेटी बनाई है। इसका कोई संवैधानिक आधार नहीं है। कमेटी सिर्फ सिफारिश दे सकती है, लेकिन कार्रवाई का अधिकार संसद के पास है। उन्होंने कहा कि अगर ये मामला किसी आम आदमी के घर होता, तो अब तक पुलिस और जांच एजेंसियां सक्रिय हो चुकी होतीं। न्यायपालिका हमेशा सम्मान की प्रतीक रही है, लेकिन इस मामले में देरी से लोग असमंजस में हैं।

### राष्ट्रपति के निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 201 कहता है कि जब विधानसभा किसी बिल को पास कर दे। उसे राज्यपाल के पास भेजा जाए और राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दे। इस स्थिति में राष्ट्रपति को बिल पर मंजूरी देनी होगी या फिर बताना होगा कि मंजूरी नहीं दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आर्टिकल 201 के तहत राष्ट्रपति के निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। अगर बिल में केंद्र सरकार के निर्णय को प्राथमिकता दी गई हो, तो कोर्ट मनमानी या दुर्भावना के आधार पर बिल की समीक्षा करेगा। अदालत ने कहा कि बिल में राज्य की कैबिनेट को प्राथमिकता दी गई हो और राज्यपाल ने विधेयक को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के विपरीत जाकर फैसला किया हो तो कोर्ट के पास बिल की कानूनी रूप से जांच करने का अधिकार होगा। शेष पेज-2 पर

# नए वक्फ कानून के तहत नियुक्तियों पर रोक सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 3 दिन में मांगा जवाब

अगले आदेश तक संपत्तियों की स्थितियां भी नहीं बदलेंगी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को कानून पर जवाब देने के लिए 7 दिन का वक्त दिया है। सरकार के जवाब के बाद याचिकाकर्ताओं को 5 दिन में जवाब देना होगा। अगली सुनवाई 5 मई को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के खिलाफ दायर 70 याचिकाओं की जगह सिर्फ 5 याचिकाएं ही दायर की जाएं। उन्हीं पर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 110 से 120 फाइलें पढ़ना संभव नहीं हैं। ऐसे में ऐसे 5 पॉइंट तय करने होंगे। सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई होगी। सभी याचिकाकर्ता मुख्य बिंदुओं पर सहमति बनाएं। नोडल काउंसिल के जरिए इन आपत्तियों को तय करें।

सीजेआई संजीव खन्न और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं।



### एसजी मेहता की दलील

सुनवाई के दौरान एसजी मेहता ने कहा कि प्रतिवादी 7 दिनों के भीतर एक संक्षिप्त जवाब दाखिल करना चाहते हैं और आश्वासन दिया कि अगली तारीख तक 2025 अधिनियम के तहत बोर्ड और परिषदों में कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अधिसूचना या राजपत्रित द्वारा पहले से घोषित उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ सहित वक्फ की स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। जवाब 7 दिनों के भीतर दाखिल किया जाना चाहिए। उस पर जवाब सेवा के 5 दिनों के भीतर दाखिल किया जाना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि अगली सुनवाई से केवल 5 रिट याचिकाकर्ता ही न्यायालय में उपस्थित होंगे। हम यहाँ केवल 5 चाहते हैं। आप 5 का चयन करें। अन्य को या तो आवेदन के रूप में माना जाएगा या निपटाया जाएगा। हम नाम का उल्लेख नहीं करेंगे।

*'पंजाब शिक्षा क्रांति' के तहत लुधियाना जिले में नवीन पहल* | *खन्ना स्थित सरकारी स्कूल में शूटिंग रेंज का किया उद्घाटन*

# राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी जीत सकेंगे और मेडल: तरुनप्रीत सिंह सौंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/खन्ना, 17 अप्रैल।** पंजाब में अब आम घरों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी शूटिंग खेल में नाम कमा सकेंगे। 'पंजाब शिक्षा क्रांति' के तहत नवीन पहल करते हुए कैबिनेट मंत्री और खन्ना के विधायक तरुनप्रीत सिंह सौंद ने वीरवार को खन्ना स्थित सरकारी स्कूल के अंदर बनी शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया। रघवीर सिंह फ्रीडम फाइटर पी.एम. सरकारी हाई स्कूल में बनाई गई यह शूटिंग रेंज लुधियाना जिले के किसी सरकारी स्कूल में बनी पहली शूटिंग रेंज है। पांच टारगेट की इस शूटिंग रेंज पर 5 लाख रुपए का खर्चा आया है। शूटिंग रेंज समेत कुल 71.15 लाख रुपए के साथ हलके के पांच सरकारी प्राथमिक और हाई स्कूलों में बुनियादी ढांचे की विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया है।

तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि शूटिंग खेल में पंजाब के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा रहे हैं। अब इस खेल की स्कूल स्तर से शिक्षा शुरू करके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी और मेडल जीत सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार राज्य के सरकारी स्कूलों की दिशा और दशा सुधारने में पूरी शिद्दत से काम कर रही है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में तरुनप्रीत सिंह सौंद द्वारा खन्ना हलके के कई सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे की सुविधाओं समेत स्कूलों की नुहार बदलने संबंधित उद्घाटन किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन का सिलसिला जारी रहेगा।

सौंद ने बताया कि सभी सरकारी स्कूलों की हर जरूरत को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है ताकि विद्यार्थी न केवल पढ़ाई में बल्कि खेलों और सांस्कृतिक मुकाबलों में भी बड़े मुकाम हासिल कर सकें।

कैबिनेट मंत्री ने विद्यार्थियों को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व महसूस करना चाहिए कि वे सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी हैं क्योंकि जिन सुविधाओं को पंजाब सरकार उन्हें मुहैया करवा रही है, वे कई निजी स्कूलों से भी बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा के मानक का ग्राफ बहुत ऊंचा उठाया गया है और इस संबंध में प्रयास आने वाले दिनों में जारी रहेंगे।



### इन स्कूलों की सुधरेगी दशा

कैबिनेट मंत्री ने जिन पांच स्कूलों में विकास कार्यों का उद्घाटन किया है, उनमें रघवीर सिंह फ्रीडम फाइटर पी.एम. सरकारी हाई स्कूल में 5 लाख रुपए की लागत से शूटिंग रेंज रूम, 19.10 लाख रुपए की लागत से दो क्लास रूम और 2.28 लाख रुपए बच्चों के शैक्षणिक टूर के लिए दिए गए हैं। सरकारी प्राथमिक स्कूल नंबर 5 में 1.60 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य किए गए हैं। इसी तरह खन्ना के सरकारी प्राथमिक स्कूल नंबर 6 में 7.51 लाख रुपए की लागत से कमरा और 2 लाख रुपए की लागत से बाथरूम तैयार करवाए गए हैं। सरकारी प्राथमिक स्कूल नंबर 8 में 6.26 लाख रुपए की लागत से कमरे की मरम्मत, 3.44 लाख रुपए की लागत से क्लास रूम की मरम्मत, 5.94 लाख रुपए की लागत से स्कूल में अन्य मरम्मत कार्य और 3 लाख रुपए से स्कूल के कमरों की छतों की मरम्मत करवाई गई हैं। सरकारी प्राथमिक स्कूल नंबर 9 में 15.02 लाख रुपए की लागत से दो कमरे तैयार करवाए गए हैं।

**मुलाकात** | हरियाणा के मुख्य सचिव से मिले 13 देशों के 27 प्रतिनिधि

# कानून में समाज की आकांक्षा, भावना और जरूरतें प्रतिबिंबित होनी चाहिए: अनुराग रस्तोगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग से संबंधित 36वें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे 13 देशों के 28 प्रतिनिधियों ने गुरुवार को चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी से मुलाकात की। कोटे डी आइवर, इक्वाडोर, होंडुरास, ग्वाटेमाला, श्रीलंका, मंगोलिया, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, मालदीव, तंजानिया, जाम्बिया और जिम्बाब्वे जैसे देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागी लोकसभा के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने समावेशी कानून बनाने की प्रक्रियाओं के महत्व पर बल देते हुए कहा कि किसी भी कानून की रूपरेखा सभी हितधारकों की आवाज सुनकर ही प्रभावी ढंग से तैयार की जा सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कानून की प्रासंगिकता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के लिए उसमें समाज की आकांक्षाओं, भावनाओं और जरूरतें प्रतिबिंबित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करता है। इसमें सुनिर्धारित प्रक्रियाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि कानून मजबूत होने के साथ-साथ अनुकूलनीय भी हों। उन्होंने भारत में हरियाणा की विशिष्ट स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा देश में सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय और कर संग्रह वाला एक छोटा लेकिन प्रगतिशील राज्य है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने व्यक्तिगत रूप से सभी विदेशी प्रतिनिधियों को श्रीमद्भगवद्गीता की एक-एक प्रति भी भेंट की। उन्होंने कहा कि महाभारत एक ऐसी कथा है, जो किसी की भी कल्पना से परे है, जिसमें कर्म का महान सिद्धांत निहित है। जीवन में ऐसे हालात आते हैं, जब व्यक्ति को सांत्वना और सहारे की जरूरत होती है। इक्वाडोर के वित्तीय नीति और विनियमन निकाय के निदेशक श्री एलेजांद्रो निकोलस वीसन नेमलसेफ ने सभी प्रतिनिधियों की मेजबानी के लिए मुख्य सचिव का धन्यवाद किया। शेष पेज-2 पर






# खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू ने दिया बाजवा का साथ: अमन अरोड़ा

## आतंकी पन्नू ने कांग्रेस नेता के बयान का किया समर्थन, आम आदमी पार्टी ने पूछा 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'

अमन अरोड़ा ने पंजाब विरोधी ताकतों को बढ़ावा देने के लिए प्रताप बाजवा को घेरा, कांग्रेस- भाजपा से स्पष्टीकरण मांगा



अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने कांग्रेस नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसे बेतुके बयान दिए हैं, जिससे पंजाब की शांति को खतरा पैदा हुआ है। बाजवा का बयान राज्य के विरोधियों के एजेंडे से मेल खाता है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और भाजपा से इन भड़काऊ टिप्पणियों, विशेषकर गुरपतवंत पन्नू जैसे व्यक्तियों द्वारा समर्थन करने पर अपना पक्ष स्पष्ट करने को कहा।

वीरवार को अमन अरोड़ा ने पार्टी कार्यालय चंडीगढ़ में आप प्रवक्ता नील गर्ग के साथ इस मुद्दे पर एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। अरोड़ा ने बाजवा पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ नेता अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता को पुनर्जीवित करने के लिए बेताब हैं। इसलिए वे अब खतरनाक बयानबाजी कर रहे हैं। ये राजनेता लोगों के वास्तविक मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए निराधार बयानबाजी में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां न केवल राज्य की सुरक्षा को कमजोर करती हैं, बल्कि लोगों में भय और दहशत भी पैदा करती हैं।

अरोड़ा ने पंजाब में ग्रेनेडों के कथित तौर पर प्रवेश करने संबंधी प्रताप बाजवा के बयान की आलोचना की और कहा, बाजवा ने इन दावों को खुफिया रिपोर्टों से जोड़ते हुए कहा था कि उनके स्रोत विश्वसनीय हैं, हालांकि बाद में उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी जानकारी एक अखबार की रिपोर्ट से प्राप्त हुई थी। अगर बाजवा ने यह स्वीकार कर लिया होता कि उनका स्रोत %दैनिक भास्कर% की एक खबर है तो स्थिति वहीं खत्म हो गई होती। इसके बजाय उन्होंने सनसनीखेज दावे करने और डर फैलाने का विकल्प चुना।

अरोड़ा ने निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि एक अनुभवी राजनेता होने के बावजूद बाजवा जिम्मेदारी से काम करने के बजाय राज्य की संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बाजवा को पंजाब पुलिस के साथ सहयोग करने और आगे भड़काऊ बयान देने की नसीहत दी और इसके लिए उन्होंने उच्च न्यायालय के निर्देश का भी हवाला दिया।

अमन अरोड़ा ने गुरपतवंत पन्नू जैसे चरमपंथी तत्वों द्वारा बाजवा की टिप्पणियों का इस्तेमाल करने पर सवाल उठाया और कहा, जब बाजवा जैसे नेता इस तरह के बयान देते हैं, तो इससे पन्नू जैसी राष्ट्र-विरोधी ताकतों को बढ़ावा मिलता है और फिर वे इस अवसर का उपयोग अपने विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए करते हैं।

अरोड़ा ने कांग्रेस और भाजपा दोनों से मांग की कि वे इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस को जवाब देना चाहिए कि क्या वे बाजवा की खतरनाक टिप्पणियों और गुरपतवंत पन्नू द्वारा दिखाए गए समर्थन के साथ खड़े हैं। वहीं भाजपा को भी उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जो देश की शांति और स्थिरता के खिलाफ सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर भी चिंता जताई

उन्होंने गुरपतवंत पन्नू की गतिविधियों के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो डोनाल्ड ट्रम्प के मित्र होने का दावा करते हैं, की चुप्पी पर भी चिंता जताई। उन्होंने सवाल किया कि गुरपतवंत पन्नू अमेरिका में रहता है और पंजाब में खिलाफ हिंसा भड़काना चाहता है, फिर भी भारत सरकार ने अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष यह मुद्दा क्यों नहीं उठाया? पन्नू को न्याय के कटघरे में लाने के लिए कोई कूटनीतिक दबाव क्यों नहीं बनाया गया? उन्होंने सभी पार्टियों से अपील की कि वे बिना सोचे-समझे ऐसे बयान न दें, जिनसे पंजाब की सद्भावना को नुकसान पहुंचे। हमें इस विनाशकारी बयानबाजी को रोकने की जरूरत है जो केवल हमारे दुश्मनों के हितों की पूर्ति करती है। पंजाब की शांति, एकता और प्रगति किसी भी व्यक्तिगत या राजनीतिक एजेंडे उपर होना चाहिए।' उन्होंने पंजाब के लोगों पर अपना भरोसा दोहराते हुए कहा कि पंजाब के लोग भय फैलाने वाली या विभाजनकारी राजनीति से प्रभावित नहीं होंगे। राज्य के सभी लोग शांति और समृद्धि के मामले में एकजुट हैं।

# क्या बाजवा को पन्नू जैसे गद्दार का साथ मंजूर है? जो बाबा साहब के खिलाफ उगलता है ज़हर: हरपाल चीमा

## हरपाल चीमा का संकल्प-'हम अपने जीवन के अंतिम क्षण तक बाबा साहब के विचारों की रक्षा करेंगे'

पन्नू को विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा की चुनौती- अगर हिम्मत है तो पंजाब की धरती पर आकर दिखाओ, दूर बैठकर जहर उगलना बंद करो



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** खालिस्तानी समर्थक गुरपतवंत पन्नू द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने और आप नेताओं को जान से मारने की धमकी पर आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पन्नू पर पलटवार किया और उसे पंजाब व देश का गद्दार बताया। उन्होंने कहा कि वह पंजाब का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हम उसे सफल नहीं होने देंगे। वहीं चीमा ने यह भी पूछा कि क्या बाजवा को पन्नू जैसे गद्दार का साथ मंजूर है? जो बाबा साहेब के खिलाफ ज़हर उगलता है। आम आदमी पार्टी पंजाब के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पन्नू जैसे गद्दार लोगों के कहने से बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को कोई नुकसान नहीं हो सकता। पंजाब और देश के करोड़ों लोग बाबा साहब को अपना आदर्श मानते हैं। दलित समाज के लोग तो उनको भगवान की तरह मानते हैं। चीमा ने कहा कि पूरे पंजाब के लोग हमेशा से डॉ अंबेडकर के साथ खड़े रहे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता बाबा साहब के बताए रास्ते चलता है। चीमा ने कहा कि आप कार्यकर्ता और पंजाब के तीन करोड़ लोग पन्नू को मुंहतोड़ जवाब देंगे। हम अपने जीवन की आखिरी सांस तक बाबा साहब अंबेडकर के विचारों की रक्षा करेंगे। पन्नू को विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा की चुनौती- अगर हिम्मत है तो पंजाब की धरती पर आकर दिखाओ, दूर बैठकर जहर उगलना बंद करो। आम आदमी पार्टी के विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा ने गुरपतवंत पन्नू पर तीखा हमला बोला और उसे चुनौती देते कहा कि अगर हिम्मत है तो पंजाब की धरती पर आकर दिखाओ फिर हम तुम्हें बताएंगे बाबा साहेब का अपमान करने वालों का क्या हश्र होता है।

### पन्नू की जुबान, बाजवा का बयान-कांग्रेस बताए, किसकी सोच से चल रही है पार्टी: टीनू

**जालंधर।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता पवन कुमार टीनू ने कांग्रेस नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा को लेकर कांग्रेस पार्टी पर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। पवन टीनू ने खालिस्तानी समर्थक गुरपतवंत पन्नू द्वारा प्रताप बाजवा के पंजाब में 50 ग्रेनेड आने के दावे का समर्थन करने पर कहा कि जिस गुरपतवंत पन्नू ने देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों को तोड़ने की धमकी दी और उनके खिलाफ अपमानजनक शब्द बोला, उसने अब बाजवा के इस बयान का समर्थन किया है। यह बेहद गंभीर संदेह पैदा करता है। इसलिए कांग्रेस पार्टी को इस मसले पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। टीनू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से अंबेडकर विरोधी रही है। जब अंबेडकर जिंदा थे, उस समय भी कांग्रेस के नेताओं ने उनका बहुत विरोध किया था और अब भी वे यही कर रहे हैं।



'पंजाब शिक्षा क्रांति': चौथे दिन बरिंदर कुमार गोयल ने लैहरा क्षेत्र के आठ स्कूलों में 1.61 करोड़ के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

# पिछली सरकारों ने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अहम क्षेत्रों को बिलकुल अनदेखा किया: गोयल

कहा, सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को समय का साथी बनाने के लिए हर ज़रूरी कोशिश करेंगे

'मान सरकार के क्रांतिकारी सुधार लाने के प्रयास विरोधियों को हज़म नहीं हो रहे'



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**खनौरी/लैहरा, 17 अप्रैल।** लैहरागागा क्षेत्र के स्कूलों में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने की श्रृंखला के तहत आज चौथे दिन पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने 'पंजाब शिक्षा क्रांति' मुहिम के अंतर्गत आठ सरकारी स्कूलों में लगभग 1.61 करोड़ रुपये के विकास कार्य विद्यार्थियों को समर्पित किए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पंजाब के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को समय का साथी बनाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी और पूरे जोश के साथ हर ज़रूरी कोशिश जारी रहेगी।

इस श्रृंखला के तहत कैबिनेट मंत्री ने सरकारी प्राइमरी स्कूल हरिगढ़ गहिलां में 10.25 लाख, सरकारी हाई स्कूल महां सिंह वाला में 35.17 लाख, सरकारी प्राइमरी स्कूल महां सिंह वाला में 12.07 लाख, सरकारी हाई स्कूल भूलन में 38.86 लाख, सरकारी हाई स्कूल गुलाड़ी में 21.89 लाख, सरकारी प्राइमरी स्कूल गुलाड़ी में 2.31 लाख, सरकारी प्राइमरी स्कूल ठसका में 10.19 लाख और सरकारी हाई स्कूल चठ्ठा गोबिंदपुरा में 30.02 लाख रुपये के बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने संबंधी कामों को लोकार्पित किया।

इस मौके पर श्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि पिछली सरकारों ने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अहम क्षेत्रों को पूरी तरह अनदेखा किया है। उन्होंने कहा कि आज जब आम आदमी पार्टी की अगुवाई वाली पंजाब सरकार इन दोनों क्षेत्रों में क्रांतिकारी सुधार लाने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है, तो विरोधियों को यह हज़म नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि विरोधी आरोप लगाते हैं कि उनकी सरकार शौचालयों का उद्घाटन कर रही है लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि हमारी बेटियों के लिए ये शौचालय बहुत ज़रूरी हैं। उन्होंने कहा कि इन शौचालयों की अनुपस्थिति के कारण हमारी बेटियों को पहले खुले में या खेतों में जाना पड़ता था, जो बहुत शर्मनाक बात है।

गुरमीत सिंह खुड्डियां ने किया पंजाब में छह वेटरनरी पॉलिक्लिनिकों में आईपीडी सेवाओं का आगाज़

# पॉलिक्लिनिक पशुपालकों को उनके पशुओं के लिए आवश्यक देखभाल व उपचार प्रदान करेंगे: खुड्डियां

पशुपालन मंत्री ने गांव बादल में सरकारी वेटरनरी पॉलिक्लिनिक में इन-पेशेंट डिपार्टमेंट (आई.पी.डी.) वार्ड का किया उद्घाटन

इन पॉलिक्लिनिकों में सर्जरी, पोस्ट-ऑपरेटिव केयर, लैब टेस्ट, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सेवाएं की जाएंगी प्रदान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लंबी, 17 अप्रैल।** पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास और मछली पालन मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां द्वारा आज श्री मुक्तसर साहिब जिले के गांव बादल में सरकारी वेटरनरी पॉलिक्लिनिक में अत्याधुनिक इन-पेशेंट डिपार्टमेंट (आईपीडी) वार्ड का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही राज्य भर के छह वेटरनरी पॉलिक्लिनिकों में पशुओं के लिए इन-पेशेंट डिपार्टमेंट (आईपीडी) सेवाएं शुरू हो गई हैं। इस उद्घाटन समारोह के दौरान इक्ट्ठ को संबोधित करते हुए स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि पटियाला, अमृतसर, संगरूर, गुरदासपुर और लुधियाना के वेटरनरी पॉलिक्लिनिकों में भी इनडोर सेवाएं शुरू करने के लिए सभी आवश्यक उपकरण प्रदान किए जा चुके हैं। इन पॉलिक्लिनिकों में पालतू जानवरों और पशुओं के लिए कई प्रकार की सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिनमें गंभीर बीमारी प्रबंधन, सर्जरी, पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल, रूटीन चेक-अप, डायग्नोसिस (लैब टेस्ट, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड) और अन्य सेवाएं शामिल हैं।

आज छह पॉलिक्लिनिकों में शुरू की गई आईपीडी सेवाओं के महत्व को उजागर करते हुए स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि ये पॉलिक्लिनिक पशुपालकों को उनके पशुओं के लिए आवश्यक देखभाल और उपचार प्रदान करेंगे। पहले वेटरनरी पॉलिक्लिनिकों में इनडोर सुविधाओं की कमी के कारण पशुपालकों को जानवरों की सर्जरी के बाद कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। कई बार टांके खराब हो जाते थे, टांके खुल जाते थे, संक्रमण का सामना करना पड़ता था और कई बार तो जानवरों की मौत भी हो जाती थी, जो कि गंभीर चिंता का विषय था। किसानों के पास अक्सर अपने पशुओं का उपचार करवाने के लिए उचित साधनों की भी कमी थी।

इन मुद्दों को हल करने के लिए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार ने राज्य के छह जिलों के वेटरनरी पॉलिक्लिनिकों में आईपीडी वार्ड स्थापित किए हैं, जहां जानवरों को पूरी तरह ठीक होने तक दाखिल रखा जा सकेगा। उन्होंने आगे कहा कि इन पॉलिक्लिनिकों में विशेष देखभाल भी मुहैया कराई जाएगी, जिसमें ऑब्ज़र्वेशन वार्ड और पुनर्वास कार्यक्रम शामिल हैं।

स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने पशु मालिकों से भी आग्रह किया कि वे अपने पशुओं को मुँह-खुर बीमारी (एफएमडी) से बचाने के लिए टीकाकरण करवाएं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 65 लाख से अधिक पशुओं को मुँह-खुर की बीमारी से बचाने के लिए राज्यव्यापी टीकाकरण मुहिम शुरू की है। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग ने मई 2025 के अंत तक इस कार्य को पूरा करने के लिए 1600 से अधिक टीमों का गठन किया है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने पशुओं को सेक्स सॉर्टेड सीमन के साथ इनसेमिनेट कराएं ताकि राज्य में उच्च नस्ल के पशुओं का उत्पादन करके आवारा पशुओं की समस्या का हल किया जा सके।

पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. जी.एस. बेदी ने विभाग के प्रमुख सचिव श्री राहुल भंडारी की अगुवाई में विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें 97 तहसीलों और 22 पॉलिक्लिनिकों में साँप के जहर के खिलाफ उपचार की सुविधा, राज्य में मुफ्त डिवॉरमिंग मुहिम, घोड़ों के लिए मुफ्त एंटी टेटनस टीकाकरण और पंजाब में पालतू जानवरों की दुकानों और ब्रीडरों की रजिस्ट्रेशन शामिल है। उन्होंने नागरिकों से पशुओं की भलाई के लिए विभाग द्वारा शुरू की गई योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

### स्वर्गीय साहेब श्री काशी राम के पारिवारिक सदस्यों ने किया जसवीर सिंह गढ़ी का सम्मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** बहुजन आंदोलन के नायक स्वर्गीय साहेब श्री काशी राम के पारिवारिक सदस्यों द्वारा आज यहाँ पंजाब सिविल सचिवालय में पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी का सम्मान किया गया।

पारिवारिक सदस्यों में साहेब श्री काशी राम के भाई हरबंस सिंह, भतीजी बीबी भूपिंदर कौर, भतीजा बलविंदर सिंह, किरनजीत कौर के अलावा समाजसेवी मास्टर रामपाल वियाणा, जगतार सिंह टिब्बा टप्परियां, रक्षकपाल रोपड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब स. भगवंत सिंह मान द्वारा एक सच्चे बहुजन नेता को पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग का चेयरमैन नियुक्त करके पंजाब राज्य के दलितों को बहुत बड़ा सम्मान दिया गया है।

उन्होंने कहा कि स. जसवीर सिंह गढ़ी लंबे समय से दलित लोगों को उनके अधिकारों और देश के प्रति कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते रहे हैं और अब इस पद पर रहते हुये वाले दलित लोगों को न्याय में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# स्कूली बच्चों को समय के अनुरूप सक्षम बनाने के लिए शिक्षा विभाग के बुनियादी ढांचे का विकास एक सराहनीय कदम: डॉ. बलजीत कौर

मंत्री ने मलोट के विभिन्न सरकारी स्कूलों में विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**श्री मुक्तसर साहिब/मलोट, 17 अप्रैल।** मुख्यमंत्री पंजाब स भगवंत सिंह मान और शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस के दिशा-निर्देशों के तहत राज्य में चलाई जा रही 'शिक्षा क्रांति' के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा, महिला और बाल विकास मंत्री पंजाब डॉ. बलजीत कौर द्वारा मलोट हलके के विभिन्न स्कूलों में आज विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। स्कूलों के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब सरकार द्वारा 'पंजाब शिक्षा क्रांति' के तहत ये सभी कार्य करवाए जा रहे हैं। अपने दौरे के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से बातचीत की और उन्हें प्रेरित किया कि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करके एक नया मुकाम हासिल करें। उन्होंने कहा कि लड़कियां किसी से कम नहीं हैं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सहायता से वे डॉक्टर, शिक्षक, इंजीनियर, पायलट आदि बन सकती हैं। इस अवसर पर जशन बराड़, चेयरमैन मार्केट कमेटी मलोट, अश्विनी बांसल डी.एस.एम., रमेश अर्नीवाला (कोऑर्डिनेटर, शिक्षा क्रांति मुक्तसर साहिब), हरविंदर सिंह खलारा (स्मार्ट स्कूल कोऑर्डिनेटर), जसविंदर पाल शर्मा (जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर), गगनदीप सिंह (ब्लॉक प्रधान), स्कूली बच्चे और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 'युद्ध नशों विरूद्ध' के 48वें दिन 471 स्थानों पर छापेमारी, 97 नशा तस्कर काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** प्रदेश में नशों के पूर्ण खात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा शुरू किए गए 'युद्ध नशों विरूद्ध' को लगातार 48वें दिन भी जारी रखते हुए पंजाब पुलिस ने आज 471 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके दौरान 97 नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ 60 एफआईआर दर्ज की गईं। इस प्रकार केवल 48 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 6402 हो गई है। पुलिस टीमों ने गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 40.9 लाख रुपये ड्रग मनी, 261 ग्राम हेरोइन, 699 ग्राम अफीम और 1997 नशीली गोलियां/कैप्सूल भी बरामद किए हैं। यह ऑपरेशन डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में एकसाथ चलाया गया। जिक्रयोग है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और सीनियर सुपरडंट ऑफ पुलिस को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के आदेश दिए गए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के खिलाफ जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी बनाई गई है। इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए विशेष डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 84 गजटिड अधिकारियों की निगरानी में 1200 से अधिक पुलिस मुलाजिमों वाली 150 से अधिक पुलिस टीमों द्वारा राज्य भर में छापेमारी की गई और दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 502 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की है। स्पेशल डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य से नशों के खात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति - इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस द्वारा इस रणनीति के 'डी-एडिक्शन' हिस्से के रूप में 6 व्यक्तियों को नशा मुक्ति और पुनर्वास इलाज करवाने के लिए प्रेरित किया गया है।

फर्जी डोप टेस्ट रिपोर्टें जारी करने के घोटाले का पर्दाफाश

# सरकारी अस्पताल के दो कर्मचारी 10 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने जिला कपूरथला के सरकारी अस्पताल भुलत्थ में चल रहे एक घोटाले का पर्दाफाश किया है, जहाँ कुछ कर्मचारी फर्जी नेगेटिव डोप टेस्ट रिपोर्टें जारी करने के बदले रिश्वत वसूल रहे थे। मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए विजीलेंस ब्यूरो ने वार्ड अटेंडेंट मनप्रीत सिंह उर्फ सोनू तथा ठेका-आधारित कंप्यूटर ऑपरेटर भोलू उर्फ इस्माईल को 10,000 रुपए रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उक्त अस्पताल में तैनात डॉ. मोहितपाल और एक अस्थायी लैब तकनीशियन मान सिंह की भूमिका की भी जांच की जा रही है। आज यहां जानकारी देते हुए राज्य विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता से नेगेटिव डोप टेस्ट रिपोर्ट जारी करने के बदले 10,000 रुपए की रिश्वत ली थी। आगे की जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी नियमित रूप से डोप टेस्ट के नतीजों में हेराफेरी कर रिश्वत लेते थे और इन फर्जी रिपोर्टों का इस्तेमाल हथियार लाइसेंस प्राप्त करने या पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण कराने के लिए किया जाता था। शिकायतकर्ता ने रिश्वत की मांग संबंधी ऑडियो/वीडियो सबूतों के साथ-साथ असली और फर्जी रिपोर्टें भी प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत की हैं। प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में दिनांक 17.04.2025 को भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 7 और 7-ए, तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2) के अंतर्गत विजीलेंस ब्यूरो थाना, जालंधर रेंज में एफआईआर नंबर 19 के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि विजीलेंस ब्यूरो, जालंधर रेंज इस मामले से जुड़े अन्य कर्मचारियों की भूमिका की भी गहन जांच कर रहा है और भ्रष्ट आचरण का पूरी गंभीरता से पर्दाफाश किया जाएगा।

# चंडीगढ़ के युवक से चाकू की नोक पर कैश व फोन लूटने वाले लुटेरे की हुई पहचान

एक आरोपी गिरफ्तार, बिना नंबर की एक्टिवा, चाकू व 6 हजार कैश बरामद

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 17 अप्रैल।** चंडीगढ़ के रहने वाले दीपक वर्मा की शिकायत पर जीरकपुर थाने में स्नैचिंग का मामला दर्ज हुआ था। तीन लुटेरे दीपक से 12 हजार कैश व मोबाइल छीनकर फरार हो गए थे, उन लुटेरों की पहचान हो गई है। पुलिस ने उनमें से एक लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान विक्रम निवासी फिरोजपुर, रामा निवासी मोगा व मनी के रूप में हुई है। विक्रम को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है आरोपी से एक बिना नंबर प्लेट की एक्टिवा 6 हजार कैश व एक चाकू बरामद हुआ है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था की तीन अज्ञात युवकों ने गन प्वाइंट व चाकू की नोक पर उससे 12 हजार रूपये व उसका मोबाइल छीना लेकिन पुलिस ने इस मामले में लूट की धाराओं के तहत मामला दर्ज नहीं किया बल्कि बीएनएस की धारा 304 (स्नैचिंग), 3(5) (अपराध में एक से अधिक लोगों का शामिल होना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दीपक वर्मा शैडो फैक्ट कंपनी में बतौर ड्राइवर नौकरी करता है। वह कंपनी की महिंदरा बलेरो पिकअप गाड़ी चलाता है जो जीरकपुर के गोडाउन एरिया से लोड होती है। दीपक का कहना है कि वह रोजाना सुबह साढ़े 4 बजे गोडाउन से गाड़ी उठाकर पंचकुला, डेराबस्सी और राजपुरा जाता है। रोजाना की तरह वह 14 अप्रैल को अपने मोटरसाइकिल पर गोडाउन पर गाड़ी उठाने आ रहा था। जेपी अस्पताल के पास से वह गोडाउन एरिया की तरफ मुडा तो पीछे से बाइक पर तीन युवक आए जिन्होंने पास आकर उसके बाइक की चाबी निकालने का प्रयास किया जब उनसे चाबी नहीं निकली तो उन्होंने उसका हाथ पकड़ कर झटका मारा जिससे दीपक मोटरसाइकिल सहित नीचे गिर गया। तीनों युवक बाइक से नीचे उतरे और एक युवक ने उस पर पिस्टल तान दी तो दूसरे ने हाथ में चाकू पकड़ रखा था। उन्होंने दीपक से पैसे मांगे। दीपक ने जेब से 400 रुपये निकाले और उन्हें दे दिए। बाद में एक युवक ने उसका मोबाइल छीनकर गूगल-पे का पासवर्ड पूछा और उसके खाते से 8 हजार रुपये अपने पास ट्रांसफर कर लिए। फिर एक युवक ने उसका पर्स निकाला और उसमें पड़े 4 हजार रुपये निकाल लिए। बाद में तीनों आरोपी उसका मोबाइल और पैसे लेकर जेपी अस्पताल की तरफ फरार हो गए। वह गोडाउन में पहुंचा और पुलिस को मामले की सूचना दी। उसके बयान दर्ज करने उपरांत पुलिस ने स्नैचिंग का मामला दर्ज कर लिया था।

## पेज एक का शेष

### राष्ट्रपति के निर्णय...

सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब कोई समय-सीमा तय हो, तो वाजिब टाइम लाइन के भीतर फैसला करना चाहिए। राष्ट्रपति को बिल मिलने के 3 महीने के भीतर फैसला लेना अनिवार्य होगा। यदि देरी होती है, तो देरी के कारण बताने होंगे। अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति किसी बिल को राज्य विधानसभा को संशोधन या पुनर्विचार के लिए वापस भेजते हैं। विधानसभा उसे फिर से पास करती है, तो राष्ट्रपति को उस बिल पर फाइनल डिसीजन लेना होगा और बार-बार बिल को लौटाने की प्रक्रि या रोकनी होगी।

### हरियाणा के मुख्य...

उन्होंने कहा कि यहां मिले प्रशिक्षण ने उन्हें न केवल अधिक कुशल पेशेवर बनाया है, बल्कि बेहतर इंसान भी बनाया है। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय में विधायी विभाग के पूर्व सचिव और पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. के.एन. चतुर्वेदी ने इस अवसर पर विदेशी प्रतिनिधियों के लिए एक महीने के पाठ्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया।

# ईडी के खिलाफ सड़कों पर उतरी हरियाणा कांग्रेस

## हुड्डा व उदयभान समेत कई नेता हिरासत में, कांग्रेसियों ने पुलिस थाने में दिया धरना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी व उनके परिजनों के विरूद्ध ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को चंडीगढ़ में प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया।

गुरुग्राम में नेशनल हेराल्ड और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के इंडस्ट्रियलिस्ट पति रॉबर्ट वाड्रा के जमीन घोटाले मामले को लेकर ईडी उनसे पूछताछ कर रही है। इसी के विरोध में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता सड़कों पर उतरे। कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को अनुचित तरीके से जब्त करने और पार्टी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने को केंद्र सरकार की राजनीतिक बदले की कार्रवाई करार दिया है।

गुरुवार को हरियाणा कांग्रेस के शीर्ष नेता चंडीगढ़ में प्रदर्शन के लिए जमा हुए थे। यहां उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर ईडी की कार्रवाई को लेकर रोष जताया। वहीं, केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसी दौरान कांग्रेस नेताओं ने हरियाणा कांग्रेस कार्यालय से ईडी कार्यालय की तरफ कूच कर दिया। इसमें हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत कांग्रेस के तमाम सांसद, विधायक और नेता पैदल मार्च कर आगे बढ़ रहे थे।

चंडीगढ़ पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए रास्ते में बेरिकेडिंग की। नेता इससे रुके नहीं और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश करते रहे। इस दौरान पुलिसकर्मियों से उनकी धक्कामुक्की भी हुई। जब मामला बढ़ता दिखा तो पुलिस ने सभी नेताओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने सभी नेताओं को जबरदस्ती वैन में बैठाया और थाने ले गई। रास्ते भर नेता भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। थाने पहुंचने के बाद भी उन्होंने भाजपा और ईडी के खिलाफ नारे लगाए। हंगामे के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने हुड्डा समेत सभी नेताओं को हिरासत में लिया और सेक्टर-तीन के पुलिस थाने में ले गई। कांग्रेसियों ने करीब आधे घंटे तक पुलिस थाने के भीतर ही प्रदर्शन किया। थाने में कुछ देर बैठाने के बाद इन्हें छोड़ दिया गया।

चंडीगढ़ पुलिस ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, अंबाला के सांसद वरूण मुलाना, सांसद जय प्रकाश, कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, विधायक अशोक अरोड़ा, रघुबीर कादयान, आफताब अहमद, गीता भुक्कल,आदित्य सुरजेवाला, शकुंतला खटक, इंदुराज नरवाल, शीशपाल केहरवाला, पूजा मुलाना, बलराम दांगी, मंजू चौधरी, विकास सहारण, राकेश कंबोज, रघुवीर तेवतिया, अर्जुन सिंह, सुधा भारद्वाज, मनोज बागड़ी, देवेंद्र हंस, चंद्र प्रकाश जांगड़ा, नरेश सेलवाल, राव दान सिंह, रमन त्यागी, मनदीप चठा, रेनू बाला, शैली चौधरी, बलवान दौलतपुरिया, कुलदीप वत्स, दिव्यांशु बुद्धिराजा, बलबीर वाल्मीकि, अमित सिहाग, सुल्तान जड़ौला, जस्सी पेटवाड़, सुभाष गांगोली, रामकरण काला, रोहित नागर, पूनम चौहान चाँदवीर हुड्डा आदि हजारों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में भाग लिया और गिरफ्तारी दी।







### न्याय व्यवस्था लोकतंत्र का आधारः भूपेंद्र सिंह हुड्डा

इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि स्वतंत्र एजेंसियां और न्याय व्यवस्था लोकतंत्र का आधार हैं। अगर इनका इस्तेमाल राजनीतिक दुर्भावना से किया जाएगा तो यह लोकतंत्र के लिए बेहद घातक साबित होगा। कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ की जा रही कार्रवाई बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार के इशारे पर ईडी ने नेशनल हेराल्ड केस को मनी लॉन्ड्रिंग केस में बदल दिया और ईडी 10 साल बाद चार्जशीट पेश की गई है। जबकि यह नो प्रॉफिट, नो लॉस ट्रस्ट है। यह हमारे शीर्ष नेताओं के खिलाफ एक राजनीतिक प्रतिशोध है। जिसके विरोध में कांग्रेस पार्टी देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। हुड्डा ने कहा कि हम यह लड़ाई सड़कों पर, कोर्ट में और संसद में लड़ेंगे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने भ्रष्टाचार के विरोध में फूंका कांग्रेस का पुतला

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिला अध्यक्ष बलविंदर आर्य के नेतृत्व में संविधान चौक लाल बत्ती स्थित कांग्रेस दफ्तर के सामने राहुल गांधी रॉबर्ट वाड्रा सोनिया गांधी समेत पूरी कांग्रेस नेतृत्व का पुतला फूंका

इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए

बलविंदर आर्य ने कहा कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार का पर्यायवाची है 10 साल से ज्यादा सत्ता से बाहर होने के बावजूद भी आज के कांग्रेस पार्टी के घोटाले निकाल निकाल कर सामने आ रहे हैं कांग्रेस पार्टी ने इस देश को बहुत पीछे धकेला है ।देश की जनता कभी कांग्रेस पार्टी को माफ नहीं करेगी । किसानों की जमीन कोड़ीयों के दाम लेकर औद्योगिक कंपनी को महंगे दामों में बेचने वाले विदेशी महिला पुत्र और दामाद रोबोट वाड्रा को सजा जल्दी मिलनी चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक सोमबीर जागलान और नवीन शर्मा ने कांग्रेस कार्यालय के सामने भारत माता की जय कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे लगाये। युवा मोर्चा के प्रमुख कार्यकर्ता नीरज कश्यप अमित पंडित ,सागर सैनी, मनोज झा, भरत प्रजापति, विशाल कश्यप एवं दीपक भारद्वाज आदि मुख्य रूप से विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### राजू डोहर बने कैथल टैंट यूनियन के प्रधान



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** कैथल टैंट यूनियन की मीटिंग पवन वाटिका पैलेस में हुई। मीटिंग में राजू डोहर राजू टैंट हाउस को प्रधान चुना गया। इसी प्रकार उप प्रधान ईश्वर सैणी, सैणी टैंट हाउस, सचिव नरेश गांधी, गाधी टैंट हाउस और कैशियर सुनिल कुमार, राम श्याम टेंट हाउस वाले को चुना गया। इन सभी ने कहा कि जो भी जिम्मेदारी टेंट हाउस वालों ने हमें दी है उस जिम्मेदारी पर हम सब खरा उतरेंगे। सभी टैंट हाउस वालों को साथ लेकर चलेंगे। हर सुख दुख में सभी का साथ देंगे। बहुत जल्दी एक मीटिंग करेंगे जिसमें कैथल जिले के सभी वेटरों के हेड को और टैंट लेबर के साथियों को भी बुलाएंगे। मौके पर पार्वती टेंट हाउस, करण टेंट हाउस, ढुकराल टेंट हाउस, गणेश टैंट हाउस, शिव टेंट हाउस, भारत टेंट हाउस, गुरु नानक टैंट हाउस, अरोड़ा टेंट हाउस, फौजी टैंट हाउस, भविष टैंट हाउस, लाली टैंट हाउस आदि मौजूद रहे। बता दें कि पहले यूनियन का प्रधान नरेश जनता टेंट हाउस वाले थे लेकिन वे टेंट हाउस छोड़ गए और बाहर चले गए। काफी दिन से यूनियन का कोई प्रधान नहीं था।

### बेटी के जन्मदिन पर दो माताओं का करवाया कुआं पूजन



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** सुभाष नगर खुराना रोड स्थित ब्लॉक कैथल शहरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपरवाइजर मंजू बंसल ने की। कार्यक्रम के अंतर्गत बेटी के जन्मदिन पर दो माताओं का कुआं पूजन करवाया गया। मंजू बंसल ने बताया कि बेटा बेटी अब एक समान हैं, हमें बेटियों के जन्म पर भी बेटे की तरह उत्सव मनाना चाहिए। बेटियां बेटों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। हमें बेटी पैदा होने पर गर्व महसूस करना चाहिए। अंत में सभी उपस्थित महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम व बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी वर्कर किरण, रीना, नीलम, सलोनी, सुमन, गीता भी उपस्थित थे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर होगा भव्य आयोजनः पाला राम



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** कैथल में अगले महीने महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर एक भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता पालाराम सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उन्हें भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी को निमंत्रण दिया है। वृहस्पतिवार को जोशी के दिल्ली आवास पर पालाराम सैनी उनसे मिलने पहुंचे। यहां पालाराम सैनी ने फूलों का गुलदस्ता देकर संजय जोशी का स्वागत किया। साथ ही उन्हें कैथल में आने का निमंत्रण दिया। पालाराम सैनी ने कहा कि मून लाइट पब्लिक स्कूल सोसायटी द्वारा लगातार शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। संजय जोशी के निवास पर पालाराम सैनी की राजनीतिक विषय पर चर्चा हुई। संजय जोशी को पालाराम सैनी ने बताया कि हरियाणा के हिसार में एयरपोर्ट से हवाई उड़ान शुरू हो चुकी है जहां प्रधानमंत्री मोदी ने भी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की खूब सराहना की। सैनी ने कहा कि ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में इस आयोजन का उद्देश्य यही है कि लोगों को उनकी शिक्षाओं से अवगत करवाया जाए। इस अवसर पर रामकुमार आर्य, निशु और राकेश आदि मौजूद थे।

## हम सभी को नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए : डॉ. अशोक

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 17 अप्रैल।** हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ निकाली जा रही साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का गुरुवार को गांव घोघड़ीपुर पहुंची, जहां मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, गांव की सरपंच संगीता, सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा और क्षेत्रवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर साइक्लोथॉन यात्रा का स्वागत फूल मालाओं व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और नशे के विरुद्ध अभियान चलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का नेतृत्व कर रहे डॉ. अशोक वर्मा ने कहा कि यात्रा से आमजन को बहुत महत्वपूर्ण संदेश मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नशा प्रदेश के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। नशे की वजह से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। हम सभी को नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। यदि हमारे आस-पास कोई व्यक्ति नशे की लत से जूझ रहा है, तो हमें उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, बल्कि उसे सही मार्ग पर लाने में मदद करनी चाहिए। वहीं सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ सरकार की ये मुहिम सराहनीय है। हम सबको एकजुट होकर अभियान के साथ जुड़ना चाहिए। इस अवसर पर सुभाष कश्यप, महामंत्री सतबीर गोस्वामी, अजय राणा, अशोक कम्बोज, सुनील कबीरपंथी, सरपंच संगीता देवी, पूर्व सरपंच रविन्द्र शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा व राजेन्द्र सिरसी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नगरपालिका की पहली बैठक में शहर में होने वाले विकास कार्यों पर हुई चर्चा

### नगरपालिका के अध्यक्ष एवं नगर पार्षदों की पहली बैठक में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने की शिरकत

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी



**इन्द्री, 17 अप्रैल।** नगरपालिका के सभागार में नवनिर्वाचित नगर पालिका के चेयरमैन अध्यक्ष एवं नगर पार्षदों की पहली बैठक का आयोजन किया गया गया। इस बैठक में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने शिरकत की और उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी नवनिर्वाचित नगर पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

विधायक रामकुमार कश्यप ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। जनता मताधिकार का उपयोग करके अपने जनप्रतिनिधि चुनकर संसद, विधानसभा और नगर निकायों तक भेजती है। जन प्रतिनिधि चुने जाने के बाद हम सभी का दायित्व बढ़ जाता है। हमें स्वयं के लिए नहीं बल्कि उन लोगों की चिंता करनी पड़ती है, जिन्होंने हमें चुनकर भेजा है। ऐसे में नगर निकायों में चुनाव जीतकर पहुंचे सभी प्रतिनिधि अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें और समाज व जनता की भलाई के लिए अधिक से अधिक कार्य करें।

बैठक में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने कहा कि जनता ने पूरे विश्वास के साथ हमें अपना जनप्रतिनिधि चुना हैं और हम सभी का यह दायित्व बनता है कि जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए इन्द्री शहर के विकास में हम सभी आपसी तालमेल के साथ विकास कार्य करवाएं ताकि जनता को इन विकास कार्यों का लाभ मिल सकें, क्योंकि आपसी तालमेल से ही विकास कार्य पूरे होते है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका के सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाएं जाऐंगे।

नगरपालिका सचिव धर्मबीर ने बैठक में शहर से संबंधित विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों को रखा, जिस पर बैठक में विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया और सभी से सुझाव मांगे गए। बैठक में सभी नवनिर्वाचित नगर पार्षदों ने अपने अपने वार्ड-में होने वाले विकास कार्यों के बारे विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप को जानकारी दी, और इन विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग भी रखी। विधायक ने सभी नगर पार्षदों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा विकास कार्यो से संबंधित रखी गई मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के जिस वार्ड में विकास कार्य होने हैं, उस वार्ड के नगर पार्षद लिखकर कर नगर पालिका सचिव को दें ताकि उस विकास कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवा दिया जाए। उन्होंने कहा कि हमें अपने शहर में बहुत अच्छी व्यवस्थित तरीके से कार्य करना है ताकि हम विकास कार्यो के मामले में दूसरे शहरों के लिए मिसाल बन सकें।

## बीजेपी जनता को मार रही जबरदस्त महंगाई की मार : रामपाल माजरा

कार्यकर्ताओं की बैठक को किया संबोधित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 17 अप्रैल।** इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि बीजेपी की सरकार महंगाई जैसे मुद्दे को भुनाकर सत्ता में आई थी आज वहीं बीजेपी आम जनता को जबरदस्त महंगाई की मार मार रही है। माजरा आज आरकेएम पैलेस में इनेलो जिलाध्यक्ष अनिल तवर की अध्यक्षता में इनलो जिला कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे । माजरा ने संगठन को मज़बूत करने के लिए कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और कहा कि आज क्रूड ऑयल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दाम पिछले बीस साल में सबसे कम हैं तब भी बजाय आम जनता को पेट्रोल और डीजल के रेट कम करके राहत देने के 2 रूपए उत्पाद शुल्क लगा दिया है। बीजेपी ने पिछले दस सालों में एक भी लोक भलाई का काम नहीं किया है उल्टा आम जनता के उपर कई तरह के टैक्स की मार दी है, टोल के रेट बढ़ाए हैं, महंगाई बढ़ाई है, बेरोजगारी बढ़ाई है, कानून व्यवस्था का दिवालिया पीटा है, किसानों को मंडियों में लूटा है, गरीबों से उनके हक छिनें हैं, बड़े उद्योगपतियों के कर्जे माफ किए हैं, शिक्षा और शिक्षण संस्थानों का पूरी तरह भट्ठा बैठाया है और सरकारी विभागों को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर लूट मचाई है।माजरा ने कहा कि बीजेपी की जनविरोधी नीतियों ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। इस मौके पर राजा राम माजरा, जस्मेर तितरम पप्पू, मोनी बालू, अभय राम बुक्कल सहित इनेलो पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गरीब के घर में शिक्षा के दीप को जलाने में अहम भूमिका निभा रहा है आईआईईटी संस्थान

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 17 अप्रैल।** हरियाणा में पिछले सौलह साालों समाना समानी के पास जीटी रोड पर स्थित इंटरनैशनल इंस्टीट्यूटआफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी से दलित और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को तकनीकी और प्रबंधन के क्षेत्र उच्च शिक्षा लेने का सपना पूरा कर रहा हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से संबद्ध आई आई ई टी उच्च गुणवत युक्त रोजगार परक शिक्षा देने के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुका हैं। यहां पर हरियाणा ही नहीं विभिन्न प्रदेशों के बच्चे तकनीकी और प्रबंधन से संधित शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। जानकारी देते हुए इस कालेज के चेयरमैन रामशरण भोला ने बताया कि उनका शिक्षण संस्थान वाइस एकड़ में फैला हुआ हैं। जीटी रोड पर ग्रीनरी के बीच अपनी तरह का पहला कालेज हैं। जहां पर यहां पढने वाले बच्चों को रोजगार देने के लिए बाहर से प्रोफेशनल पंबंधन, आई टी, तकनीकी कंपनियां मंल्टीनैशनल कंपनियां आती हैं। उन्होंने बताया कि इंटरनैशनल इंस्टीट्यूटआफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी में बीटैक मैंकेनिकल ,सिविल, इलेक्ट्रोनिक्स संड कम्यूनिकेशन ,कंप्यूटर साइंस इलेक्ट्रिकल तथा ओटोमोबाइल इंजीनियरिंग , एम.टैक सीएसई एमई, सीई इंजीनियरिंग , बीबीए बीसीए आई टीआई के पाठ्यक्रम संचालित हैं। उन्होंने बताया कि उनके यहां इस क्षेत्र में अपनी तरह की पहली कम्यूनिकेशन लेब हैं। जहां पर गेट के साथ पर्सनैल्टी डिवेलेपमैंट के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के कोर्स के लिए तैयारियां करवाई जाती है उन्होंने बताया कि उनके यहां पर प्लेसमैंट सैल भी हैं। यहां पर जोब फेयर भी लगवाए जाते रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके यहां पर विशेष तौर पर सरकारी नौकरियों के साथ एचएसएससी, यूपीएससी तरह अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती हैं। कालेज में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कंम्प्यूटर, मैकेनिकल सिविल तथा अन्य संकायों की लेब के साथ एसी कैंपस हैं।

## हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने ऑनलाइन डायरी लिखने के विरोध में सौपा ज्ञापन

**अम्बाला (रवि पाहुजा)।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के जिला प्रधान मोहन सिंह राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान मदनलाल, हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ जिला प्रधान कमल किशोर संयुक्त रूप से जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को ऑनलाइन डायरी लिखने के विरोध में ज्ञापन सोपा जिसमें सैकड़ो की संख्या में शिक्षक साथी मौजूद रहे। राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ से महासचिव प्रकाश राज्य महासचिव राजेश शर्मा राज्य प्रवक्ता अमित छाबरा हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ से सुशील चंद्र देवेंद्र नूनवाल रविंद्र नवल अनिल कुमार हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन से वरिष्ठ उप प्रधान मीना शर्मा, ब्लॉक प्रधान नवीन शर्मा तरशेम अटवाल मुकेश मित्तल उमेश सैनी संजीव कुमार मनदीप सिंह मौजूद साथियों का उत्साह बढ़ाने के लिए मौजूद रहे सभी ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अंबाला में जोरदार प्रदर्शन किया।

## भाजपा व कांग्रेस ने सिर्फ प्रदेश को लूटने का किया काम, आमजन से नहीं कोई सरोकार : कर्ण सिंह चौटाला

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 17 अप्रैल।** इंडियन नेशनल लोकदल युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्ण चौटाला ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस को आमजन से कोई सरोकार नहीं है, सिर्फ दोनो राजनीतिक दलों ने प्रदेश को लूटने का काम किया है। साथ ही चुनाव में भी भाजपा की बी टीम बनकर कांग्रेस ने मदद की और सरकार बनवाई है। उन्होंने कहा कि भले ही इनेलो के दो विधायक बने है, लेकिन उन्होंने विधानसभा में प्रमुखता से जनता की आवाज उठाई है, लेकिन कांग्रेस ने कोई मुद्दा नहीं उठाया, सिर्फ चुटकले सुनाएं है। इनेलो युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्ण सिंह चौटाला व इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव प्रकाश भारती वीरवार को रोहतक स्थित रूपया चौक पर पार्टी कार्यालय में कार्यकर्त्ताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बैठक में इनेलो कार्यकर्त्ताओं के सुझाव पर कर्ण सिंह चौटाला ने रोहतक में ही आवास लेने का भी निर्णय लिया। कर्ण सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो का संगठन सबसे ज्यादा मजबूत है और इनेलो कार्यकर्त्ता चौधरी देवीलाल व चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की नीतियों में विश्वास रखते है, जबकि जननायक जनता पार्टी की नीतियां इनेलो से विपरित है और आज जजपा पार्टी धरातल पर गायब हो चुकी है और जिसका राजनीति में कोई अस्तित्व नहीं बचा है। साथ ही उन्होंने कहा कि वह जिस पार्टी का कोई अस्तित्व ही नहीं है, वह उसका नाम लेना तक पसंद नहीं करते है। कर्ण चौटाला ने कहा कि इनेलो की प्रदेश में विपक्ष की सही मायने में भूमिका निभा रही है और सड़क से लेकर विधानसभा में लोगों की आवाज उठा रही है, जबकि कांग्रेस अभी तक विपक्ष दल का नेता तक नहीं चुन पाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की बी टीम बनकर कांग्रेस दबाब में काम कर रही है, क्योकि कांग्रेस शासलकाल में कई घोटाले हुए थे। वक्फ बोर्ड कानून को लेकर भी इनेलो युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्ण चौटाला ने प्रतिक्रिया दी और कहा कि यह कानून किसान-मजदूरों के हित में नहीं है और सभी को एकजुट होकर इसके खिलाफ आवाज उठानी होगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार तीन कृषि काले कानूनों के खिलाफ एकजुट होकर लोगों ने आवाज उठाई थी और सरकार को कानून वापिस लेने पड़ा था, ऐसे ही अब वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ एकजुट होना होगा और जल्द ही इनेलो के सीनयर लीर्डस से विचार विमर्श कर आगामी रूपरेखा तय की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलवंत मायना, अरविंद गोस्वामी, डॉ. नफे सिंह लाहली, कृष्ण कौशिक एडवोकेट, विनोद अहलावत, सतीश नांदल रिठाल, स्वतंत्र आंनद देशवाल, सूरजदेहराज, राजबीर वाल्मीकि, रामभगत लाकडा, डॉ. रणबीर हुड्डा, वीरेन्द्र सिंह नांदल, जयसिहं शिमली, मास्टर मुख्तयार सिंह, वेद भराण, शीला खरैटी, कमला मलिक, संजीव कोच, राजेश कटवाडा, यादराम सरपंच, करतार काहनी, महावीर नंबरदार, जयभगवान लाढौत, करतार मकडौली, भोला सुढाणा, मास्टर रणधीर सिंह, बबलू नरवारल, डीके हुड्डा, अमरजीत दांगी, जितेन्द्र, नरेन्द्र गुगाहेडी, धुरेन्द्र, सतबीर सहरावत, सरला, दलबीर राणा, रामचन्द्र भालौठ प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कांग्रेस को लगा झटका, गढ़ी सांपला किलोई हलके से सैकडो युवाओं ने थामा इनेलो का दामन कांग्रेस पार्टी का वीरवार को बड़ा झटका लगा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के हलके गढ़ी सांपला किलोई से काफी युवाओं ने कांग्रेस को छोड़कर इंडियन नेशनल लोदल पार्टी का दामन थामा है। इनेलो युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्ण सिंह चौटाला ने सोनू कसरैटी व कांग्रेस छोड़कर इनेलो में शामिल होने वाले सभी युवाओं का स्वागत किया और पार्टी में पूरा मान सम्मान देने का आश्वासन भी दिया। कांग्रेस छोड़कर इनेलो में शामिल होने वाले सोनू कसरैटी, प्रकाश, कृष्ण, दीपक, देवेन्द्र, आकाश, अमित, प्रदीप, संदीप, जितेन्द्र, बिजेन्द्र, अशोक, ओमदत, अश्वनी ने कहा कि कांग्रेस अब पहले वाली कांग्रेस नहीं रही है, केवल पिता पुत्र की पार्टी बनकर रह गई है और कार्यकर्त्ताओं की पूरी तरह से अनदेखी की जा रही है, इसी के चलते उन्होंने कांग्रेस छोड़कर इनेलो का दामन थामा है, क्योंकि इनेलो ही एक मात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें कार्यकर्त्ताओं को पूरा मान सम्मान मिला है।

## अमित शाह ने सीआरपीएफ परेड में लिया हिस्सा, मंच से बोले-

# देश सशक्त और समृद्ध, उसमें आपके परिवार का योगदान अतुलनीय

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नीमच, 17 अप्रैल।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर हैं। अपने इस दौरे के दौरान वह नीमच में सीआरपीएफ के परेड ग्राउंड पहुंचें। परेड ग्राउंड में गृह मंत्री शाह ने 'राइजिंग डे' कार्यक्रम के तहत आयोजित परेड में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में सीआरपीएफ के महत्व और योगदान पर प्रकाश डाला।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज जिन्होंने इतनी शानदार परेड की है, वे देश के अलग-अलग हिस्सों से आए हुए सीआरपीएफ के जवान हैं। यहां उपस्थित सीआरपीएफ परिवार को मैं सम्मान सहित प्रणाम करके अपनी बात शुरू करना चाहता हूं। सीआरपीएफ की स्थापना से अब तक 2264 जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान अलग-अलग मोर्चों पर देश की सुरक्षा के लिए दिया है। मैं उन सभी को राष्ट्र की ओर से सलामी देकर यहां आया हूं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि सीआरपीएफ के सभी शहीद जवानों के परिवारों को मैं कहना चाहता हूं कि देश सशक्त और समृद्ध हो रहा है, उसमें आपके परिवार का योगदान अतुलनीय है। जब भी देश की सुरक्षा और स्वतंत्रता की गाथा लिखी जाएगी, उसमें आपके परिवार का योगदान सदैव याद किया जाएगा। देश में कहीं भी अशांति या अराजकता की सूचना आती है, तो सीआरपीएफ की तैनाती से मैं निश्चिंत रहता हूं, क्योंकि सीआरपीएफ के हमारे वीर जवान हर मुश्किल में सफल होते हैं।

उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के हर जवान से कहना चाहता हूं कि कभी नहीं भूलना कि आपके नए स्वरूप सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स की स्थापना और उसका ध्वज देने का काम महान सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया है। अखंड भारत के सूत्रधार हमारे प्रेरणास्रोत सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सीआरपीएफ का ध्वज दिया था, उनके दिखाए रास्ते पर सीआरपीएफ की गौरवमयी यात्रा जारी है। हमारा सीआरपीएफ पूरी दुनिया का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल है। देश की सुरक्षा के साथ ही जम्मू-कश्मीर में आतंकियों का सफाया, पूर्वोत्तर में शांति स्थापित करना हो या नक्सल क्षेत्रों में शांति स्थापित करने में हमारे सीआरपीएफ जवानों का योगदान महत्वपूर्ण है।

### सीआरपीएफ ने 2001 में संसद भवन पर हुए हमले को नाकाम किया: अमित शाह

इस अवसर पर गृहमंत्री ने अपने संबोधन में सीआरपीएफ की वीरता, शौर्य और देश सेवा के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। शाह ने 2001 में संसद पर हुए हमले को नाकाम करने का श्रेय भी अर्धसैनिक बल के शूरवीरों को दिया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में सीआरपीएफ के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कहा, '2001 में हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायत संसद भवन पर हमला हुआ। इसको भी नाकाम सीआरपीएफ के जवानों ने किया। 2005 में श्री राम जन्मभूमि पर आतंकी हमला हुआ, उसको भी निरस्त करने का काम सीआरपीएफ के जवानों ने किया और मंदिर को सुरक्षित रखा। भाइयों और बहनों, सबसे बड़ी कामयाबी सीआरपीएफ के इतिहास में लिखी जाएगी, वह अनेक सालों तक याद रखी जाएगी कि इस देश को नक्सलवाद से मुक्त करने में सीआरपीएफ ने बहुत बड़ा योगदान दिया है।' उन्होंने कहा, 'आज भी दुर्दांत नक्सली जब उनको समाचार मिलते हैं कि कोबरा के जवान उनकी ओर गति से बढ़ रहे हैं तो उनकी रूह कांप जाती है। इस प्रकार का एक बहुत बड़ा शौर्य का परिचायक सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन बनी है। मैं आज इस मंच से कोबरा बटालियन के सभी जवानों को हृदयपूर्वक बहुत-बहुत शुभकामनाएं और शाबाशी देना चाहता हूं।'

सीआरपीएफ जवानों की बहादुरी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संसद भवन हमला हो या रामजन्मभूमि की रक्षा की बात होज्सीआरपीएफ ने हर हमले को नाकाम किया है। देश की आन, बान, शान को सीआरपीएफ के जवानों ने बचाकर रखा। लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में 21 अक्टूबर 1959 को चीनी सेना का मुकाबला केवल कुछ सीआरपीएफ जवानों ने किया। देश को नक्सलमुक्त बनाने में हमारे कोबरा बटालियन के जवान अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं। 31 मार्च 2026 को नक्सलवाद से पूर्णतः मुक्ति का देश का संकल्प आपके अदम्य साहस के बल पर पूर्ण होगा।

# संविधान निर्माता के विचारों की क्रांति को गति देंगे मनोहर लाल

- नीलोखेड़ी में कल आयोजित होगा संविधान-स्वाभिमान समारोह
- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल होंगे मुख्यातिथि, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण विशिष्ट अतिथि के तौर पर रहेंगे मौजूद

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर के सामाजिक न्याय और गरीब कल्याण के विजन को साकार करने के लिए संविधान-स्वाभिमान समारोह की श्रृंखला निरंतर आगे बढ़ रही है। 19 अप्रैल को नीलोखेड़ी विधानसभा के गांव हैतबपुर में निगदू रोड पर स्थित मिलन पैलेस में संविधान-स्वाभिमान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

समारोह की अध्यक्षता पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे और करनाल से विधायक जगमोहन आनंद, इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप, असंध से विधायक योगेंद्र राणा अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर समारोह में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीरपंथी होंगे। संयोजक केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेशभर का दौरा कर रहे हैं।

संविधान-स्वाभिमान समारोह के संयोजक सुदेश कटारिया का कहना है कि बाबा साहेब का सपना था कि हर गरीब, वंचित और पिछड़ा गरिमा के साथ सिर उठाकर जी सके और अपने सपने पूरे कर सके। केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार बाबा साहेब के इस सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को पूरा करने में संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के सिद्धांत न केवल अहम साबित हो रहे हैं, बल्कि उनका जीवन संघर्ष और जीवन संदेश सरकार की 11 साल की यात्रा का प्रेरणा स्तंभ बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर दिन, हर फैसला, हर नीति, बाबासाहेब आंबेडकर को समर्पित है। वंचित, पीड़ित, शोषित, गरीब, आदिवासी, महिलाओं के जीवन में बदलाव लाना और उनके सपनों को नई उड़ान देना प्रधानमंत्री का ध्येय है। वहीं, केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा मं साढ़े 9 साल बतौर मुख्यमंत्री अंत्योदय, सुशासन और मिशन मेरिट का मॉडल तैयार कर, बाबा साहेब के सिद्धांतों को नई उड़ान देने का काम किया। सुदेश कटारिया ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा संविधान को वोट का हथियार बनाया, जबकि भाजपा ने संविधान के संरक्षण और सुरक्षा के हित में कदम उठाए हैं।

## गौरव भाटिया का कांग्रेस पर कटाक्ष, कहा- 'कोई भी वीआईपी नहीं, भू-माफिया बनोंगे तो कानून का फंदा तुम तक जरूर पहुंचेगा'

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर कटाक्ष किया। गौरव भाटिया ने कहा कि कुछ लोगों को गुमान था कि वे भारत के कानून से ऊपर हैं क्योंकि उनके पास झूठा गांधी सरनेम है।

गौरव भाटिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि एक ईमानदार सरकार की ताकत क्या होती है, यह भारत में अब जनता को पता चल रहा है। भ्रष्टाचार को समाप्त कर देंगे, भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों के पीछे डालेंगे, किसानों से हड़पी गई जमीन को वापस लेकर किसानों को देंगे। जनता की गाढ़ी कमाई अगर नकली गांधी परिवार ने अपनी तिजोरी में डाली है, तो उसकी एक-एक पाई वसूली जाएगी। यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का है।

उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोगों को गुमान था कि वे भारत के कानून से ऊपर हैं क्योंकि उनके पास झूठा गांधी सरनेम है। कोई भी वीआईपी नहीं है। यदि भ्रष्टाचार करोगे तो जांच एजेंसियां अपना काम करेंगी। अगर



भूमाफिया बनोगे, तो कानून का फंदा तुम तक जरूर पहुंचेगा।

प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से लगातार तीसरे दिन ईडी की पूछताछ पर गौरव भाटिया ने कहा कि भू-माफिया रॉबर्ट वाड्रा से आज एक सामान्य नागरिक की तरह कठिन सवाल पूछे जा रहे हैं, जिनका उन्हें जवाब देना पड़ रहा है। ऐसा बताया जा रहा है कि रॉबर्ट वाड्रा ईडी को देखकर थर्र-थर्र कांपे हैं। वे देखकर कह रहे हैं कि 'तुमको देखा तो ये ख्याल आया, मोदी जी धूप और सोनिया घना साया'।

बता दें कि भूमि सौदे मामले में ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश होने के दौरान रॉबर्ट वाड्रा ने मीडिया से बात करते हुए केंद्र सरकार पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि जितने दिन भी बुलाएं, हम जाएंगे। सभी सवालों के जवाब दे दिए हैं। इन सभी सवालों के जवाब पहले ही दिए जा चुके हैं और इसमें कुछ भी नया नहीं है।

## प्राथमिक चिकित्सा ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बताया हड्डियों को जोड़ना

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 17 अप्रैल।** राजकीय आईटीआई कैथल में हरियाणा स्टेट सेंटर, रेड क्रॉस सोसाइटी चंडीगढ़ व औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा ओरिएंटेशन कार्यक्रम में आज दूसरे दिन अंजु शर्मा फर्स्ट एड नेशनल मास्टर ट्रेनर सेंट जॉन एम्बुलेंस हरियाणा द्वारा घाव, पट्टी, हड्डी की टूट व ट्रांसपोर्ट मेथड़ के बारे में प्रैक्टिकल मेथड़ से सिखाया गया। विद्यार्थियों ने अत्यंत रुचि के साथ सीखा कि फर्स्ट एड बॉक्स में क्या-क्या समान होता है, इस बारे में विस्तार से बताया गया। चोकिंग की स्थिति में इन्फेंट व एडल्ट को किस प्रकार से फर्स्ट एड देनी है, बहुत अच्छे ढंग से समझाया गया। छात्रों को रेड क्रॉस का इतिहास, प्राथमिक चिकित्सा, रिकवरी पोजीशन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए फिजिकल व प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया गया। अंजू शर्मा ने बताया कि छात्रों व कर्मचारियों को तीन दिनों में हर प्रकार की कैजुअल्टी व रोगी को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। सभी छात्र घर से अपना-अपना फर्स्ट एड बॉक्स बनाकर लेकर आए थे। कार्यक्रम में संस्थान अधीक्षक सोहनलाल, ब्लॉक यूथ कोऑर्डिनेशन ऑफिसर शमशेर मलिक, संजीव कुमार सतीश सैनी, संजय वर्मा, रणधीर ढांडा विद्युतकार संदीप व नवीन कालिया अनुदेशक, एम्पलाईबिलिटी स्किल अनुदेशक के अलावा 85 छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# 'आईएमईसी' के जरिए विश्व से संपर्क स्थापित करने का विश्वसनीय सेतु बनेगा 'भारत': केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



**नई दिल्ली, 17 अप्रैल।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के माध्यम से देश वैश्विक संपर्क का एक विश्वसनीय सेतु बनने के लिए तैयार है।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने एक समारोह के दौरान कहा कि 'आईएमईसी' भारत और मध्य पूर्व और पूर्वी यूरोप के नेतृत्व और साझेदारी का एक सशक्त समर्थक है। यह एक बहुत ही प्रगतिशील और दूरदर्शी अवधारणा है, जिसने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'आईएमईसी' केवल एक व्यापार मार्ग नहीं है, बल्कि एक मॉडर्न-डे सिल्क रूट है, जो साझेदारी में बराबरी, संपर्क और तालमेल बढ़ाने के साथ ही समृद्धि को बढ़ावा देता है।

उन्होंने कहा, 'इससे लॉजिस्टिक्स लागत में 30 प्रतिशत तक की कमी आएगी, परिवहन समय में 40 प्रतिशत की कमी आएगी और महाद्वीपों के बीच बिना किसी बाधा के व्यापारिक संबंध बनेंगे।'

उन्होंने कहा, 'हम न केवल व्यापारिक संबंध जोड़ेंगे; बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया से खाड़ी तक, मध्य पूर्व से मध्य यूरोप की सभ्यताओं और संस्कृतियों को भी जोड़ेंगे।'

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि आईएमईसी मध्य पूर्व के माध्यम से अफ्रीका तक कनेक्टिविटी भी बढ़ा सकता है। इस गलियारे में रेलवे, सड़क मार्ग, ऊर्जा पाइपलाइन और समुद्र के नीचे केबल सहित क्लीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल होगा। उन्होंने कहा, 'भारत पहले से ही क्लीन एनर्जी ट्रांसमिशन पर सिंगापुर के साथ चर्चा कर रहा है। हम सऊदी अरब और यूएई के साथ भी बातचीत कर रहे हैं।' केंद्रीय मंत्री गोयल ने स्थिरता और डिजिटल कनेक्टिविटी की अहमियत को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा, 'यह पहल संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करती है। यह प्रभुत्व या आर्थिक संघ बनाने को लेकर न होकर आपसी विश्वास, समावेशिता और स्थिरता पर आधारित साझेदारी है।' केंद्रीय मंत्री ने आईएमईसी पहल के लिए आगे के रास्ते के रूप में पांच प्रमुख सुझावों के बारे में बताया। सबसे पहले, गोयल ने आईएमईसी को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के नजरिए से देखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने एक सहयोगी मॉडल का आह्वान किया, जिसमें निजी क्षेत्र नेतृत्व करे और अपनी वास्तविक दुनिया की विशेषज्ञता, जरूरतों और इनोवेटिव क्षमताओं को सामने लाए।

दूसरा, उन्होंने केवल फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर से आगे बढ़कर विनियामक कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर ज़ोर दिया।

# सरकार प्रदेश भर की अनाज मंडियों में कम्प्यूटर धर्मकांटे लगवाए: गुणी प्रकाश

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 17 अप्रैल।** भारतीय किसान यूनियन (मान गुट) हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष एवं केंद्र सरकार द्वारा गठित एम.एस.पी. समिति के सदस्य ठाकुर गुणी प्रकाश एवं भाकियू प्रदेश महासचिव प्रवीण मथाना की अगुवाई में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को चंडीगढ़ कार्यालय में मिला और प्रदेश भर की अनाज मंडियों में कम्प्यूटर धर्मकांटा लगवाने बाबत मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री ने भाकियू प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांग पर अमल कर मंडियों में कम्प्यूटर धर्मकांटे लगवाए जाएंगे। आज कस्बे में बातचीत करते हुए किसान नेता ठाकुर गुणी प्रकाश ने कहा कि भाकियू द्वारा कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया कि हरियाणा की सभी अनाज मंडियों में कम्प्यूटर धर्मकांटा लगाया जाए, ताकि किसानों की फसलों मापतोल के नाम पर लूट से बचाया जा सके। जो धर्मकांटे मंडियों में लगे हुए है उनके बारे में धरतीपुत्र किसानों को पूरी जानकारी नहीं होती है और मापतोल के नाम पर कई बार देखा गया है कि 10 से 15 किलोग्राम गेहूं अधिक तोलकर किसानों को लूटने का काम किया जाता है। जिसका ताजा उदाहरण कुरुक्षेत्र की अनाज मंडी में गत दिवस सी.एम. फ्लाइंग टीम ने मौके पर मापतोल के नाम गड़बड़ी करते हुए पकड़े भी है। उन्होंने कहा कि गेहूं के तय सीमा से ज्यादा तोल करने वाले आढ़तियों के लाईसेंस भी रद्द होने चाहिए। भाकियू कृषि मंत्री से आग्रह करती है कि प्रदेश भर की अनाज मंडियों में जल्द से जल्द कम्प्यूटर धर्मकांटे लगवाए जाए, ताकि किसानों की फसलों को मापतोल के नाम पर लूटने से बचाया जा सके। किसान नेता ठाकुर गुणी प्रकाश ने कहा कि भाकियू मंडियों में किसानों की फसलों को मापतोल के नाम पर लूटने वाली नीति के खिलाफ भाकियू प्रदेश भर की अनाज मंडियों का औचक निरीक्षण करेगी और जिस भी मंडी में किसानों की फसलों को निर्धारित तोल से अधिक तोल पाया जाता है तो उसके खिलाफ सरकार व प्रशासन को शिकायत कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। इसके लिए भाकियू द्वारा प्रदेश महासचिव प्रवीण मथाना के नेतृत्व में प्रदेश भर में किसानों की कमेटियां गठित की गई है, जो टीमें मंडी का दौरा करेगी और मापतोल की गड़बड़ी करने वालों का पर्दाफाश करेगी।

## सोनिया गांधी व राहुल गांधी ने किया देश को गुमराह: प्रवीण लाठर

### कांग्रेस ने की यंग इंडिया संगठन की आड़ में अवैध रूप से हासिल की जमीन

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 17 अप्रैल।** आज करनाल के भगवान वाल्मीकि चौंक (घंटा घर चौंक) पर युवा मोर्चा के नेतृत्व में नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष शुभम गुप्ता के नेतृत्व में (भाजयुमो) ने नेशनल हेराल्ड केस को लेकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं के पुतले को आग के हवाले करते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी मुर्दाबाद' और 'चोर मचाए शोर' जैसे नारे लगाए गए। इसके साथ पुतले पर नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े पोस्टर भी लगाए गए। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने इस केस की जानकारी देते हुए कहा कि सोनिया और राहुल पर लगे घोटाले के आरोप उनकी ही सरकार में दर्ज किए गए थे। अब जब ईडी निष्पक्ष जांच कर रही है, तो कांग्रेस नेता ईडी दफ्तर जाकर अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोनिया और राहुल गांधी ने देश को गुमराह किया है, इसलिए भाजयुमो ने पूरे प्रदेश में उनके खिलाफ पुतला दहन किया। इस केस में बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में कांग्रेस के शासनकाल में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दाखिल कर सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर आरोप लगाए थे। उनका आरोप था कि सभी ने घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को एक नकली संस्था 'यंग इंडियन लिमिटेड' बनाकर उसकी संपत्तियां हड़प ली। आरोप है कि एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड एजेएल जो नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन करती थी, उसे अवैध रूप से कांग्रेस नेताओं ने अपने कब्जे में ले लिया।


**लापता**



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम सचिन पुत्र लेफ्टिनेंट श्री विनय सिंह निवासी # 1852, फेज 2 राम दरबार, चंडीगढ़ है, उम्र लगभग 15 वर्ष, कद 5', रंग सांवला, नीला लोअर और पीली शर्ट पहने हुए है। शिकायतकर्ता अंकुश के अनुसार वह कह रहा था कि सचिन (भतीजा) मेरा लंच लेने के लिए जीरकपुर में मेरी नौकरी पर आ रहा था, लेकिन वह 29.03.2025 को मेरी ड्यूटी जगह पर नहीं पहुंचा। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन सेक्टर 31, चंडीगढ़ में केस एफआईआर नंबर 66 दिनांक 31.03.2025 यू/एस 137(2) बीएनएस दर्ज किया गया है। लापता लड़के की तस्वीर ऊपर दी गई है।

उक्त लापता लड़के के बारे में कोई सुराग मिलने पर कृपया एसएचओ, पुलिस स्टेशन सेक्टर-31 को मोबाइल नंबर 9779580931, आई/सी पीपी हल्लो माजरा मोबाइल नंबर 7087116992 एएसआई सतनाम सिंह 9217822000 या चंडीगढ़ पुलिस कंट्रोल रूम फोन नंबर 0172-2749194 या 112 पर सूचित करें।

चंडीगढ़ पुलिस

AP-471

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर बोगी & व्हील, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा सूचनाः एमसीएफ/आरबीएल/बोगी फ्रेम और बोगी बोल्स्टर का निर्माण/2024-26/सी655 दिनांक 15.04.2025, आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** कार्यक्षेत्र के अनुसार उप-संयोजनों के निर्माण और बोगी फ्रेम घटकों के स्ट्रैस रिलीविंग सहित फिएट बोगी के बोगी फ्रेम और बोगी बोल्स्टर (सभी प्रकार) का निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 2,51,10,531.75 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹)** शून्य **अमानत राशि: (₹)** 2,75,600.00 (दो लाख पचहत्तर हजार छह सौ मात्र) **कार्य की मात्रा** -चेप्टर VI परिणाम बिल के अनुसार। कार्य समापन की अवधि- 18 माह। • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**- दिनांक **08.05.2025** को **11:00** बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बोगी & व्हील**

**ई-निविदा सूचना सं0: 17/2024-25 (खुली)/उमुइं।।/एमसीएफ/आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर-।।/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** इको कम जॉगर्स और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स पार्क एमसीएफ/आरबीएल में दो साल के लिए बागवानी कार्य का रखरखाव और विकास का कार्य। **निविदा संख्याः** 17/2024-25-RT **अनुमानित लागत (₹)** 2,15,33,035.99 **निविदा खुलने की तिथिः** 06.05.2025 **कार्य समापन की अवधि**- 24 माह • निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें।

**उप मुख्य इंजीनियर-।।**

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 01/ईटी./2025-26 दिनांकः 16.04.2025**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11241224 | एन्टीग्रेटेड डब्ल्यूटीसीसी फॉर अन्तोदय/दीनदयालु कोचेज | 3109 नग | 06.05.2025 |
| 02 | 11241431 | सेट ऑफ अन्डर फ्रेम फ्रन्ट पार्ट टू बी मस्क | 1192 सेट | 08.05.2025 |
| 03 | 03251105 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशिनिंग आफ अटैचमेंट वाल आफ इलेक्ट्रिकल क्यूबिकल साइड फॉर एलएचबी जीएस कोचेज | 639 नग | 07.05.2025 |
| | | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशिनिंग आफ अटैचमेंट वाल आफ इलेक्ट्रिकल क्यूबिकल साइड फॉर एलएचबी एससीएन कोचेज | 527 नग | |
| 04 | 04251043 | लाइट वेट कम्पोजिट पार्टीशन फ्रेम सेट फॉर एलडब्लूएससीएन कोचेज | 150 सेट | 15.05.2025 |
| 05 | 05241278 | सेट ऑफ पैनेल्स फॉर एलएचबी ईओजी नॉन एसी कोचेज | 500 सेट | 20.05.2025 |

वेबसाइट पता : www.ireps.gov.in एवं www.mcf.indianrailways.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-478


## शिक्षा संगठनों के किया ऑनलाइन डायरी लिखने का विरोध

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 17 अप्रैल।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन कैथल, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कैथल व हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघ ने सयुंक्त रूप से शिक्षा विभाग द्वारा जारी ऑनलाइन डायरी लिखने के तुगलकी फरमान का विरोध जिला शिक्षा अधिकारी कैथल कार्यालय पर प्रदर्शन करके किया और निदेशक माध्यमिक शिक्षा पंचकूला के नाम जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। हसला के जिला प्रधान राजीव मलिक, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान बलवान छौत व शारीरिक शिक्षक संघ के राज्य प्रधान रमेश चहल ने सयुंक्त रूप से बताया कि हम शिक्षा विभाग द्वारा एम आई एस पर अध्यापकों को 9 अप्रैल से डायरी लिखने के आदेश का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे केवल बच्चों की पढ़ाई का नुकसान होगा। अध्यापक इसी काम में उलझ कर रह जाएंगे और बच्चों की पढ़ाई पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। विभाग को यह बात समझनी चाहिए कि अध्यापकों ने जो पाठ अपनी कक्षा में पढ़ाया है उसको ऑनलाइन डायरी में लिखने से बच्चों को कोई फायदा नहीं होगा। इसके बजाय उल्टा अध्यापकों का ध्यान बच्चों की पढ़ाई की बजाय ऑनलाइन डायरी की तरफ ही रहेगा। इसलिए छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द शिक्षा विभाग द्वारा इस फैसले को वापिस लिया जाए। जब तक यह आदेश वापिस नहीं लिया जाता हमारा विरोध जारी रहेगा कोई भी अध्यापक साथी ऑनलाइन डायरी नहीं लिखेगा। इस मौके पर यतेन्द्र नरवाल,बिजेंद्र सिंह, सचिन धीमान, राज्य वरिष्ठ उप प्रधान ईशम सिंह भारती ,जिला महासचिव महेंद्र सिंह, ब्लॉक कैथल प्रधान मनोहर लाल, पूंडरी प्रधान फतेह सिंह, कलायत प्रधान नरेश बालू, सीवन प्रधान मुल्तान सिंह, नाहरसिंह, नीरज कुमार, रणबीर चहल, सतीश शर्मा,अनील शर्मा, राजकुमार सहित भारी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

# किसानों के हितों की रक्षा करने में सरकारी तंत्र विफल: रतनमान

### भाकियू ने अनाज मंडियों में गड़बड़ी की रिपोर्ट डीसी को सौंपी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 17 अप्रैल।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिकारियों के एक शिष्टमंडल ने अनाज मंडियों में गत दिवस गेंहू तोल में पकड़ी गई गड़बड़ी के मामले को लेकर मिनी सचिवालय पहुंच कर डीसी व एडीसी से अलग अलग भेंट करके अवगत करवाया गया। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने अधिकारियों से भेंट करने के उपरांत कहा कि अनाज मंडियों में चालू गेंहू खरीद सीजन के दौरान किसानों के हितों की पैरवी करने में सरकारी तंत्र विफल साबित हो रहा है। सरकारी तंत्र आराम से बैठ कर किसानों के लूटने का तमाशा देख रहा है। ऐसा लगता है कि किसानों की सुध लेने वाला कोई नही रहा है। मिनी सचिवालय परिसर में शिष्टमंडल में शामिल किसानों ने एकत्रित होकर किसान एकता जिंदाबाद के नारे लगा कर जोरदार प्रदर्शन भी किया। किसान नेताओं ने एक स्वर में कहा कि भाकियू का एक एक कार्यकर्ता किसानों के हितों पर आंच नही आने देगा। गौरतलब है कि गत दिवस भाकियू के पदाधिकारियों की एक टीम ने करनाल व कुंजपुरा की अनाज मंडी में चल रहे गेंहू के तोल के कार्य को चेक किया था। सरकार की ओर से निर्धारित वजन से गेंहू के कट्टों में अधिक पाया गया था। रतनमान ने कहा कि सरकारी तंत्र द्वारा हररोज मंडियों में गेंहू खरीदी के संबंध में लगातार दौरे किए जा रहे है। लेकिन इसके बाद भी अधिक तोल करने वाले आढ़ती व अन्य लोग किसी भी तरह से बाज नही आ रहे है। उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र को मंडियों दिखावा करने की बजाए ईमानदारी से मंडियों में जाकर धरातल पर काम करना चाहिए। रतनमान ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अनाज मंडियों में तुलाई के समय चौकस होकर अपनी ढ़ेरियों का तोल करवाएं। किसी से भी अनावशयक तौर पर दबने की जरूरत नही है। किसान नेता मान ने कहा कि सभी जिलों की भाकियू टीमों को हाई अलर्ट पर कर दिया गया है। उन्होंने आशंका जताते हुए डी.सी को बताया कि भाकियू टीमों के साथ अनाज मंडियों में शरारती लोग तोल वगेरा के मामले से खफा होकर झगड़ा आदि भी करवा सकते है। डी.सी उत्तम सिंह ने भाकियू शिष्टमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नही आने दी जाएगी। अधिक तोल करने के बारे में संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी जाएगी। डी.सी उत्तम सिंह ने एडीसी यश जालुका को तोल गडबडी के मामले को में कार्यवाही करने हेतू अधिकृत किया है। भाकियू शिष्टमंडल में उत्तरी हरियाणा प्रभारी महताब कादयान, कोर कमेटी चेयरमैन यशपाल राणा, जिला चेयरमैन साहब सिंह बाजवा, करनाल खंड प्रधान गुरविंद्र सिंह काली, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, कार्यालय सचिव राजकुमार नोतना, निर्मल कतलाहेड़ी सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

▲ अधिकतम 38 डिग्री से.
डिग्री से. 23 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.52 बजे
सूर्यास्त 6.52 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 97,460.00 |
| सेंसेक्स | 78,553.20 |
| अमेरिका | 85.42 |
| केनेडियन | 61.59 |
| आस्ट्रेलिन | 54.49 |

# ईडी के राजनीतिक हथियारीकरण के खिलाफ चंडीगढ़ यूथ कांग्रेस का तीव्र विरोध प्रदर्शन

**यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक लुबाना ने किया इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व**

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसे संवैधानिक संस्थानों के लगातार दुरुपयोग और उनके राजनीतिक हथियारीकरण के खिलाफ वीरवार को चंडीगढ़ यूथ कांग्रेस ने ज़बरदस्त प्रदर्शन किया। कांग्रेस भवन, सेक्टर 35 में आयोजित इस जन आक्रोश रैली में सैकड़ों यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और केंद्र सरकार की तानाशाही मानसिकता तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं के दमन के विरुद्ध ज़ोरदार आवाज़ बुलंद की।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक लुबाना ने किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा विपक्षी दलों को निशाना बनाने के लिए ईडी और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, ताकि लोकतंत्र की आत्मा को कुचला जा सके। उन्होंने कहा, 'यह सरकार आलोचना से डरती है, और संवैधानिक मर्यादाओं की खुलेआम अवहेलना कर रही है।'

गुरप्रीत गाबी ने कहा, 'भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर रही है और देश को एकदलीय शासन की ओर धकेल रही है। प्रवर्तन निदेशालय अब एक स्वतंत्र जांच एजेंसी नहीं, बल्कि भाजपा की राजनीतिक शाखा बन चुकी है, जिसका मकसद विपक्षी नेताओं को धमकाना और जनता का ध्यान असली मुद्दों—जैसे बेरोज़गारी, महंगाई, कृषि संकट और संस्थागत भ्रष्टाचार—से भटकाना है।'

प्रदर्शन के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'लोकतंत्र बचाओ ईडी राज हटाओ', 'तानाशाही नहीं चलेगी', 'संवैधानिक संस्थाओं की आज़ादी वापस दो', 'ईडी नहीं, भाजपा की चुनावी ब्रांच', जैसे तीखे नारे लगाकर जनभावनाओं को मुखर किया। यूथ कांग्रेस ने दो टूक कहा कि यह संघर्ष केवल कांग्रेस पार्टी का नहीं, बल्कि संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली और भारत के हर नागरिक के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए है। भाजपा के निरंकुश शासन और लोकतंत्र के हनन के खिलाफ यह संघर्ष निर्णायक होगा।

### रोष प्रदर्शन में ये रहे शामिल

प्रदर्शन में शामिल प्रमुख नेताओं में प्रदेश प्रभारी सत्यवान गहलोत, प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन गालिव, सुखदेव सिंह, रॉबी, प्रदेश महासचिव कपिल चोपड़ा, संदीप गुज्जर, आशु वैद, हरसिमरन, यतिन, दीपक जैसवाल, जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता, प्रकुल, रवि राणा, विकास, अमित सिंह, वार्ड अध्यक्ष रोहन, विक्रमजीत, दिलशाद, शादान, तरुण, और अमन शामिल थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पीसीएस हिमांशु गुप्ता को अहम जिम्मेदारियां

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ प्रशासन ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक आदेश जारी करते हुए पंजाब सिविल सेवा (पीसीएस) अधिकारी हिमांशु गुप्ता को तीन प्रमुख पदों की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके पास अब संयुक्त आयुक्त, नगर निगम, सचिव, नगर निगम और निदेशक, ग्रामीण विकास एवं पंचायतों का कार्यभार होगा। हिमांशु गुप्ता ने हाल ही में चंडीगढ़ प्रशासन में ज्वाइन किया है और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं दूसरी ओर, गुरिंदर सिंह सोढ़ी (पीसीएस) जो फिलहाल संयुक्त आयुक्त के पद पर कार्यरत थे, उन्हें 17 अप्रैल 2025 की पूर्वाह्न से चंडीगढ़ प्रशासन से कार्यमुक्त कर दिया गया है ताकि वे अपने मूल राज्य पंजाब में दोबारा सेवाएं शुरू कर सकें। यह आदेश यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा द्वारा जारी किए।

### पीयूएमईईटी 2025: पंजाब विश्वविद्यालय के बी.ई./बी.टेक द्वितीय वर्ष में प्रवेश का अवसर

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ ने पीयूएमईईटी 2025 (पंजाब विश्वविद्यालय माइग्रेशन इंजीनियरिंग एंट्रेंस टेस्ट – PUMEET) का प्रवेश कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह परीक्षा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के डॉ. एसएसबी यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, स्वामी सर्वानंद गिरी रीजनल सेंटर, बजवाड़ा, होशियारपुर और चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, सेक्टर-26, चंडीगढ़ में बी.ई./बी.टेक पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में लेटरल एंट्री के लिए आयोजित की जाती है। वे उम्मीदवार जो किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से बी.ई./बी.टेक का प्रथम वर्ष न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर चुके हैं, जिन्होंने गणित और भौतिकी विषयों सहित 12वीं पास की है, जिनके पहले वर्ष में कोई बैकलॉग नहीं है, और जिन्होंने जेईई मेन 2024 में भाग लिया था, वे इस परीक्षा के लिए पात्र हैं। पंजाब विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि प्रवेश पुस्तिका (प्रोस्पेक्टस) और ऑनलाइन आवेदन पत्र 15 अप्रैल 2025 से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://pumeet.puchd.ac.in पर उपलब्ध हो गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपना आवेदन 14 मई 2025 तक ऑनलाइन जमा कर दें। यह परीक्षा केवल चंडीगढ़ में आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा 1 जून 2025 को आयोजित होगी।

# अंधड़ के साथ तेज बारिश, ओले पड़े, पेड़ गिरे, मार्ग अवरुद्ध





अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** चंडीगढ़ में गुरुवार सुबह भारी बारिश और तेज हवाएं चलीं जिसके बाद शहर के कई इलाकों में पेड़ गिर गये और रास्ता अवरुद्ध हो गया। लेकिन जब वीरवार को सुबह लोग सोकर उठे तो मौसम साफ हो गया और सूरज निकल आया था। दिनभर काफी कड़क धूप निकली जिसके बाद तापमान काफी बढ़ गया। चंडीगढ़ में वीरवार रात को 8.3 मिमी बारिश हुई।

इसके अलावा पंजाब और हरियाणा के इलाकों में भी बारिश हुई। चंडीगढ़ के साथ सटते मोहाली व पंचकूला और जीरकपुर, डेराबस्सी इत्यादि में देर रात तेज अंधड़ चले और इसके बाद तेज बारिश हुई। कई इलाकों में आंधी के बाद ओले भी पड़े।

बहुत सी जगहों पर तो बिजली भी गुल हो गई और पेड़ गिर गए और वाहनों को नुकसान पहुंचा, हालांकि ज्यादा नुकसान की खबर नहीं है। बुधवार देर रात चंडीगढ़ के साथ सटते हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भी अचानक तूफान आया, जिससे काफी नुकसान हुआ।

# आईटी स्नातकों के लिए लगाया रोजगार मेला



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** वीरवार को रोजगार कार्यालय विभाग ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और उच्च शिक्षा विभाग, यूटी चंडीगढ़ प्रशासन के सहयोग से चंडीगढ़ के सेक्टर 11 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज में रोजगार मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया। आईटी स्ट्रीम (बीसीए, बीएससी आईटी, बीए आईटी, एमएससी आईटी) के स्नातकों के लिए विशेष रूप से आयोजित इस रोजगार मेले का उद्देश्य शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटना और युवा पेशेवरों को रोजगार के अवसर प्रदान करना था। इस आयोजन के लिए कुल 322 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया और 17 प्रतिष्ठित कंपनियों- जिनमें फिनवर्स, ब्लू बैश, जीएमआई इंफ्रा, ज्यूपिटिस और नर्व सेल शामिल हैं ने साक्षात्कार आयोजित किए। भर्ती अभियान के परिणामस्वरूप, 118 उम्मीदवारों को नौकरी के प्रस्तावों के लिए चुना गया, जो युवा रोजगार और कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सचिव वित्त-सह-श्रम एवं रोजगार दीप्रवा लाकड़ा, निदेशक आईटी तथा संयुक्त सचिव श्रम एवं रोजगार-सह-आरईओ नितीश सिंगला सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा नियोक्ताओं और प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। यह कार्यक्रम कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के तहत प्रधानमंत्री की इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप योजनाओं (एनएपीएस और एनएटीएस) के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक मंच के रूप में भी काम आया। आउटरीच और जुड़ाव के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का बड़े पैमाने पर लाभ उठाया गया। यह रोजगार मेला शिक्षा जगत, उद्योग और सरकार के बीच सफल तालमेल को दर्शाता है, जो युवाओं को रोजगार के अवसर और कौशल वृद्धि के अवसरों के साथ सशक्त बनाकर कौशल भारत मिशन के दृष्टिकोण को मजबूत करता है।

# पुलिस ने हिमाचल के युवक के सीने में चाकू घोंपकर मौत के घाट उतारने वाले दो नाबालिग आरोपी 12 घंटे के भीतर हिरासत में

## हिरासत में लिए गए आरोपियों के कब्जे से मृतक का मोबाइल फोन और वारदात के समय इस्तेमाल चाकू बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** यूटी साउथ वेस्ट डिविजन की थाना 36 पुलिस ने हिमाचल के रहने वाले एक युवक के बेहरमी से सीने में चाकू घोंपकर उसकी हत्या करने के मामले में दो नाबालिगों आरोपियों को 12 घंटे के भीतर हिरासत में लेकर कामयाबी हासिल कर ली है। पुलिस के पास मामले में कई टेक्निकल सबूत एकत्रित हो गए थे। जिसके चलते पुलिस ने कम समय में रहते हुए मामले को सुलझा लिया। इस मामले में यूटी पुलिस की कई यूनिट लगी हुई थी। लेकिन मामला थाना 36 पुलिस ने सुलझा लिया।

जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना 36 के प्रभारी इंस्पेक्टर जेपी सिंह की टीम में शामिल सब इंस्पेक्टर अमरीक सिंह और सीनियर कांस्टेबल सुरेंद्र लगातार आरोपियों की छापेमारी कर रही थे।

### क्या था मामला

जानकारी के अनुसार बुधवार रात सैक्टर 43 स्थित साइकिल ट्रैक पर खून से लथपथ युवक पड़ा हुआ मिला।मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को तुरंत सैक्टर 16 के अस्पताल में पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।जिसकी पहचान हिमाचल के शिमला के रहने वाले 35 वर्षीय काकू के रूप में हुई थी। पुलिस ने शव कों कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।मामले का वाक्य पास लगे सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गया था। जिसमें दो अज्ञात युवक झगड़ा करते दिखाई दे रहे थे। जिसको लेकर थाना 36 पुलिस हर एंगल से जांच पड़ताल में जुटी हुई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया था।पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

# कानूनी शिकंजे से बच रहे ड्रंकन ड्राइव गाड़ी चालक

**चंडीगढ़ में बीते 27 माह में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के 8,286 चालान**

**550 लाइसेंस सस्पेंड करने की सिफारिश; नाके पर 2 जवानों की हो चुकी मौत**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** चंडीगढ़ में शराब पीकर गाड़ी चलाने की बढ़ती घटनाएं लगातार पुलिस और आम नागरिकों के लिये परेशानी का सबब बन रही है। कभी ड्रंकन ड्राइव के मामलों में आरोपी पुलिस के नाके तोड़ रहे हैं तो कहीं शहर के विभिन्न चौकों पर नशे में गाड़ी चढ़ा दे रहे हैं। दोनों सूरतों में इंसान की जिंदगी को खतरा है। ट्रैफिक पुलिस ने जो आंकड़े जारी किये हैं उसके मुताबिक वर्ष 2023 से अब तक कुल 8 हजार 286 चालान शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में काटे गए हैं। इनमें से सिर्फ 550 मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने की सिफारिश की गई है। वर्ष 2023 में 3,160, 2024 में 3,561 और 2025 में 31 मार्च तक 1,565 चालान जारी किए गए हैं। हालांकि, इन सभी चालानों में से लगभग 5,000 मामलों का निपटारा हो चुका है।

शराब पीकर गाड़ी चलाने की वजह से कई जानलेवा हादसे भी सामने आ चुके हैं। वर्ष 2023 में महिंद्रा तेज रफ्तार थार गाड़ी एक डिवाइडर से टकरा गई थी, जिसमें वाहन में सवार 3 दोस्तों में से एक की मौत हो गई थी। हाल ही में मटका चौक, सेक्टर 17 में एक मर्सिडीज कार शराबी चालक द्वारा चलाए जाने के दौरान राउंडअबाउट पर चढ़ गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बीती 14 मार्च को एक शराबी चालक ने तेज रफ्तार से अपनी वोक्सवैगन पोलो कार को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो पुलिसकर्मियों और एक राहगीर की मौत हो गई थी।

मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत शराब पीकर गाड़ी चलाना एक गंभीर अपराध है, जिसमें भारी जुर्माना, जेल और लाइसेंस सस्पेंशन तक का प्रावधान है। बावजूद इसके, ज्यादातर मामलों में दोषी ड्राइवर कानूनी शिकंजे से बच निकलते हैं। अराइव सेफ सोसाइटी के चेयरमैन हरमन सिंह सिद्धू ने कहा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। कानून को ऐसा होना चाहिए कि लोग डरें लेकिन सच्चाई यह है कि ज़्यादातर आरोपी आसानी से लाइसेंस सस्पेंशन से बच जाते हैं। उन्होंने कहा चालानों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन लाइसेंस निलंबन की दर बहुत कम है, जिससे सडक़ सुरक्षा को लेकर मौजूदा कानूनों की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं।

# 3 महीने में हुई 28 सरकारी ट्यूबवेलों में चोरी, करीब 9 लाख रुपए का हुआ नुकसान

## बीती रात लोहगढ़ के सेवा केंद्र में सरकारी ट्यूबवेलों पर हुई केबल तथा अन्य सामान की चोरी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा







**जीरकपुर, 17 अप्रैल।** जीरकपुर । पिछले कई महीनो से शहर में चोरों ने आतंक मचाया हुआ है और अब सरकारी ट्यूबवेलों को अपना निशाना बनाया जा रहा है। चोरों द्वारा हर हफ्ते सरकारी ट्यूबवेलों को अपना निशाना बनाते हुए वहां से केबल तथा अन्य बिजली के सामान की चोरी की जाती है।

बीती रात हुई एक ऐसी ही घटना में चोरों ने एक सरकारी ट्यूबवेल को अपना निशाना बनाते हुए वहां से केबल तथा अन्य सामान चोरी कर लिया गया।

इस संबंधी जानकारी देते हुए वाटर सप्लाई विभाग के ठेकेदार कुलदीप सिंह ने बताया कि लोहगढ़ क्षेत्र में स्थित सेवा केंद्र के पास लगे ट्यूबवेल को चोरों द्वारा अपना निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि यहां से चोरों द्वारा करीब 20000 रुपए कीमत का सामान चोरी किया गया है। इस चोरी की घटना का सुबह पता चला जब उन्होंने जाकर ट्यूबवेल चलने की कोशिश की तो देखा कि वहां से केबल गायब थी तथा किटकैट भी चोरी हो चुके थे। उन्होंने बताया कि जो ट्यूबवेल से अब तक तीन बार चोरी हो चुकी है। ठेकेदार के अनुसार इन चोरी की घटनाओं की सूचना नगर कौंसिल अधिकारियों को दे दी गई है और इस संबंधी पुलिस को सूचित करने के लिए अधिकारियों को बोल दिया गया है। आगे की कार्यवाही नगर कौंसिल के अधिकारी ही करेंगे।

जानकारी के अनुसार पिछले करीब 3 महीने में शहर के कुल 28 से 30 सरकारी ट्यूबवलों से केवल तथा अन्य सामान चोरी हो चुका है जिसकी अंदाजन कीमत 8 से 9 लाख रुपए बनती है। यहां पर एक बड़ा सवाल यह उठता है कि शहर में लगे हुए सरकारी ट्यूबवेल अब राम भरोसे ही चल रहे हैं क्योंकि बार-बार चोरी होने के बाद भी ना तो उनकी सुरक्षा के लिए कोई ठोस प्रबंध किए गए हैं और ना ही पुलिस द्वारा चोरों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की गई है।

इस संबंधी जानकारी लेने के लिए जब थाना जीरकपुर के प्रभारी जसकवल सिंह सेखों तथा डीएसपी जसविंदर सिंह गिल को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

> हमने पिछले महीने इन चोरियों संबंधी एक पत्र कार्यकारी अधिकारी के हस्ताक्षर करवाने के बाद थाना जीरकपुर में दे दिया था और आज की चोरी संबंधी मुझे सूचना मिली है जिस संबंधी पत्र सोमवार को थाना जीरकपुर में दिया जाएगा और कार्रवाई करने के लिए लिखा जाएगा।
>
> **सवनीत सिंह जेई, नगर कौंसिल जीरकपुर।**

# तीन गुना बढ़े प्रॉपर्टी टैक्स के विरोध में हाउस टैक्स कमेटी से डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने दिया इस्तीफा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** चंडीगढ़ में बढ़े तीन गुना प्रॉपर्टी के विरोध में आज नगर निगम की हाउस टैक्स कमेटी की मेंबर डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने कमेटी से इस्तीफा दे दिया। तरुणा मेहता ने कहा कि अब इस कमेटी का ओर मीटिंग का कोई औचित्य ही नहीं रहा जहां पहले ही तीन गुना प्रॉपर्टी टैक्स के रेट बढ़ा दिए गए है। मेयर द्वारा हाउस में एजेंडा लाने से पहले इस हाउस टैक्स कमेटी में इसकी डिस्कशन क्यों नहीं हुई? बीजेपी ने पूरी प्लैनिंग के साथ हाउस टैक्स कमेटी में ये एजेंडा ना लाकर ओर मेयर द्वारा हाउस की मीटिंग में प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने का एजेंडा लाकर पूरी प्लैनिंग के साथ रिजेक्ट करके प्रशासन का कानूनी तौर पर रास्ता साफ किया ताकि प्रशासन खुद अपनी मनमर्जी से टैक्स लगा सके। ये मेयर, बीजेपी के पार्षदों ओर प्रशासन के उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से तीन गुना प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाया गया है। अब जब पूरे शहर में बीजेपी के खिलाफ शहर की जनता के विरोध के स्वर ऊंचे हो चुके है तो घड़ियाली आंसू बहाते हुए बीजेपी के पार्षद इस्तीफे की पेशकश कर रहे है। प्रशासन के आगे बेबस और लाचार मेयर ओर बीजेपी के पार्षदो द्वारा इस्तीफे की धमकी देना ये साबित करता है आज केंद्र की बीजेपी सरकार के अधीन आने वाला प्रशासन के अधिकारी बीजेपी की नहीं सुनते है वो बेलगाम हो चुके है जोकि इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है। जिस बीजेपी के प्रशासन ने प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाया है उसने खुद करोड़ों रुपए टैक्स देने है यानी डिफॉल्टरों की लिस्ट में शामिल है वो ही टैक्स दे दे तो भी नगर निगम की नाजुक वित्तीय हालात में काफी राहत मिलेगी। चंडीगढ़ कांग्रेस इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ अपनी आवाज उठाती रहेगी।

## भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव अनिल मलिक का चंडीगढ़ दौरा

# सचिव ने महिला एवं बाल विकास योजनाओं की समीक्षा एवं निरीक्षण किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी), भारत सरकार के सचिव अनिल मलिक ने अधिकारियों की टीम के साथ यूटी चंडीगढ़ का दौरा किया, ताकि प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सके तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा की गई विभिन्न पहलों का निरीक्षण किया जा सके। यूटी गेस्ट हाउस में एक व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें यूटी प्रशासन के अधिकारियों के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत विभिन्न योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान चंडीगढ़ के समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों से समीक्षा/प्रतिक्रिया ली गई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक योजनाओं में प्रौद्योगिकी के क्रियान्वयन और एकीकरण का आकलन करना था, जो जमीनी स्तर पर मूल्यांकन करने और महिला एवं बाल विकास कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रालय और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर और महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

सचिव समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास (चंडीगढ़ प्रशासन) श्रीमती अनुराधा चगती और डॉ. पालिका अरोड़ा (निदेशक, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, चंडीगढ़ प्रशासन) ने यू.टी गेस्ट हाउस में अधिकारियों का स्वागत किया जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने डड्डूमाजरा स्थित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र से अपना दौरा शुरू किया, जहां उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं (एडब्ल्यूडब्ल्यू) और लाभार्थियों (यानी गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली माताएं) से बातचीत की। यात्रा के दौरान अन्नप्राशन समारोह (पूरक आहार की शुरुआत) का आयोजन किया गया और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पहले से किए गए बच्चों के विकास की निगरानी प्रतिनिधियों द्वारा की गई। टीम ने फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं से सीधे फीडबैक के साथ पोषण ट्रैकर के उपयोग और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के कार्यान्वयन की भी समीक्षा की। इसके अलावा, अधिकारियों ने बाजरा स्टाल और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा तैयार स्वदेशी खिलौनों को प्रदर्शित करने वाले एक स्टाल का दौरा किया, जो बच्चों के लिए पारंपरिक पोषण प्रथाओं और सीखने के साधनों को बढ़ावा देने के लिए विभागों की पहल को दर्शाता है। क्षेत्र के उपयोग के लिए विभाग द्वारा जारी सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री भी प्रदर्शित की गई। इसके बाद, अधिकारियों ने सेक्टर-25 में अवलोकन गृह और सुरक्षा के स्थान का दौरा किया, जहां उन्होंने सुविधाओं का निरीक्षण किया और कानून के साथ संघर्ष करने वाले बच्चों के लिए उपलब्ध सहायता प्रणाली का आकलन करने के लिए कर्मचारियों के साथ बातचीत की। महिला एवं बाल विकास सचिव ने बच्चों को एक बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार हस्तशिल्प वस्तुओं को देखने के लिए हुनर की उड़ान स्टाल का दौरा किया और सराहना की कि गृह में रहने वाले बच्चे सशक्त और कुशल हो रहे हैं। उन्होंने गृह के प्रभावी और प्रभावशाली प्रबंधन और रखरखाव को स्वीकार किया। गृह में रहने वाले बच्चों ने शबद और कव्वाली गाकर सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

सम्पादकीय

# पंचकूला में डेरा हिंसा के आरोपियों का बरी होना दुर्भाग्यपूर्ण

25 अगस्त 2017 को हरियाणा और पंजाब में जो घटा था, वह इसका उदाहरण है कि सरकारें किस प्रकार राजनीति से प्रेरित हो सकती हैं, वहीं हालात को संभालने में बरती गई कोताही राज्य और उसके नागरिकों पर कितनी भारी पड़ती है। यह याद दिलाना जरूरी है कि आखिर इस दिन हुआ क्या था। दरअसल, 25 अगस्त 2017 को डेरा सच्चा सौदा के मुखी गुरमीत राम रहीम को साध्वी यौन शोषण मामले में दोषी ठहराया गया था। इसके बाद उनके समर्थकों ने पंचकूला समेत हरियाणा के विभिन्न जिलों और पंजाब में अनेक स्थानों पर हिंसा का ऐसा तांडव किया था, जिसे शुरुआत में तो सरकार की मशीनरी संभाल ही नहीं पाई और फिर जैसे-तैसे पुलिस ने अंकुश बढ़ाया तो उसमें 40 लोगों की जान चली गई। अब इसी मामले में पंचकूला की अदालत से 19 आरोपी बरी हो गए। हाल कुछ ऐसे रहे कि 27 गवाह पेश ही नहीं हुए। ये तो सामान्य गवाह थे, इस दौरान तैनात रहे डीएसपी, ड्यूटी मजिस्ट्रेट, तत्कालीन डीआईजी ने भी आरोपियों की पहचान नहीं की थी। अदालत में सामने आया है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई नया तथ्य पेश नहीं किया, जिसकी वजह से केस कमजोर होता गया।

**गौरतलब है कि भाजपा आरोप लगा रही है कि प्रशासन के अधिकारी जो योजना बनाते हैं, वह फलीभूत नहीं होती और उससे पैसे की बर्बादी होती है। पार्टी शहर में 24 घंटे पानी देने की प्रशासन की योजना पर भी सवाल उठा रही है, उसका आरोप है कि 75 करोड़ खर्च करने के बावजूद यह योजना सिरे नहीं चढ़ी है। वहीं शहर में सड़कों के रख रखाव और उनके बनाए जाने पर भी सवाल उठाए गए हैं। प्रश्न यह है कि आखिर बढ़ा हुए प्रॉपर्टी टैक्स से जो कमाई होगी, उसका खर्च कहां होगा। शहर में तमाम सड़कें बदहाल हैं। पार्क जोकि नगर निगम के पास हैं, वे अस्तव्यस्त हैं, वहीं शहर में सफाई का हाल भी बुरा है।**

जिस कांड ने पूरे देश को बेचैन कर दिया हो, जिसकी वजह से 40 लोगों की जान चली गई हो, अगर उसके आरोपियों को सजा न हो तो यह बात अजीब लगती है। यह पुलिस प्रणाली पर बहुत बड़ा सवाल है, क्योंकि सीबीआई ने आखिर तक लड़ते हुए डेरा मुखी को सजा दिलाई लेकिन अगर पुलिस के पास यह केस होता तो शायद ही उसे भी सजा मिल पाती।

गौरतलब है कि इस मामले की सुनवाई के दौरान एक बार पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा था कि होने वाली मौतों का जिम्मेदार कौन है और जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई कौन करेगा। माननीय कोर्ट का यह कहना सरकारी सिस्टम पर करारी चोट था कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है कि हजारों लोग एक जगह जुट जाएं और किसी को पता भी न चले। गौरतलब है कि डेरा मुखी को सीबीआई कोर्ट में पेश करने और उनके खिलाफ चल रहे केस पर फैसले का दिन तय हो चुका था। ऐसे में दिन और रात में हजारों की तादाद में डेराप्रेमी पंचकूला की सड़कों पर आ डटे थे। स्थानीय मीडिया इस संबंध में लगातार रिपोर्ट पेश कर रहा था कि किस प्रकार डेरा प्रेमी शहर की सड़कों पर और यहां बने डेरे में पनाह ले चुके हैं। आशंका इसकी जताई जा रही थी कि अगर फैसला डेरा मुखी के खिलाफ आता है तो ये डेरा प्रेमी शहर में हिंसा फैला सकते हैं। और जब फैसले में डेरा मुखी को दोषी करार दे दिया गया तो इन्हीं डेरा प्रेमियों को उकसा कर शहर में ऐसे हालात पैदा कर दिए गए कि हम किसी जंग के मैदान में हैं। सैकड़ों गाड़ियों को जला दिया गया, गुंडे बने डेरा प्रेमी घरों में घुसने लगे, उनके पास हथियार थे। पंचकूला में दहशत और हिंसा का ऐसा मंजर पैदा हो चुका था जिसमें किसी भी सभ्य नागरिक की रूह कांप जाए।

गौरतलब है कि यह साबित हो चुका है कि हिंसा फैला कर डेरामुखी को पुलिस की पकड़ से ले भागने की थी। सिरसा में डेरा सच्चा सौदा के अंदर इसकी योजना तैयार की गई थी। डेरा मुखी की मुंहबोली बेटी इस साजिश की सरगना थी, शुरुआत में वह पुलिस से बचती भागती रही और आखिर में सरेंडर कर दिया। आखिर सरकार को इस पूरी साजिश का पता क्यों नहीं चल पाया? यह सवाल आज तक अनसुलझा है। सरकार पहले ही यह भांप चुकी होती तो डेरा प्रेमियों को पंचकूला में जुटने की इजाजत ही नहीं देती। ऐसे में न हिंसा फैलती और न ही पुलिस की गोली से लोग मारे जाते। वैसे, सजा सुनाए जाने से पहले डेरामुखी के आतंक को मिल रही राजनीतिक शह भी सजा सुनाए जाने के बाद उसके समर्थकों की हिम्मत बढ़ाने वाली साबित हुई। दरअसल, सरकार और उसका तंत्र अपनी इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकते कि व्यवस्था कायम रहे। वर्ष 2016 में जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान भी जो हिंसा हरियाणा में हुई थी, वह सरकारी मशीनरी की नाकामी का ही उदाहरण था। उस दौरान भी हजारों करोड़ की संपत्ति रोहतक और साथ लगते अनेक जिलों में तबाह कर दी गई थी। उस कांड की जांच रिपोर्ट में सामने आ रहा है कि जिन अधिकारियों के कंधे पर जिम्मेदारी थी, वे घरों में छिप गए थे। जिस सेना को हालात नियंत्रित करने के लिए बुलाया गया, उसे झज्जर में गुमराह करके ऐसे इलाके में ले जाया गया, जहां कुछ घट ही नहीं रहा था। अदालत से आरोपियों का बरी होना दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस को मजबूत सबूत और गवाह तलाशने चाहिए थे। अब प्रश्न यह है कि आखिर आरोपियों के खिलाफ बड़ी अदालत का रुख किया जाएगा या फिर सबकुछ समाप्त हो चुका है। राजनीतिक हालात तो इसके संकेत दे रहे हैं। क्या यह कानून का मजाक नहीं होगा जब आरोपी इतना बड़ा अपराध करके भी छूट जा रहे हैं।

# भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी युनिवर्सिटी का महत्व

दैनिक अर्थ प्रकाश



भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी युनिवर्सिटी, त्रिभुवन सहकारी युनिवर्सिटी के लिए विधेयक का संसद में पारित होना भारतीय सहकारी आंदोलन की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इसका 2025 के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान संपन्न होना इसके महत्व को और बढ़ाता है। जैसा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा, यह युनिवर्सिटी 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण को साकार करने में एक शक्तिशाली माध्यम बनने के लिए तैयार है।

भारत दुनिया के सबसे बड़े सहकारी आंदोलन का घर है, जिसमें 800,000 से ज़्यादा सहकारी समितियाँ और 287 मिलियन सदस्य शामिल हैं। रोटी, कपड़ा से लेकर मकान तक की जरूरतों के लिए लोगों के दैनिक जीवन में गहराई से समाहित सहकारी समितियाँ सिर्फ़ आर्थिक संस्थाएँ नहीं हैं; वे समुदाय-संचालित विकास, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना ने इस क्षेत्र के लिए एक नई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य इसकी पहुँच का विस्तार करना, इसकी दक्षता में सुधार करना और इसे समावेशी विकास की आधारशिला के रूप में एकीकृत करना है।

सहकारिता मंत्रालय ने सराहनीय कदम उठाए हैं- 67,390 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए 2,516 करोड़ आवंटित करना, 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों को करने में पीएसीएस को सक्षम करने के लिए 32 राज्यों में मॉडल उपनियमों को लागू करना, 2 लाख नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियाँ (एमपीएसीएस) बनाने का लक्ष्य रखना, 1,100 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को समर्थन देना और 44,000 पीएसीएस को सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) में बदलना। कर प्रोत्साहन, आसान ऋण और विकेंद्रीकृत भंडारण सुविधा सहकारी समितियों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। बीज, निर्यात और जैविक उत्पादों के लिए तीन नए राष्ट्रीय महासंघों की स्थापना इस बात का संकेत है कि सहकारी समितियों को भारत के विकास के प्रमुख एजेंट के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

परन्तु, अपने विस्तार और पहुंच के बावजूद, सहकारी क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण की अवरचना आंशिक, अविकसित और असमान रूप से वितरित है। प्रबंधकीय और प्रशासनिक से लेकर तकनीकी और परिचालन तक योग्य पेशेवरों की मांग आपूर्ति से कहीं अधिक है। मौजूदा कर्मचारियों और बोर्ड के सदस्यों की क्षमता निर्माण में निवेश करने की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण है। इन कर्मचारियों में से कई के पास नियमित प्रशिक्षण या शिक्षा के अवसरों तक पहुंच नहीं है। मानकीकृत पाठ्यक्रम, गुणवत्ता आश्वासन और संस्थागत सामंजस्य के बिना, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का पूरी तरह से लाभ नहीं ले सकता है या अपने विकास को बनाए नहीं रख सकता है। सहकारी आंदोलन में नई और युवा पीढ़ियों को आकर्षित करने की भी सख्त जरूरत है - ऐसे व्यक्ति जो न केवल पेशेवर हों बल्कि सहकारी मूल्यों से प्रेरित हों और क्षेत्र में नवाचार करने के लिए आतुर हों। यहां, त्रिभुवन सहकारी युनिवर्सिटी एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकता है- शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एक केंद्र के रूप में सेवा करके जो नई पीढ़ी के सहकारी नेताओं को बढ़ावा देते हुए सभी स्तरों पर उनकी क्षमता का निर्माण कर सकेगा ।

अमूल मॉडल के वास्तुकार, दूरदर्शी श्री त्रिभुवनदास पटेल के नाम पर, और भारत की डेयरी सहकारी क्रांति के उद्गम स्थल आनंद में स्थित यह युनिवर्सिटी एक प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि है, साथ ही यह एक रणनीतिक हस्तक्षेप भी है। ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद (आईआरएमए) का चयन - एक ऐसा संस्थान जिसने दशकों से सहकारी प्रबंधन शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है - इस युनिवर्सिटी की नींव के रूप में व्यावहारिक और प्रेरणादायक दोनों है। आनंद में आईआरएमए को सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के रूप में नामित किए जाने के साथ, यह युनिवर्सिटी सहकारी उद्यमों की चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए सुसज्जित पेशेवरों को तैयार करने की एक मजबूत विरासत का निर्माण करेगा।

युनिवर्सिटी का विज़न सिर्फ़ औपचारिक प्रबंधन डिग्री तक सीमित न होकर काफी विस्तृत है। यह प्राथमिक और माध्यमिक सहकारी समितियों के बोर्ड सदस्यों, सहकारी क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मचारियों, और नैतिक, सस्टेनेबल और समावेशी व्यवसाय मॉडल में रुचि रखने वाले युवाओं की नई पीढ़ी तक अपनी पहुँच बढ़ाएगा। इसके लिए, युनिवर्सिटी लचीले शिक्षण मॉड्यूल, प्रमाणन कार्यक्रम, डिग्री कार्यक्रम, डिजिटल पहुँच प्रदान करेगा और क्षेत्र-आधारित ऐसे शोध का जरिया बनेगा, जिनसे स्व-सहायता, लोकतांत्रिक नियंत्रण और पारस्परिक जिम्मेदारी के सहकारी मूल्यों का लाभ सभी को मिल सकेगा।

त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी एक राष्ट्रीय ज्ञान मंच के रूप में भी काम कर सकता है, हितधारकों के बीच संवाद को सुविधाजनक बना सकता है, साक्ष्य-आधारित नीतिगत अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है और ग्रामीण वास्तविकताओं के अनुरूप नवाचारों का समर्थन कर सकता है। डेयरी, ऋण, आवास, मत्स्य पालन, कपड़ा आदि जैसे भारत के विविध सहकारी परिदृश्य में, विश्वविद्यालय एक ऐसे केन्द्र के रूप में विकसित होगा जहां, शिक्षा, नीति निर्माता और सहकारिता से जुड़े विशेषज्ञ उन्नयन के नये पथ ईजाद कर सकेंगे ।

वैश्विक स्तर पर, सहकारी शिक्षा सहकारी आंदोलनों की सफलता का आधार रही है। 1844 में रोशडेल पायनियर्स के समय से ही, आचरण के मूल नियमों में मुनाफे का एक हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित करना शामिल था। पाँचवाँ सहकारी सिद्धांत - शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना - आंदोलन का एक मुख्य स्तंभ बना हुआ है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सदस्य, नेता और समुदाय सहकारी मॉडल को समझें और उसका पालन करें। यह गहरी जड़ें जमाए बैठी शैक्षिक परंपरा ही है जो सहकारी शासन को बनाए रखती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और जवाबदेही को मजबूत करती है।

इस संदर्भ में, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान से कहीं अधिक होगा - यह सहकारी विकास के लिए एक राष्ट्रीय और वैश्विक ज्ञान केंद्र बन सकता है, एक ऐसा स्थान, जहाँ प्रयोग और नीति का संगम हो और जहां नेतृत्व सीख से प्रेरित हो । नई दिल्ली में आयोजित आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 में, प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत से सहकारी समितियों को एकजुट करने, साझा मंच बनाने, आम चुनौतियों से निपटने और सामूहिक रूप से आगे का रास्ता तय करने में वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी ऐसा ही एक मंच प्रदान करता है - जो संवाद को बढ़ावा देने, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और सहकारी समितियों के बीच दक्षिण-दक्षिण सहयोग को मजबूत करने में सक्षम है।

एक ऐसी दुनिया में जहाँ समावेशी, लोकतांत्रिक और सतत विकास सुनिश्चित करते आर्थिक मॉडल की मांग बढ़ रही है, भारत का सहकारी आंदोलन और अब इसका पहला सहकारी यूनिवर्सिटी न केवल प्रेरणा बल्कि दिशा भी प्रदान करता है। विश्वविद्यालय को सुलभ, नवोन्मेषी और प्रभावोत्पादक होना चाहिए, जो आंदोलन के हर स्तर पर नेतृत्व को बढ़ावा दे। नींव रखी जा चुकी है; अब समय आ गया है कि एक ऐसा संस्थान बनाया जाए जो उस दृष्टिकोण के योग्य हो जिसका वह प्रतिनिधित्व करता है - एक ऐसा संस्थान जो आने वाली पीढ़ियों को सहकारिता की अविनाशी शक्ति के माध्यम से शिक्षित, सशक्त और ऊर्जावान बनाएगा - और यह सुनिश्चित करेगा कि सहकारी समितियाँ सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करें।

**लेखक- बालासुब्रमण्यम अय्यर**
क्षेत्रीय निदेशक, इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस एशिया एंड पैसिफिक

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### मतदाताओं में चर्चा का विषय बना कालका का उपचुनाव

पंचकूला। आजकल पंचकूला में कालका विधानसभा सीट के लिए 19 मई को होने वाले उपचुनाव चर्चा का विषय बने हुए है। विभिनन राजनैतिक पार्टियों के संभावित उम्मीदवारों को लेकर तरह-तरह की अटकले लगाई जा रही है। टिकट के दावेदारों जहां अपने अपने राजनैतिक आकाओं से संपर्क बढ़ाने में लगे हुए है वहां वे अपनी चुनावी रणनीति के लिए जायजा भी ले रहे है। एक आजाद उम्मीदवार जगपाल चौधरी तो बहुत पहले से ही अपने चुनाव प्रचार के अभियान में जुटे हुए है। कालका के युवा वकील नरदेव शर्मा को इस बार भी भाजपा की टिकट मिलने की पूरी उम्मीद है वैसे पंचकूला के श्यामलाल बंसल भी भाजपा की टिकट के लिए गंभीर उम्मीदवार है और पंचकूला निवासी चाहते है कि भाजपा की टिकट उन्हें मिले। इधर सजपा की ओर से पूर्वमंत्री कान्ति प्रकाश भल्ला के पुनः मैदान में उतरने की उम्मीद बनी हुई है। मुख्यमंत्री भजन लाल के इंकार करने के बावजूद कांग्रेस की ओर से उनके सपुत्र चन्द्र मोहन के यहां से चुनाव लड़ने की चर्चा बहुत जोरों पर है। इसमें कोई संदेह भी नहीं लगता कि यदि चन्द्रमोहन यहां से चुनाव लड़ते है तो वे भारी मतों से विजय प्राप्त कर सकते है। इसका सबसे बड़ा कारण है यहां के लोग पंचकूला का विकास चाहते है और चन्द्रमोहन के यहां से विधायक बनने पर इस शहर का विकास निश्चित है। इस लिये यहां के मतदाता पार्टी के अलग हट कर विकास के लिए चन्द्रमोहन को वोट दे सकते है। परन्तु मुख्यमंत्री के सूत्रों का कहना है कि भजनलाल नहीं चाहते कि चन्द्रमोहन को यहां से चुनाव लड़ा कर वे बेकार में विवाद का विषय बने। सूत्रों का कहना है कि भजन लाल का मानना है कि यदि उन्होंने कालका से अपने पुत्र चन्द्रमोहन को टिकट दिलवा दिया तो फिर उनमें और देवीलाल व बंसीलाल में क्या अंतर रह जाएगा। वे नहीं चाहते कि देवीलाल और बंसीलाल की तरह उन पर भी परिवारवाद अथवा पुत्रवाद का धब्बा लगे।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1506: वेटिकन सिटी में वर्तमान सेंट पीटर बेसिलिका का निर्माण चौथी शताब्दी में निर्मित पुरानी बेसिलिका के स्थान पर शुरू हुआ।
1738: रियल अकादमी डे ला हिस्टोरिया (रॉयल एकेडमी ऑफ हिस्ट्री) मैड्रिड में स्थापित किया गया।
1859: देश में आजादी की अलख जगाने वाले तात्या टोपे को 1857 की आजादी की पहली क्रांति में निर्णायक भूमिका निभाने पर फांसी पर लटका दिया गया।
1902: अपराधियों की पहचान के लिए डेनमार्क ने सबसे पहले फिंगरप्रिंट दर्ज करने शुरू किए।
1917: गांधी जी ने अपने सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत के लिए बिहार के चंपारण का चयन किया।
1948: हेग, नीदरलैंड्स में इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस की स्थापना।
1950: विनोबा भावे ने आंध्र प्रदेश के तेलंगाना में पंचमपल्ली गांव की 80 एकड़ भूमि के साथ भूदान आंदोलन शुरू किया।
1955: जाने-माने वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का 76 वर्ष की उम्र में प्रिंसटन के एक अस्पताल में निधन।
1968: अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
1971: भारत का पहला जंबो जेट बोइंग 747 बम्बई पहुंचा। इसे सम्राट अशोक नाम दिया गया।
1978: आधुनिक नई दिल्ली का निर्माण करने वाले सोभा सिंह का निधन।
1980: जिम्बाब्वे ने ब्रिटेन से आजादी का ऐलान किया।
1991: केरल को देश का पहला पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया गया।
1992: रंगभेद के कारण प्रतिबंधित दक्षिण अफ्रीका ने 1970 के बाद पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला।
1994: वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ब्रायन लारा ने इंग्लैंड के खिलाफ एक दिन में 375 रन बनाकर सर गारफील्ड सोबर्स का रिकार्ड तोड़ा।
1996: काहिरा में अज्ञात हमलावरों ने ग्रीस के 17 टूरिस्टों और उनके स्थानीय गाइड को गोलियों से भूना।

## बोल ब्यूटीफुल



**आनंद महिंद्राः** मनोज कुमार के निधन से मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैंने अपने बचपन का कोई अहम हिस्सा खो दिया। मेरे परिवार ने कभी भी मनोज कुमार की कोई फिल्म मिस नहीं की। उनकी फिल्म पूरब और पश्चिम ने देशभक्ति का जो जज्बा जगाया, वह अभूतपूर्व था। मनोज कुमार एक अभिनेता से हर परिवार के सदस्य बन गए।

**राजेश शुक्लाः** मोदी सरकार को मौका मिला है कि दुनिया में टैरिफ वार के कारण मचे हाहाकार को आपदा के बजाय अवसर के रूप में ले। वह बड़े नीतिगत फैसले लेकर नई विश्व व्यापार व्यवस्था में देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए उच्च स्तर पर ले जाए। इस समय के निर्णय ऐतिहासिक सिद्ध होंगे।

# चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वर्चुअलएक्स शिखर सम्मेलन शुरू

दैनिक अर्थ प्रकाश



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में गुरुवार 17 अप्रैल को विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और एनिमेशन के विविध पहलुओं पर दो दिवसीय वर्चुअलएक्स शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई। शिखर सम्मेलन का आयोजन चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के एनीमेशन विभाग द्वारा वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार तथा एबीएआई (बैंगलोर एनीमेशन उद्योग संघ) के सहयोग से किया जा रहा है।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय स्थानीय प्रतिभा को बढ़ावा देने और सरकार की 'क्रिएट इन इंडिया' पहल का समर्थन करने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय और एबीएआई द्वारा आयोजित किए जा रहे डब्ल्यूएएफएक्स, वेव्स व वीएफएक्स चैलेंज की क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर क्षेत्र भागीदार के रूप में अहम भूमिका निभा रहा है। शिखर सम्मेलन के दौरान जिन प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई, उनमें बहुप्रतीक्षित एनिमेटेड फीचर फिल्म 'छावा' के निर्माण के पीछे की अंतर्दृष्टि, साथ ही नेटफ्लिक्स की आगामी एनिमेटेड फिल्म 'वुल्फ किंग' भी शामिल है। कार्यक्रम में कंप्यूटर जनरेटेड इमेजरी, विजुअल इफेक्ट्स और विस्तारित वास्तविकता (एक्सटेंडिट रियलिटी एप्लीकेशन) अनुप्रयोगों में अत्याधुनिक विकास को भी शामिल किया गया है, जो क्रिएटिव टेक्नालोजी क्षेत्र में छात्रों और विशेषज्ञों (प्रोफेशनल्स) को मूल्यवान जानकारी प्रदान करेगा।

शिखर सम्मेलन का उद्घाटन विभागाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार, सहायक निदेशक प्रो. पामिल अरोड़ा और श्री अजयपाल सिंह चन्ना ने किया तथा उद्योग जगत के कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

उद्घाटन भाषण में उप कुलपति (शैक्षणिक मामले) प्रो. डॉ. वी.आर. रघुवीर ने विद्यार्थियों को बताया कि विश्वविद्यालय उन्हें एक ऐसा वातावरण देने का प्रयास करता है, जहां विद्यार्थी प्रयोग कर सकें, नई चीजों को सीख सकें और यदि कहीं कठिनाई आए तो उसका सामना करने साथ, वे भविष्य के लिए तैयार रहें।

द मिल के कार्यकारी निदेशक श्री चंद आरके, एबीएआई के अध्यक्ष श्री बीरेन घोष, पिक्सेल एंड रेशियो के संस्थापक और क्रिएटिव निदेशक श्री अनिरबनदीप दत्ता, ज़ेबू एनिमेशन के निदेशक श्री वीरेन पटेल, क्राफ्टन के कला निदेशक श्री श्याम देशपांडे और द मिल के क्रिएटिव विभाग के प्रमुख श्री राकेश वेणुगोपालन ने भी छात्रों और अन्य शिखर सम्मेलन प्रतिभागियों के साथ रोचक पहलु और दृष्टिकोण साझा किए। उत्तर क्षेत्र की डब्ल्यूएएफएक्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी और अतिथियों द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

क्षेत्रीय विजेता वेव्स-2025 में 24 घंटे में चुनौती से निपटने की प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रतियोगी वीएफएक्स शॉट बनाने के लिए हरे मैट स्क्रीन, 3डी एसेट्स और एफएक्स लाइब्रेरी का उपयोग करेंगे। प्रत्येक श्रेणी में चैम्पियन को नकद पुरस्कार और विशेष उपहार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। शिखर सम्मेलन 18 अप्रैल शुक्रवार को भी जारी रहेगा, जिसमें दृश्य प्रभाव, एनीमेशन और गेमिंग पर आगे के सत्र होंगे।

# जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन की ओर से पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण पाठशाला की शुरुआत 22 से

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन की ओर से पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण पाठशाला की शुरुआत 22 अप्रैल को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर 11 चंडीगढ़ और राजकीय उच्च विद्यालय सेक्टर 46 चंडीगढ़ से की जाएगी।

फाउंडेशन के शिक्षण कार्य सह प्रमुख प्रताप सिंह कौशल ने बताया कि पिछले वर्ष भी विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण पाठशाला का आयोजन ट्राइसिटी के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में आयोजित किया गया और पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें पौधा लगाओं,पेड़ बनाओं का संदेश सफलतापूर्वक दिया गया।

फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि फाउंडेशन द्वारा अपने सहयोगी शिक्षण एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस से प्रारंभ कर 22 मई जैव विविधता दिवस तक पर्यावरण



पाठशाला का आयोजन ट्राइसिटी के साथ हिमाचल और हरियाणा तथा पंजाब के अलग अलग शिक्षण संस्थानों में चलाया जाएगा।इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों एवं शिक्षकों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता एवं ज़म्मिेदारीपूर्वक अपने कर्तव्यों के निर्वहन का व्यवहारिकता के साथ उदाहरण सहित व्याख्यान दिया जाएगा और पेड़,पानी तथा कचरा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। ट्री एम्बुलेंस के माध्यम से पौधों के उचित देखभाल तथा आगामी पौधारोपण के लिए 5 एस एवं 5 पी की पूरी जानकारी देते हुए पौधारोपण को शत प्रतिशत सफल बनाने पर फोकस होगा।

फाउंडेशन के पर्यावरण कार्य सह प्रमुख दीपक शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए गर्मी के छुट्टी में चलाए जाने वाले निशुल्क पर्यावरण प्रशिक्षण की भी जानकारी दी जाएगी और हमारा काम धरती माता के नाम के संदेश को जन जन तक पहुँचाया जाएगा।

# शुक्रवार को करें इन त्रिदेवियों की पूजा, धन, संपत्ति व व प्रेम का मिलेगा वरदान

शुक्रवार का दिन देवी मां की पूजा के लिए विशेष होता है। इस दिन आप उनके हर स्वरूप की पूजा हो सकती है। ऐसे में जानें लक्ष्मी, दुर्गा, और संतोषी मां की आराधना का महत्व। इस दिन लोग मिठाई का दान किया जा सकता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार लगातार 16 शुक्रवार के दिन व्रत रखना बेहद फायदेमंद साबित होता है। इस दिन लोग सफेद रंग के वस्त्र पहनना भी शुभ माना जाता है। शक्ति और दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए यह दिन बहुत अच्छा होता है। शुक्रवार का व्रत अलग-अलग वजहों से रखा जाता है। कुछ लोग संतान की प्राप्ति के लिए इस दिन व्रत रखते हैं तो कुछ खुशहाल जीवन के लिए। बाधाओं को दूर करने के लिए शुक्रवार का व्रत बहुत लाभकारी है।



**मां दुर्गा की पूजा:** शुक्रवार का दिन मां दुर्गा का दिन है। इस दिन मां दुर्गा की पूजा करने और उनके मंत्रों का जाप करने का विशेष महत्व होता है। आप शुक्रवार के दिन का आरंभ 'ऊं श्री दुर्गाय नमः' के जाप के साथ कर सकते हैं। मां दुर्गा का यह मंत्र मां लक्ष्मी, सरस्वती और काली तीनों शक्तियों की उपासना के लिए है। दुर्गा जी की पूजा के लिए सबसे पहले माता दुर्गा की मूर्ति उनका आवाहन करें। अब माता दुर्गा को स्नान कराएं। स्नान पहले जल से फिर पंचामृत से और वापिस जल से स्नान कराएं। अब माता दुर्गा को वस्त्र अर्पित करें। इसके बाद उन्हें आसन पर स्थापित करें, फिर आभूषण और पुष्पमाला पहनाएं। अब इत्र अर्पित करें व तिलक करें। तिलक के लिए कुमकुम, अष्टगंध का प्रयोग करें। इसके बाद धूप व दीप अर्पित करें। ध्यान रहे कि मां दुर्गा के पूजन में दूर्वा अर्पित नहीं की जाती है। मां को लाल गुड़हल के फूल अर्पित करें। 11 या 21 चावल चढ़ायें और श्रद्धानुसार घी या तेल के दीपक से आरती करें। अब नेवैद्य अर्पित करें। पूजन के पूरा होने पर नारियल का भोग अवश्य लगाएं।10-15 मिनट के बाद नारियल को फोड़े और उसका प्रसाद देवी को अर्पित करने के बाद सबमें बांट कर स्वयं भी ग्रहण करें।

**मां लक्ष्मी की उपासना:** शुक्रवार के दिन ही धन और सम्पन्नता की देवी मां लक्ष्मी की भी पूजा होती है। मां लक्ष्मी की पूजा सफेद या गुलाबी वस्त्र पहनकर करनी चाहिए। इनकी पूजा का उत्तम समय मध्य रात्रि होता है। मां लक्ष्मी की उसी प्रतिकृति की पूजा करनी चाहिए, जिसमें वह गुलाबी कमल के पुष्प पर बैठी हों। साथ ही उनके हाथों से धन बरस रहा हो। मां लक्ष्मी को गुलाबी पुष्प, विशेषकर कमल चढ़ाना सर्वोत्तम रहता है। कहते हैं मां लक्ष्मी के मन्त्रों का जाप स्फटिक की माला से करने पर वह तुरंत प्रभावशाली होता है। शुक्रवार को लक्?मी जी उपासना करने से विशेष लाभ की प्राप्ति होती है।

**संतोषी मां की पूजा:** शुक्रवार को देवी के इस स्वरूप की भी पूजा होती है। सुख-सौभाग्य की कामना से संतोषी मां के 16 शुक्रवार तक व्रत किए जाने का विधान है। इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर घर की सफ़ाई इत्यादि पूर्ण कर लें। स्नानादि के बाद घर में किसी पवित्र जगह पर माता संतोषी की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। उनके सम्मुख जल से भरा कलश रखें और उस के ऊपर एक कटोरा गुड़ चना भर कर रखें। माता के समक्ष घी का दीपक जलाएं, फिर अक्षत, फ़ूल, इत्र, नारियल, लाल वस्त्र या चुनरी अर्पित करें। देवी को गुड़ चने का भोग लगायें और कथा पढ़ कर आरती करें। कथा समाप्त होने पर हाथ का गुड़ चना गाय को खिला दें। कलश पर रखे गुड़ चने का प्रसाद सभी को बांटें। कलश के जल को घर में सब जगहों पर छिड़कें और बचा हुआ जल तुलसी की क्यारी में डाल दें। ध्यान रहे इस व्रत को करने वाले को ना तो खट्टी चीजें हाथ लगाना है और ना ही खाना है।

# पंचाकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव कार्यक्रमों में मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज ससंघ गाजे बाजे के साथ रोहतक में मंगल प्रवेश किया

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक।** श्री दिंगबर जैन मंदिर सराय मौहल्ला रोहतक एवं सकल जैन समाज के द्वारा आयोजित झज्जर रोड पर स्थित श्री 1008 भगवान शांतिनाथ जैन मंदिर, जैन जति जी में 1008 श्री मज्जिनेन्द्र पंचाकल्याण जिनबिम्ब प्रतिष्ठा महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ 18 अप्रैल शुक्रवार से शुरू होकर 24 अप्रैल वीरवार.तक सात दिवसीय पंचाकल्याण प्रतिष्ठा,महामहोत्सव में होने वाले कार्यक्रमों में मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज ससंघ गाजे बाजे के साथ रोहतक में मंगल प्रवेश किया।

धर्मनगरी रोहतक की पावन धरा पर गुरुग्राम अहिंसा स्थल से पैदल विहार करते हुए मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज ससंघ दिल्ली, नजफगढ़, बहादुरगढ़, सांपला, खड़ावड़ जैन फार्म, सैक्टर-1 श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन गजरथ मंदिर, दिल्ली बाईपास, मैडिकल मोड़, सिविल रोड पर स्थित रेस्ट हाउस के सामने महावीर पार्क भगवान महावीर लाइब्रेरी, छोटू राम चैक, शांतमाई चैक से होते हुए श्री दिगंबर जैन मंदिर सराय मौहल्ला के दर्शन करते हुए पंचकल्याणक प्रति महामहोत्सव झज्जर रोड पर स्थित दिगम्बर जैन जति जी में पहुंचे जहां पर श्रद्धालुआं के द्वारा महाराज श्री का पाद प्रछालन एवं भव्य स्वागत किया। 21 इन्द्रों के द्वारा एक ही लाईन में खड़े होकर थालियों में महाराज जी का पैरा में जल डालकर पाद प्रछालन किया और महाराज जी ने सभी अपना मंगल आर्शीवाद दिया। रास्ते में महाराज जी की सभी श्रद्धालुओं ने अपने घरों व दुकानो के आगे आरती उतारी। महाराज जी के स्वागत के लिए दिल्ली बाईपास से लेकर जैन जति जी तक स्वागत गेट बनाए गए थे।

दिल्ली से आई दीपचन्द की शहनाई व रोहतक का शिव रमेश बैंड ने अपनी मधुर ध्वनि से धर्म के भजन सुनाकर ऐसा समा बांधा की सभी झूमने पर मजबूर हो गए। जैन पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा अपनी मधुर ध्वनि से धर्म के गीत सुनाए और महाराज जी का स्वागत किया। अब पूरा रोहतक शहर रंग बिरंगी लाईटों से जगमग कर रहा है। आज से मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज ससंध झज्जर रोड पर जैन जति जी में विराजमान रहेंगे। इस अवसर पर समाज सेवी उद्योगपति विजय कुमार जैन, ब्रह्मचारी नितिन भैया, पंडित हरेन्द्र शास्त्री, पंडित सनक कुमार, पंडित विनोद कुमार, संस्था के प्रधान अतुल जैन, सचिव अजय जैन, चक्रेश जैन, अनिल जैन बैंक वाले, राजेश जैन डी.एल.एफ, मनोज जैन पंसारी, शलेष जैन, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, अनुराग जैन, नीतिन लोहिया, गौतम जैन, मनोज जैन डब्बू, सुनील जैन, अरूण जैन एडवोकेट, राजीव जैन नानक, सुनील जैन, कुणाल जैन आदि सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# खुद को एनालिसिस करना बेहद जरूरी: कुलपति अशोक कुमार



## इंटरव्यू के दौरान हमेशा सकारात्मक रहें

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**राई।** गुरुवार को स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, राई, सोनीपत में इंटरव्यू स्किल्स एवं इंटरव्यूज को बेहतर तरीके से कैसे क्रैक किया जाए इसको लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विश्विद्यालय के कुलपति श्री अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को इंटरव्यू स्किल्स के बारे में बेहतर जानकारियां दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि हमें साक्षात्कार की बेसिक तैयारी क्या करनी चाहिए इसको जानना एवं समझना बेहद जरूरी है। हमें इंटरव्यू देने से पहले जॉब की आवश्यक को समझना जरूरी है। इसके साथ ही अपनी वीकनेस एंड स्ट्रेंथ को समझना जरूरी है।

कुलपति ने बताया कि इंटरव्यू देने से पहले करंट में क्या चल रहा है उसको जानना एवम समझना उस फील्ड में अपडेट क्या चल रहा है उसको पूरे तरीके से जानना जरूरी है। जिस भी जॉब के लिए जा रहे हैं उसके लिए क्या जरूरी जॉब रोल है उनकी समझ होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि आपके अंदर लीडरशिप के गुण होने चाहिए। क्योंकि इंटरव्यू पैनल आपके अंदर कोई ना कोई खूबी देखना चाहता है। आपके उत्तर से ही आपकी तकनीक एवं कार्य क्षमता को देखा जाता है।

विद्यार्थियों को अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि कंपनी के प्रोफाइल को जानना बहुत जरूरी है। आपको उस संस्थान के बारे में प्रॉपर रिसर्च और होम वर्क करना होना। आपका इंटरव्यू कै?ुअल ना हो। आपको इस तरह से परफॉर्मेस देनी है कि सामने वाले को लगे यह इस जॉब रोल के लिए बेहतर है। अपनी प्रेजेंटेशन स्किल्स बेस्ट तरह से रखें। आपका कॉन्फिडेंस बेहतर होना चाहिए। इससे सक्सेस के चांस ज्यादा होंगे। आपकी ड्रेसिंग, कम्युनिकेशन स्किल्स, बातचीत का तरीका, पोस्चर इंटरव्यू में बहुत मायने रखता है। बहुत सोच समझकर कप?ों का चुनाव करें। यह इंटरव्यू में आपकी पर्सनालिटी को दिखता है।

# भक्त व महापुरुष कभी भी अपनी मर्जी नहीं चलाते

भक्त ने सदा सब कुछ इस दातार, इस प्रभु-परमात्मा को ही माना है कि हे दातार, तेरी ही सब वस्तुएं हैं 7 तू ही दाता है, तू ही देने वाला है। मेरा तो है ही क्या जो मैं इन चीजों का असर ग्रहण करूँ। यह तो तेरी ही वस्तुएं हैं, तू ही मालिक है। इसलिए भक्त बेफ़्क्रि हो जाता हे और कोई बोझा अपनेपर कभी नहीं लेता-

चिन्ता तो सतनाम की, ओर न चितवे दास। जो कुछ चितवे नाम बिन, सोई काल की फांस।

इस नाम के बगैर भक्त को और चिन्ता नहीं होती। अगर भक्त नाम को छोड़ कर और चीजों की चिन्ता करता है तो वह काल की फांस की तरह उसके गले को जकड़े रहती है, उससे उसके सांस सूखते रहते हें। इसलिए कहा है कि-

एकला चिन्ता।

भक्त इस एक प्रभु की चिन्ता (सोच-विचार) करते हैं, किसी ओर की चिन्ता नहीं रखते। इस ईश्वर प्रभु-परमात्मा, इस निराकार को ही कर्ता मानकर, सब कुछ इसी को ही मानकर, जिस-जिस ने भी जीवन व्यतीत किया है, वही सुखी हो गया है, वही आनन्दित हो गया है।

जिनको कछु न चाहिए सोई शहनशाह।

जिसके मन में कोई लालसा नहीं, वही सबसे बड़ा शहनशाह हुआ करता है, वही भरपूर हुआ करता है, वही अपने आपको संतुष्ट मानते हैं। निरलेप जीवन जीने वालों की यही अवस्था हुआ करती है। लोग अपने पद, विद्याओं और जातियों के अभिमान के कारण भी भक्ति नहीं कर पाते। जितने भी महापुरुष हुए हैं, क्या उन्होंने अपनी जाति का अभिमान किया? किसी ने भी जाति का अभिमान नहीं किया। किसी ने अपने आप को विद्वान नहीं माना कि मैं बड़ा विद्वान हूँ, मैं तो कविताओं की रचना करता हूँ, मैं तो सुन्दर शब्दों का प्रयोग करता हूँ। दूसरे इन्सान तो ऐसा कर ही नहीं पाते। कभी भी किसी महापुरुष ने ऐसा अभिमान नहीं किया। उन्होंने हमेशा इस दातार की कृपा ही मानी है।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

ना कुछ किया, न करि सका न करने जोग शरीर।
जो कुछ किया सो हरि किया, भयो कबीर कबीर।

हे दातार, सब तू ही करने वाला है, आप तो मेरा यश कराना चाहते हैं, मेरा नाम कराना चाहते हैं। इसलिए ही मेरा नाम हो जाता है। तेरे कारण ही मेरी यश-कीर्ति हो रही है।

भक्त और महापुरुष कभी भी अपनी मर्जी नहीं चलाते। संसार के मनुष्य तो केवल अपनी मर्जी ही चलाने की कोशिश करते हैं। लेकिन भक्तों की विशेषता यह बताई जाती है कि भक्त सब कुछ हमेशा इस दातार के ऊपर ही छोड़ते हैं। अपनी मर्जी के बजाए दातार की मर्जी को अहमियत देते हें। यह भी एक अकिकत है कि यहां अपनी मर्जी से होने वाला भी क्या है? इन्सान अपने सर की कसम खाता है, तो हज़रत ईसा मसीह ने कहा है कि हे इन्सान तू सर को तो अपना बता रहा है, पर तुझे इसमें अख्तियार क्या है? अपने सर पर एक बाल भी सफेद होने से तू रोक सकता है क्या? तुझे तो इतना भी अख्तियार नहीं। फिर इस सर में तेरा क्या है, जिसकी कसमें खाता है? ये सब कुछ दातार का है, इस दातार के सहारे ही सब कुछ चलता है, उसी का जीवन सरल और सहज बन जाया करता हे। इसी को निरलेप अवस्था वाला कहा जाता है।

## पंचांग

शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025, सूर्योदय: 05:53 ए एम, सूर्यास्त: 06:49 पी एम, चन्द्रोदय: 11:52 पी एम, चन्द्रास्त: 09:01 ए एम, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वत: 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वत: 2081 नल, अमान्त महीना: चैत्र, पूर्णिमान्त महीना: वैशाख, वार: शुक्रवार, पक्ष: कृष्ण पक्ष, तिथि: पञ्चमी - 05:07 पी एम तक, नक्षत्र: ज्येष्ठा - 08:21 ए एम तक, योग: परिघ - 01:04 ए एम, अप्रैल 19 तक, करण: तैतिल - 05:07 पी एम तक, द्वितीय करण: गर - 05:48 ए एम, अप्रैल 19 तक, सूर्य राशि: मेष, चन्द्र राशि: वृश्चिक - 08:21 ए एम तक, राहुकाल: 10:44 ए एम से 12:21 पी एम, गुलिक काल: 07:30 ए एम से 09:07 ए एम, यमगण्ड: 03:35 पी एम से 05:12 पी एम, अभिजित मुहूर्त: 11:55 ए एम से 12:46 पी एम, दुर्मुहूर्त: 08:28 ए एम से 09:20 ए एम, दुर्मुहूर्त: 12:46 पी एम से 01:38 पी एम, अमृत काल: 03:25 ए एम, अप्रैल 19 से 05:09 ए एम, अप्रैल 19, वर्ज्य: 05:01 पी एम से 06:45 पी एम।

## भविष्य फल

**मेष:** आज आपका कोई खास काम दोस्तों की मदद से पूरा होगा। शाम तक आपको कोई खुशखबरी मिलने की संभावना है।

**वृष:** प्रियजनों के साथ समय बिताना आनंददायक रहेगा। व्यवसायी सन्दर्भ में आज आप अचछा महसूस कर सकते हैं कि आपके पास बहुत अधिक काम है।

**मिथुन:** सितारों की स्थिति आपके लिए खास हो सकती है। आज आप सक्रिय रहेंगे।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए कई तरह से फायदेमंद होगा। आर्थिक लुक से आप समृद्ध रहेंगे एवं नया सौदे भी प्रगति करेंगे।

**सिंह:** आज आपको परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। कई दिनों से रुके हुए काम आज पूरे होने की संभावना हैं।

**कन्या:** आपके पास नए अवसर होंगे और उनका उपयोग करके लाभ प्राप्त करेंगे, इस प्रकार वित्तीय समृद्धि का आश्वासन दिया गया है।

**तुला:** कुछ रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। नौकरी और बिजनेस में समय पर सहयोग नहीं मिलने से परेशानी हो सकती है।

**वृश्चिक:** व्यापर में आप लोगों को विशाल लाभ हो जाने की संभावना है। सफलता आपको आने वाले समय में मिल सकती है। धन लाभ होने के पुरे योग बन रहे है।

**धनु:** आज आपको अचानक धन लाभ होगा। आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगीं।

**मकर:** आज आपको बेहतरीन वित्तीय परिणाम देखने को मिलेंगे। प्रभावशाली लोगों के साथ संबंध स्थापित करने के लिए अच्छा समय है।

**कुंभ:** ऑफिस में साथ वाले लोगों से मदद मिल सकती है। कुछ अच्छे और बड़े बदलाव होने की संभावना बन रही है।

**मीन:** साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे। वाहन चलते वक्त आप सावधानी जरूर से बरते।

पेयजल की किल्लत की शिकायतों के चलते नगर निगम मेयर राजीव जैन अचानक पहुंचे पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित बूस्टिंग स्टेशन, अधिकारियों को लगाई फटकार

# भविष्य में शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई होगी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** तारा नगर, भगतपुरा, चार मरला, आठ मरला समेत अनेकों कालोनियों में पिछले दो दिन से आ रही पेयजल की किल्लत की शिकायतों के चलते नगर निगम मेयर राजीव जैन अचानक पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी सिथत बूस्टिंग स्टेशन पंहुचे और वंहा पर ड्यूटी दे रहे कर्मचारियों को फटकार लगाई। भविष्य में शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई होगी। मौके पर मौजूद नगर निगम के कनिष्ट अभियंता अमित ने बताया कि इलेक्ट्रिक पैनल में फाल्ट आ गया है जिस कारण 220 हॉर्स पावर कि मोटर नहीं चल रही और दो घंटे में फाल्ट ठीक करके पानी कि आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। राजीव जैन ने कहा कि साथ में सवा सौ हॉर्स पॉवर की दो मोटरों को चालू करने के लिए कहा तो अधिकारी ने बताया कि इनका भी कनेक्शन इसी इलेक्ट्रिक पैनल से है। राजीव जैन ने निर्देश दिए कि कनेक्शन अलग अलग पैनल से किये जाएँ ताकि आपात सिथति में छोटी मोटरों से पानी की आपूर्ति जारी रह सके।उन्होंने दो दिन पहले जाजल में बिजली की लाइन खराब होने के कारण 7 घंटे पानी की आपूर्ति बंद रहने पर स्पस्टीकरण माँगा तो कनिस्ट अभियंता ने बताया कि आंधी से फाल्ट आ गया था। मेयर ने कहा कि जाजल रेनीवेल पर तो जनरेटर की सुविधा भी उपलब्ध है तो क्यों नहीं चलाया। उन्होंने फोन पर जाजल रेनीवेल की देखरेख करने वाले ठेकेदार रामजीलाल से भी बात की और कहा कि भविष्य में बिजली का फाल्ट आने पर जनरेटर चलना चाहिए। इसके बाद राजीव जैन ने मुखी हस्पताल के पास सिथत दोनों बूस्टिंग स्टेशन की व्यवस्था जांची जिसमे एक मोटर एक माह से खराब मिली। राजीव जैन ने गर्मियों के मौसम को देखते हुए मोटर को तुरंत ठीक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मियों में पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से चलती रहे इसके लिए सभी इंतजाम पूरे किये गए।



# समाजसेविका पल्लवी गोयल ने किया बैसाखी मेले का उद्घाटन



अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

फरीदाबाद। बैसाखी के पावन अवसर पर फरीदाबाद के सेक्टर-15 स्थित सामुदायिक भवन में भव्य बैसाखी मेले का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन समाजसेविका एवं भाजपा नेत्री श्रीमती पल्लवी गोयल ने किया। पल्लवी गोयल हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल की धर्मपत्नी हैं और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं।

इस वार्षिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आयोजित बैसाखी मेले में स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेले में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प और व्यंजनों की स्टॉल भी लगाई गई। उद्घाटन के पश्चात पल्लवी गोयल ने मेले में भ्रमण कर सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और हस्तशिल्प कला की विशेष सराहना की।

उन्होंने 'राम' नाम पर आधारित हस्तनिर्मित राम दरबार फ्रेम को विशेष रूप से सराहा और कहा कि इस प्रकार की कलाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं, जिन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उन्होंने आयोजक टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय कलाकारों और हस्तशिल्पियों को न केवल मंच मिलता है, बल्कि उनकी प्रतिभा को भी नई पहचान मिलती है। इस अवसर पर पल्लवी गोयल ने कहा कि बैसाखी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का उत्सव है। ऐसे मेलों के माध्यम से समाज के सभी वर्ग एकजुट होते हैं और हमारी लोककलाएं, परंपराएं एवं हस्तशिल्प जीवंत होती हैं।

कार्यक्रम के आयोजक साहिल जयसिंह, मानसी जयसिंह, सुनीता वर्मा, शशि गोयल एवं प्रकृति गोयल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

जाट समाज ने किया सूरजमल स्मारक शिक्षा समिति की नई कार्यकारिणी का अभिनंदन

# शिक्षा के प्रति संकल्पित रहे समाज: कप्तान सिंह

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ




फरीदाबाद। जाट समाज फरीदाबाद द्वारा सैक्टर-16 स्थित किसान भवन में सूरजमल स्मारक शिक्षा समिति जनकपुरी दिल्ली की नई कार्यकारिणी का भव्य अभिनंदन किया। जाट समाज के लोगों ने उन्हें पुष्प माला और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट समाज के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रंजीत सिंह दहिया ने की। इस अवसर पर सूरजमल स्मारक शिक्षा समिति जनकपुरी के अध्यक्ष कप्तान सिंह, प्रो. श्याम सिंह चैयरमैन, संयुक्त सचिव एसएस सोलंकी, शिवराम तेवतिया संयुक्त सचिव, समिति के सदस्य ओमप्रकाश राठी, उम्मेद सिंह गिल, सुरेश नंदल, अरविंद पाल दहिया, सूरजमल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन टी.पी. सिंह, मैनेजर श्याम सिंह तेवतिया, स्थायी चैयरमैन एजुकेशन कमेटी वीके नैन सहित दिल्ली के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर जाट समाज के महासचिव एच.एस. मलिक ने कहा कि कोई भी समाज एकजुटता से चलता है और वह समाज ज्यादा फलीभूत होता है जो समाज अन्य समाजों के लिए परोपकार के कार्यों में हिस्सा लेता है। उन्होंने बताया कि जाट समाज फरीदाबाद की कमेटी महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर, लोगों के लिए निश्शुल्क चिकित्सा एवं दवाई की व्यवस्था, जिले के हर स्कूल से प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिवर्ष नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से प्रोत्साहित करना, गरीबों में कंबल वितरण, देश के लिए शहीद होने वाले जवानों के परिजनों के लिए एक लाख रुपए की नकद राशि सहायता, प्रदेश के खिलाडियों के लिए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित करती रही है। सूरजमल स्मारक शिक्षा समिति के अध्यक्ष कप्तान सिंह ने कहा कि उनकी समिति दिल्ली में अनेक शिक्षण संस्था चलाकर देश के भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु छात्र-छात्राओं को शिक्षा देने के लिए संकल्पित है वहीं व्यवसायिक कक्षाओं के लिए भी एमबीए, बीबीए तथा यूपीएससी की तैयारियों के लिए भी विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका है इसलिए शिक्षा समिति द्वारा चलाए जा रहे कालेजों का देश में 11वें स्थान पर तथा दिल्ली में प्रथम स्थान रहा है।

# तीन लाख 25 हजार जुर्माना वसूलने के बाद छोड़ा अवैध खनन में संलिप्त वाहन: डॉ. मनोज कुमार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि महानिदेशक, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, हरियाणा, पंचकूला के निर्देशानुसार जिला सोनीपत में अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में प्रशासन द्वारा दिन-रात वाहनों की जांच एवं निगरानी की जा रही है।गुरुवार को खान एवं भू-विज्ञान विभाग, सोनीपत तथा हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो, मिमारपुर की संयुक्त टीम द्वारा निरंतर खनिज ले जा रहे वाहनों की जांच की गई। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।उपायुक्त ने बताया कि अवैध खनन के एक मामले में गांव मुरथल में पकड़े गए एक वाहन, जिसका स्वामी ओम सिंह पुत्र जयलाल निवासी बढ़ खालसा है, से 3,25,000 का जुर्माना वसूल कर ही वाहन को छोड़ा गया। यह राशि सरकारी खजाने में जमा कराई गई है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में अवैध खनन में लिप्त किसी भी व्यक्ति या वाहन के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे अवैध खनन जैसी गतिविधियों से दूर रहें। ऐसा करके न केवल वे अपने मेहनत की कमाई को बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुँचा रहे हैं।



# चंडीगढ़ के बाद अब पंचकूला में पानी को बर्बादी को लेकर एचएसवीपी सख्त

पानी के बिल के साथ वसूला जाएगा 6078 रुपए जुर्माना

बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल काट दिया जाएगा पानी का कनेक्शन



अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** गर्मियों के दिनों में पानी किल्लत से बचने और बर्बादी को रोकने के लिए चंडीगढ़ के बाद अब पंचकूला में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने सख्त कदम उठाए हैं। गर्मी के मौसम में पानी की खपत में वृद्धि के कारण तथा जलापूर्ति का पर्याप्त दबाव बनाए रखने के लिए लोगों को आपूर्ति के दौरान पानी की बर्बादी करने से प्रतिबंधित किया है। एचएसवीपी सर्कल, पंचकूला के अधीक्षण अभियंता की ओर से जारी किए ताजा आदेश में वाहनों एवं आंगन आदि की धुलाई, लॉन में पानी देना, या किसी अन्य कारण से पानी की बर्बादी या दुरुपयोग करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी प्रकार ओवर हेड/भूमिगत जल टैंकों से ओवरफ्लो, पानी के मीटर से रिसाव, डेजर्ट कूलर से लीकेज और ओवरफ्लो, बिब नल न लगाने से पानी की बर्बादी और बूस्टर पंपों को सीधे लाइनों पर लगाना सख्त मना है। इसकी वजह यह है कि इससे क्षेत्र में पानी का दबाव कम हो जाता है और पीने योग्य पानी दूषित हो सकता है। अगर बूस्टर पंप सीधे पानी की लाइन पर लगे हुए पाए जाने पर उसे हटा दिया जाएगा और जब्त कर लिया जाएगा।

**ये आदेश अभी से लागू**

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से पानी को बर्बादी को रोकने के लिए अपने आदेशों को अभी से लागू कर दिया है। इसके साथ ही शहर में प्राधिकरण की अलग टीमें सर्वे कर एरिया में उल्लंघन का पता लगाएंगी।अधिकारियों की माने तो एचएसवीपी उल्लंघन को पकड़ने के लिए अपनी पूरी तैयारी कर चुका है। रोजाना शुभ 6 बजे से साढ़े 8 बजे तक गाड़ियां धोने के अलावा लॉन में पानी देने वालों पर टीमों की नजर रहेगी।

**एच एस वी पी लेगा ये एक्शन**

यदि उपभोक्ता इसमें से किसी भी उल्लंघन में लिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उल्लंघन का पता चलने पर, 1 बार 6078 रुपये तथा 2 बार 6078 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा, जिसे नियमित जल आपूर्ति शुल्क बिलों के माध्यम से वसूला जाएगा। दोषी द्वारा उपयोग की जा रही बूस्टर पंप, होज़ पाइप आदि जैसी कोई भी सामग्री जब्त कर ली जाएगी। दो बार जुर्माना/दंड लगाने के बाद भी उल्लंघन पाए जाने पर, बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल जल कनेक्शन काट दिया जाएगा।

# इंस्टाग्राम पर टास्क से मुनाफा कमाने के झांसे में महिला ने गंवाए 1.58 लाख

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिले में साइबर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। साइबर ठग कभी फेसबुक तो कभी इंस्टाग्राम पर टास्क देकर लोगों को मुनाफा कमाने का झांसा दे रहे हैं, जिसमें लोग आसानी से फंसते चले जा रहे हैं। साइबर ठगों ने अब सेक्टर 27 में रह रही 36 वर्षीय महिला से 1.58 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। सेक्टर 22 पंचकूला में आईटी फर्म में नौकरी करने वाली महिला ने साइबर पोर्टल पर खुद के साथ हुई इस धोखाधड़ी की शिकायत की। पुलिस को महिला ने बताया कि 13 अप्रैल को उसे फेसबुक पर मैसेंजर से एक युवती ने मैसेज किया और टेलिग्राम आईडी के बारे पूछा। टेलीग्राम आईडी देने के बाद सागर यादव की आईडी से उसे मैसेज आया और फिर उसे टेलिग्राम ग्रुप किड्स क्लब (68) में जोड़ दिया गया। महिला के मुताबिक अज्ञात लोगों ने उसे टास्क देने शुरू कर दिए और कहा कि एक टास्क पूरा होने पर आपको 50 रुपए मिलेंगे। जिस पर उसने बताए अनुसार टास्क करने शुरू कर दिए। इसकी एवज में उसे एक बार 150 और 200 आते रहे। उसके बाद उसने अज्ञात शख्स के दिए बैंक अकाउंट में 2 हजार और फिर 5 हजार रुपए यूपीआई से ट्रांसफर किए। जब पैसे वापस लेने चाहे तो उसे कहा गया कि और पेमेंट करनी होगी। फिर उसने 14 अप्रैल को 15 हजार फिर 45 हजार यूपीआई से डाल दिए। फिर उसे कहा गया कि आपके 96500 रुपए हैं जो आप 91 हजार रुपए और देकर सारी रकम निकाल सकते हैं। उसने कहे मुताबिक और 91 हजार रुपए अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी पैसे नहीं निकले तो उसे संदेह हुआ। अज्ञात लोगों ने उससे 1.58,500 रुपए ठग लिए। साइबर थाना पुलिस अब मामले की जांच करते हुए पीड़िता की शिकायत पर बीएनएस की धारा 318 (4), 316 (2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

## मेयर ने प्रीमिक्स री कारपेटिंग कार्य का उद्घाटन किया

**पंचकूला (अप्रस)।** पंचकूला नगर निगम के महापौर कुलभूषण गोयल ने वीरवार को सेक्टर 15 में सड़क प्रीमिक्स रीकारपेटिंग कार्य का उद्घाटन किया। कुलभूषण गोयल ने बताया कि पूरे शहर में नगर निगम के क्षेत्र में जहां भी सड़कों टूटी हुई हैं, उनकी रीकारपेटिंग की जा रही है। लगभग 30 करोड़ रुपये की सड?ों की रीकारपेटिंग शहर में होनी है। जो सड? पुरानी हो चुकी हैं, उनको मशीन से छील कर दोबारा बनाया जाएगा। पार्षद जय कौशिक ने महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पंचकूला में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। उनके वार्ड में भी करोड़ों रुपये के काम पिछले सवा 4 वर्ष में करवाए गए हैं।

# एमएस एनक्लेव ढकोली में दिनदिहाड़े दो बाइक सवार महिला का पर्स छीनकर हुए फरार

पर्स झपटते ही नीचे गिरी महिला, पर्स की चेन पकड़कर रखी कुछ दूर तक घसीटती गई महिला, चेन टूटने से पर्स ले गए स्नैचर

घटना हुई सीसीटीवी कैमरे में कैद



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर ।** एमएस एनक्लेव ढकोली में स्थित शिव मंदिर के पास वीरवार को दिन दिहाड़े दो बाइक सवार युवक महिला का पर्स छीनकर फरार हो गए। महिला ने कंधे पर अपना पर्स डाला हुआ था। बाइक के पीछे बैठे युवक ने जैसे ही पर्स को झपटा महिला नीचे गिर गई लेकिन उसने पर्स की चेन नहीं छोडी। वह कुछ दूर तक बाइक के साथ घसीटती चली गई लेकिन अंत में पर्स की चेन टूट गई और दोनों युवक पर्स लेकर फरार हो गए। घसीटने के कारण पीडिता रोशनी के हाथ- पांव जख्मी हो गए। हालांकि पल्सर का नंबर नोट कर लिया गया है जोकि लालडू का बताया जा रहा है। स्नैचिंग की शिकार हुई महिला की पहचान रोशनी के रूप में हुई है जोकि अपनी मां के साथ मार्केट से सामान लेकर घर जा रहा थी। घटना वीरवार शाम 4 बजकर 6 मिंट की है। कोठियों में लगे सीसीटीवी कैमरे में वारदात कैद हुई है। रोशनी ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम पर मामले की सूचना दी। ढकौली थाने से ड्यूटी आफिसर हरनेक सिंह मौके पर पहुंचे जिन्होंने रोशनी के बयान दर्ज किए और सीसीटीवी फुटेज हासिल की।

ढकौली के एमएस एनक्लेव में किराये की कोठी में रहती रोशनी ने बताया कि वह अपनी मां के साथ मार्केट सामान लेने के लिए गई थी। बराड़ कॉम्पलैक्स का मोड मुड?र जैसे ही वह गली में घुसी तो करीब शाम 4 बजे काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर दो युवक आए जिन्होंने सिर पर हेल्मेट पहना हुआ था। रोशनी के घर से पहले ही मोड पर पीछे बैठे युवक ने बाजू में डाला हुआ पर्स छीन लिया। रोशनी ने पहले पर्स नहीं छोड़ा। झटका लगने पर वह नीचे गिर गई और उसके हाथ में पर्स की स्टैब थी लेकिन वह टूट गई। घसीटने से उसके हाथ पांव छिल गए और स्नैचर पर्स लेकर फरार हो गए। लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले इस गली से बुलेट चोरी हुआ था और पिछले साल इसी जगह पर करवा चौथ वाले दिन दो युवकों ने महिला की कान की वालियां छीन ली थी जिस कारण उसके कान में काफी जख्म हो गए थे।

ड्यूटी आफिसर को मौके पर भेजकर ब्यान दर्ज कर लिए है। मामला दर्ज कर रहें है। बाइक का नंबर नोट करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही काबू कर लिए जाएंगे।

**प्रीत कंवल सिंह, एसएचओ-कम-डीएसपी थाना ढकौली**

## न्यूज ब्रीफ

### रोलर स्केटिंग इनलाइन हॉकी में जीता स्वर्ण पदक



**कालका (जग्गी)।** सेंट विवेकानंद स्कूल की कक्षा छठी की छात्रा मिष्ठी ने असाधारण प्रतिभा,दृढ़ संकल्प और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय अंतर जिला ओपन नेशनल रोलर स्केटिंग चेम्पियशिप 2025 मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रोलर स्केटिंग फेड्रेशन आफ इंडिया द्वारा मोहाली, पंजाब में द्वितीय अंतर जिला ओपन नेशनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता मे मिष्ठी ने पंचकुला जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अलग-अलग आठ प्रतिद्वंदी टीमो के साथ मुकाबला किया और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए इनलाइन हाकी स्केटिंग मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया। छात्रा अपनी श्रेणी में एकाग्रता और रणनीति का प्रदर्शन करते हुए चार मुकाबलो मे से तीन मे विजयी रही।जिससे एक महत्वपूर्ण बढ़त मिली और अंतत:, चैंपियनशिप खिताब जीता। मिष्ठी ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय को देते हुए कहा कि विद्यालय के सहयोग तथा प्राप्त सुविधाओ ने उसे इस खेल के चयन मे मुख्य भूमिका निभाई है। विद्यालय मे निर्मित स्केटिंग रिंक पर, पारंगत कोच के निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करते हुए प्रतिदिन घंटों अभ्यास करती है।विद्यालय मे प्रतिदिन करवाए जाने वाले खेल के लिए आवश्यक क्रियाकलापो तथा ध्यान-अभ्यास ने उसमे अनुशासन, एकाग्रता और मनन-शक्ति को बढाया है । आज उसी का परिणाम है कि उसने यह मुकाम हासिल किया है। प्राचार्य डॉ पीयूष पुंज ने छात्राको उसकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता हमारे युवा खिलाडी की कड़ी मेहनत और लगन का प्रमाण है। इतनी छोटी आयु से ही खेल के प्रति समर्पण और प्रयास वास्तव में सराहनीय है। हम सदा अपने युवा खिलाड़ियो का उत्साहवर्धन करते हैं, क्योंकि वे उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हैं।

### कार्ड बनाने का एक विशेष शिविर लगाया



**जीरकपुर (अप्रस)।** विश्व हीमोफिलिया दिवस को समर्पित लोकहित सेवा समिति द्वारा समाजसेवी जनकराज शर्मा के सहयोग से आदर्श एन्क्लेव ढकोली में आयुष्मान जन आरोग्य कार्ड, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) कार्ड, ई - श्रम कार्ड तथा वोटर कार्ड बनाने का एक विशेष शिविर आयोजित किया गया। समिति की प्रवक्ता भावना चौधरी ने बताया है कि कैंप के दौरान 56 महिलाओं एवं पुरुषों ने पहुंचकर 6 आयुष्मान जन आरोग्य कार्ड, 23 आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा ) कार्ड, 4 ई - श्रम कार्ड तथा 23 नये वोटर कार्ड बनवाने या पुराने वोटर कार्ड में संशोधन करवाने में सफलता प्राप्त की। कैंप के दौरान सतीश भारद्वाज, बलवीर राजपूत, भावना चौधरी, जे. आर शर्मा, गविता शर्मा, रोशनी देवी, एच.एस मिगलानी, विनोद झाम्ब, हर्ष नागरा तथा सुखवीर सिंह का विशेष सहयोग रहा।

### कालीबाड़ी ने मनाया बांग्ला नववर्ष

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़, सेक्टर 47 स्थित कालीबाड़ी में एक बार



फिर बांग्ला नववर्ष के अवसर पर मंदिर परिसर में जीवंत माहौल देखने को मिला , जिसमें क्षेत्र भर से श्रद्धालु मां काली का आशीर्वाद लेने के लिए आए। इस उत्सव में आध्यात्मिक भावना, सांस्कृतिक समृद्धि और समाज सेवा की झलक देखने को मिली। विशेष काली पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्रोच्चार और दिव्य ऊर्जा से वातावरण भर गया। विभिन्न रामकृष्ण मिशन केंद्रों से आमंत्रित भिक्षु ने भावपूर्ण भजन, मंगल आरती, राम चरित मानस पाठ और भक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी उपस्थित लोगों के लिए आध्यात्मिक अनुभव को समृद्ध किया। सामाजिक सरोकार की भावना को ध्यान में रखते हुए कालीबाड़ी ने पीजीआई ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 48 यूनिट रक्त एकत्र किया गया और आयोजकों की ओर से रक्तदाताओं को प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हेल्थ चेक अप कैंप आँखों का चेक अप कैंप आयोजित किया गया।

# पंचायत मंत्री से मिला जिला बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

वहीं आपरेटरों ने यह मांग भी उठाई कि इस वर्ष उत्तराखंड सरकार अदर स्टेट टैक्सी को केवल 15 दिन की पासिंग दे रहे हैं जबकि पहले यह जब तक चार धाम यात्रा चलती थी तब तक परमिशन मिलती थी। उन्होंने कहा हमने ऑल इंडिया टैक्स भरा हुआ है। आपरेटरों ने परिवहन मंत्री अनिल विज से इस बारे में उत्तराखंड सरकार से बात कर उन्हें चार धाम यात्रा चलने तक अनुमति देने की मांग की। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस मामले में वह उत्तराखंड मुख्यमंत्री से पत्राचार कर समस्या को हल कराने का प्रयास करेंगे।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज से अम्बाला छावनी निवासी व्यक्ति ने अपनी शिकायत देते हुए कहा कि उसके बेटे से एजेंट ने कैनेडा भेजने के नाम पर ढाई लाख रुपए की ठगी की। पहले कैनेडा भेजने को कहा गया, मगर बाद में वह उसे आस्ट्रेलिया भेजने लगे थे। इसके बाद उसके बेटे को विदेश नहीं भेजा गया। मंत्री अनिल विज ने मामले में आईजी अम्बाला को कार्रवाई के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज को 12 क्रास रोड निवासी महिला ने शिकायत देते हुए कहा कि वह बामुशकिल अपना घर चलाते हैं और उनका छोटा सा घर है। मगर बिजली विभाग ने उनकी एक फैमिली आईडी पर छह बिजली मीटर लगा दिए हैं जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस मामले में मौके पर बिजली बिजली अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज को बोह निवासी व्यक्ति ने शिकायत देते हुए बताया कि उसकी खेती की जमीन कुछ समय पूर्व कुछ लोगों ने खरीद ली थी, मगर इसकी राशि अब तक उसे नहीं दी गई है। अब राशि देने से खरीदार मना कर रहे हैं। मामले में मंत्री अनिल विज ने डीएसपी अम्बाला कैंट को जांच के निर्देश दिए।

इसी प्रकार, राम किशन कालोनी निवासी व्यक्ति ने बताया कि तहसील कार्यालय में उसकी जमीन का इंतकाल नहीं हो रहा है जबकि उसके जमीन के कागजात पूरे हैं। इस मामले में मंत्री विज ने एसडीएम अम्बाला कैंट को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## ईडी पर दबाव बनाने के लिए रॉबर्ट वाड्रा कर रहे बयानबाजी, ईडी देश की निष्पक्ष संस्था है: विज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अम्बाला, 17 अप्रैल।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि राबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की कार्रवाई अभी चल रही है और ईडी पर दबाव बनाने के लिए राबर्ट वाड्रा अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।

श्री विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि ईडी निष्पक्ष संस्था है और कोई किसी को तंग नहीं कर रहा है। यदि किसी को पूछने के लिए बुलाया जाता है तो उसे तंग किया हुआ क्यों माना जाता है। इन्हें अपने दिमाग से राजशाही वाली सोच निकाली चाहिए। पुलिस, सीबीआई व ईडी विभाग जैसे किसी को बुलाकर पूछताछ कर सकते हैं वैसे ही इसे तंग करना माना नहीं जा सकता। गौरतलब है कि राबर्ट वाड्रा ने गत दिनों एक बयान में कहा था कि जितना उन्हें ईडी परेशान करेगी उतना मजबूत वह होकर आएंगे।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने दिग्विजय सिंह के बयान कि बंगाल में टीएमसी को बदनाम करने की साजिश की जा रही है पर जवाब देते हुए कहा कि बंगाल में जो इन्होंने षड्यंत्र रचा है वह सब इसी कारण से हो रहा है। इनकी इंडिया के पार्टनर कार्रवाई करने के बजाए खामोशी इख्तियार कर लेते हैं। इनकी पार्टियों के जितने लोग है किसी ने क्या बंगाल की घटना को लेकर कोई बयान दिया, इसलिए यह सभी मिले हुए हैं।

वहीं, ममता बनर्जी के बयान कि मुर्शिदाबाद में दंगे पूर्व नियोजित थे जिनमें भाजपा केंद्रीय एजेंसियों की मिलीभगत थी पर मंत्री अनिल विज ने पलटवार करते हुए कहा कि ममता बनर्जी इस बयान के माध्यम से अपनी कमजोरियां बता रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होती है।

ममता बनर्जी के बयान कि जो योगी है वो सबसे बड़े भोगी है पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस प्रकार से बयान देकर राजनीति को गंदा नहीं किया जाना चाहिए और तथ्यों, सच्चाई व एकजुटता पर बोलना चाहिए तथा इसप्रकार के बयान नहीं देने चाहिए। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि गर्मियों को लेकर हमारी पूरी तैयारी है और मैनें सभी अधिकारियों की बैठक ली है जिसमें कहा है जहां सिस्टम ठीक करने वाला है उसे ठीक किया जाए।

### जयराम कन्या महाविद्यालय की एनसीसी छात्राओं ने सीएटीसी कैंप में किया शानदार प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय जयराम कन्या महाविद्यालय की एनसीसी इकाई की छात्राओं ने एनसीसी अकादमी रोपड़ (पंजाब) में 7 अप्रैल से 16 अप्रैल तक आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। इस दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भारत के विभिन्न राज्यों के 6 स्कूलों और 11 कालेजों के कुल 325 कैडेट्स ने भाग लिया। एनसीसी की सीटीओ डा. प्रीति शर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने इस शिविर में सराहनीय प्रदर्शन किया। जयराम कन्या महाविद्यालय की 5 कैडेट्स अमनदीप घुम्मन, जिया, अनु सिद्धू, जसप्रीत कौर एवं मानसी को गणतंत्र दिवस शिविर के लिए चयनित किया गया, जबकि 2 कैडेट्स खुशी चौहान और तमन्ना का चयन टीएससी (थल सैनिक शिविर) के लिए हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राइवेट स्कूलों के होल्डिंग और फ्लेक्सों ने शहर बनाया नरक

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** टोहाना शहर में प्राइवेट स्कूलों की एक बाढ सी आई हुई लगती है। हर गली, मोहल्ले, दुकानों व ग्रामीण क्षेत्रों में कुकुरमतों की तरह स्कूल बिना विभाग की मंजूरी के खोले जा रहे हैं ।इन स्कूलों के पास कोई भी हरियाणा सरकार की मान्यता भी नहीं है फिर भी वह स्कूल बढ़ चढ़कर अपना प्रचार करते हुए देखे जा सकते हैं कई स्कूलों ने बिजली के खंबों को ही अपना प्रचार का माध्यम बनाया हुआ लगता है। शहर के आप किसी भी एरिया में चले जाओ वहां पर किसी ने किसी प्राइवेट स्कूलों के होल्डिंग प्राइवेट दीवारों, सरकारी बिल्डिंगों आदि की शोभा खराब करते हुए दिखेंगे नहरो के पूलों और तो और जो नगर परिषद के लगाए हुए विज्ञापन बोर्डो पर भी इन स्कूलों ने अपने प्रचार के बड़े–बड़े फ्लेक्स लगाए हुए देखे गए हैं । बिना किसी परमिशन के यह फ्लेक्स लगाए हुए हैं। जो शहर की सुंदरता को खराब कर रहे हैं । इन बोर्डो व होल्डिंगो को लगे महीनो बीत जाने पर भी नगर परिषद के कर्मचारी मुकदर्शक बने तमाशा देख रहे हैं। कोई भी अप्रिय घटना के घट जाने का इंतजार कर रहे हैं। किसी भी कर्मचारी को इस अतिक्रमण के खिलाफ कोई भी अभियान चलाते हुए नहीं देखा गया है लगता है मेरा टोहाना एक साफ सुथरे शहरो की गिनती में न आ जाए कहीं इसलिए ऐसा किया जा रहा है। नगर परिषद के अधिकारी नहीं चाहते हैं कि टोहाना शहर एक साफ सुथरा शहर बने टोहाना शहर के चारों ओर सिर्फ कूड़ा डंपिंग के ही ढेर लगाने का काम करते रहेंगे। क्या कभी कोई भी अधिकारी इन स्कूलों द्वारा लगाए गए बड़े–बड़े बोर्डो व होल्डिंगो को हटाने की कोशिश करता नहीं देखा गया है। लगता है यह ऐसे ही शहर की शोभा बढ़ाने का काम करते रहेंगे।

### अभिभावक ओरिएंटेशन सेमिनार का आयोजन



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** लिटिल लीजेंड्स मॉन्टेसरी स्कूल द्वारा निजी होटल के सभागार में अभिभावकों के लिए एक विशेष ओरिएंटेशन सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें कैम्ब्रिज इंटरनेशनल (नई दिल्ली) से पधारी नेहा चौहान ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर 100 से अधिक अभिभावकों ने उपस्थिति दर्ज कराई। सेमिनार का उद्देश्य कैम्ब्रिज इंटरनेशनल पाठ्यक्रम की विशेषताओं से अभिभावकों को अवगत कराना था। नेहा चौहान ने बताया कि यह पाठ्यक्रम बच्चों को केवल अकादमिक ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक जीवन के लिए भी तैयार करता है। उन्होंने समझाया कि कैम्ब्रिज शिक्षा प्रणाली 21 वीं सदी की आवश्यकताओं जैसे कि आलोचनात्मक सोच, समस्या–समाधान, वैश्विक दृष्टिकोण और संचार कौशल को बढ़ावा देती है। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कैम्ब्रिज बोर्ड के छात्र एन. ई. ई. टी. व जे. ई. ई. जैसे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में भी पूरी तरह सक्षम होते हैं। उन्होंने डेटा और उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे कैम्ब्रिज छात्र इन परीक्षाओं और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। नेहा ने अभिभावकों के सभी सवालों का सहजता से उत्तर दिया, विशेषकर उनके उन संदेहों का समाधान किया जो नए बोर्ड को लेकर थे। कार्यक्रम के अंत में हाई टी का आयोजन किया गया, जहां अभिभावकों ने स्कूल के इस प्रयास की सराहना की और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विश्वास जताया।

### अभिषेक का हुआ एमबीबीएस के लिए चयन

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दरोली खेड़ा के छात्र रहे अभिषेक पुत्र रामफल सुरबरा का प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में एमबीबीएस के लिए चयन हुआ। प्राचार्य डिंपल अरोडा ने बताया कि अभिषेक ने 10वीं, 12वीं की शिक्षा प्राप्त स्कूल से प्राप्त की। स्कूल के लिए गर्व की बात होने के साथ–साथ दूसरे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी अभिषेक है। ग्रामीण अंचल के अभिषेक ने कड़ी मेहनत करके नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर अद्भुत सफलता प्राप्त की है। प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में एमबीबीएस के लिए चयन हुआ है। अभिषेक ने न केवल अपने माता–पिता का बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधक समिति हरदीप, प्रदीप एवं शर्मीली श्योकंद एवं स्कूल स्टाफ ने अभिषेक एवं उनके माता पिता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### इतिहास विभाग के तहत व्याख्यान आयोजित

**नारायणगढ़ (अप्रस)।** राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में प्राचार्या डॉ. ख़ुशीला के निर्देशन में इतिहास विभाग के तहत विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद इद्रीश पूर्व अध्यक्ष इतिहास विभाग पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला से रहे। जिनका विषय मध्यकालीन साहित्य और इतिहास व सूफी संतों की विचारधारा रहा। मुख्य वक्ता डॉ. इद्रीस ने मध्यकालीन भारत के साथ–साथ सूफी मत के उदभव व विकास पर प्रकाश डालते हुये भारतीय समाज पर पड़े उनके गहरे समन्वय वादी प्रभावों को रेखांकित किया। विद्यार्थियों नें संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता ने विस्तृत उत्तर दिए। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार ने इस आयोजन के लिए प्राचार्या व मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया और विषयों पर चर्चा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रम में बढ़ चढ?र भाग लेने के लिए उत्साहित किया। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का मानसिक, आध्यात्मिक व सर्वांगीण विकास होता है जिससे वह अपने जीवन को सफल, सशक्त और आत्मनिर्भर बना सकते है। प्रो.नरेश कुमार द्वारा मंच का संचालन करते हुए मुख्य वक्ता की शैक्षणिक व शोध उपलब्धियों से अवगत कराया। इस मौके पर प्रोफेसर संजीव अंग्रेजी विभाग, प्रोफेसर सुभाष कुमार, प्रोफेसर रेनू कुमारी, डॉ बलदेव, प्रो.प्रवीन कुमार उपस्थित रहे।

## एसडीएम शाश्वत सांगवान ने सुनी लोगों की समस्याएं

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 17 अप्रैल।** उपमण्डल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शाश्वत सांगवान ने लोगों की समस्याएं सुनी और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिये। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बंधित 10 शिकायतें आई जिनमें परिवार पहचान पत्र, बिजली, प्रॉपर्टी आईडी आदि से सम्बंधित थी।

एसडीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कर इसकी रिर्पोट उन्हें दे। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार समाधान शिविर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजें से 12 बजें तक आयोजित किए जा रहें है। इन शिविरों की मोनिटरिंग वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री महोदय एवं उनके कार्यालय द्वारा कि जाती है।

समाधान शिविर में गांव बेरखेड़ी के विक्रमजीत, छोटी कोहडी की परमजीत कौर ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने तथा गांव दूधली की सोनिया ने परिवार पहचान पत्र से सम्बंधित अपनी समस्या रखी। वार्ड 8 के मनीष कुमार ने प्रॉपर्टी आईडी से सम्बंधित समस्या रखी, गांव बेरखेड़ी के जरनैल सिंह ने खेत के रास्ते से पेड़ कटवाने से सम्बंधित, लाहा के रमेश कुमार ने बिजली की तार टूटने एवं फसल में आग लगने से हुए नुकसान के बारे में तथा गांव हमीदपुर के सतपाल ने समस्या रखी कि उसके पास कोई गाड़ी नहीं है, लेकिन परिवार पहचान पत्र में उसके पास गाड़ी दिखाई हुई है, उसे पीपीपी से हटवाया जाए।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में हरियाणा का रहेगा विशेष योगदान: सुभाष सुधा

अर्थ प्रकाश/दलबीर मलिक



**थानेसर, 17 अप्रैल।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में हरियाणा का विशेष योगदान रहेगा। इसी तरह से हम सभी को मिलकर हरियाणा के विकास की गति को और तेजी से आगे बढ़ाना होगा। सरकार की नीतियों व कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सेक्टर 7 आवास कार्यालय पर लोगों की समस्याओं को सुनने के उपरांत कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में विकास हुआ है और दुनिया में भारत का नाम ऊंचा हुआ है। अब भारत सुरक्षित, लोगों के हितों को सर्वोपरि रखने वाला, तीव्र गति से विकसित होने वाला राष्ट्र बन रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की जनहितैषी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। पात्र व्यक्तियों को चिंता करने की जरूरत नहीं हैं, क्योंकि सरकार उनके हितों का पूरा ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षो में हरियाणा का विकास तेज गति से हो रहा है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिली है। ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुना तेजी से काम करके देश व प्रदेश में विकास कार्यों में बढ़ोतरी करेगी।

उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की सरकार ने किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। हरियाणा देश का पहला राज्य है जो किसानों की सभी फसलों को शत प्रतिशत एमएसपी पर खरीद रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिसार में महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का उदघाटन और यमुनानगर में 800 मेगावाट बिजली की नई यूनिट का शिलान्यास किया है। इस यूनिट पर 7272 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जो कि वर्ष 2028 के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगी।

## बुजुर्गों ने मासिक बैठक व बैसाखी पर्व का किया आयोजन

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 17 अप्रैल।** सीनियर सिटीजन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मासिक बैठक व बैसाखी पर्व का आयोजन शास्त्री कालोनी वरिष्ठ नागरिक हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान के. एस. खरबंदा ने की तथा संचालन सचिव हरीश कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी जसमेर सिंह ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए जसमेर सिंह ने कहा कि वरिष्ट नागरिक चाहे जिले में हो अथवा हमारे घर में वे हमारे भविष्य की नींव होते हैं। उनके अनुभवों से हम बहुत कुछ सीखते हैं। अत~ उनके प्रति हमारी व समाज की पूर्ण जिम्मेदारी हाती है, उनका याल रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि एक उम्र के बाद विभिन्न सामान्य बीमारियां व्यक्ति में उत्पन्न हो जाती है, जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग आदि, अपनी दैनिक चर्या सुधार करके इन बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वृद्धावस्था में व्यक्ति को पौष्टिक आहार लेना चाहिए, जिससे विभिन्न प्रकार के विटामिन की आपूर्ति होती रहे तथा स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सके। वृद्धावस्था में पाचन शक्ति कम हो जाती है, अत~ व्यक्ति को जल्द पचने वाला वा हल्के आहार के सेवन के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन भी करते रहना चाहिये। पर्याप्त पानी के सेवन से शरीर में युक्त अतिरिक्त रसायन शरीर से बाहर आते हैं तथा कई बीमारियों से बचाते हैं। वृद्धावस्था में समय-समय पर विटामिन-डी का सेवन करते रहना चाहिए, जिसके लिये प्राकृतिक रूप से धूप में बैठना चाहिये, परन्तु यदि कोई वृद्ध चलने-फिरने में असमर्थ हो तो वे विटामिन-डी चार्जड वाटर का प्रयोग भी चिकित्सीय सलाह पर निर्देशानुसार कर सकता है, जिससे की विटामिन-डी की आपूर्ति होती रहे। के. एस. खरबंदा ने सभी को बैसाखी पर्व की बधाई दी और कहा कि भारत त्योहारों का देश है और त्योहार हम सभी को अपसी प्रेम-प्यार सिखाते है और मेल-जोल बढ़ाने का अवसर प्रदान करते है।

### श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में प्रथम दीक्षांत समारोह आज

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि प्रथम दीक्षांत समारोह हमारे विश्वविद्यालय का ऐतिहासिक क्षण है। हम इसे पूरी गरिमा व शिष्टता के साथ मनाएंगे। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने 18 अप्रैल को होने वाले दीक्षांत समारोह से जुड़ी हर इकाई से समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि पहले दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। समारोह की रिहर्सल भी की गई है, जिसमें संपूर्ण कार्यक्रम का बारीकी से पूर्वाभ्यास किया गया।

## नि:शुल्क कानूनी सहायता देना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का लक्ष्य: सीजेएम कीर्ति

अर्थ प्रकाश/संजीव कुमार

**व्यासपुर, 17 अप्रैल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गांव जड़ौदा के आंगनबाड़ी केंद्र में एक कानूनी जानकारी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तरविंद्र कौर ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र जड़ौदा में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम कीर्ति वशिष्ठ ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

सीजेएम ने शिविर के दौरान ग्रामीण महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि यदि किसी को निःशुल्क कानूनी सहायता की आवश्यकता हो तो वह प्राधिकरण में संपर्क कर सकता है। सभी को मूलभूत अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का लक्ष्य है जन सामान्य के लिए निःशुल्क कानूनी सेवा उपलब्ध हो सके।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सेफ मदरहुड के बारे में भी जानकारी दी गई महिलाओं को पहले 1000 दिन पूरी एहतियात बर्तनी चाहिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण पखवाड़ के तहत पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया जा रहा है, महंगे खाद्य पदार्थों की बजाय पोषण युक्त साग सब्जियां फल दलों का प्रयोग किया जाना चाहिए, घर की पौष्टिक थाली का पोषण युक्त आहार स्वास्थ्य को बनाए रखता है यदि महिलाएं पोषण के प्रति सही जानकारी रखती है तो परिवार के सभी सदस्य स्वस्थ रहेंगे।

## फूड एंड सेफ्टी विभाग सुस्त, मिलावट माफिया का शहर बना टोहाना

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 17 अप्रैल।** शहर टोहाना में ग्रामीण क्षेत्रों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की सप्लाई धड़ल्ले से की जा रही है। और फूड एंड सेफ्टी विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शहर में आना व उनकी चेकिंग करना उचित नहीं समझते फूड एंड सेफ्टी विभाग की टीम को चेकिंग के लिए आए कई महीने बीत गए हैं। और शहर में नकली दूध घी पनीर मिठाइयां व मिर्च मसाले सरसों का तेल खाद्य पदार्थों की सप्लाई की राजधानी बन चुका है ।हर गली में नकली दूध की डायरी ,गलियों में नकली मिठाइयां व गोदाम में नकली गरम मसाले मिर्च हल्दी आदि बिना किसी रोक-टोक के अन्य शहरों में सप्लाई का धंधा जोरों पर है। लोगों का कहना है कि इन नकली खाद्य पदार्थों को बेचने का लाइसेंस ही अधिकारों ने दिया हुआ लगता है। जो सरेआम बिना किसी हिचकिचाहट के बेचते देखे जा सकते हैं। जिस तरह नायब सैनी ने नकली बीज व कीटनाशक दवाइयां बेचने वालों पर नया कानून विधेयक पेश कर विधानसभा में नया कानून पारित किया है इस तरह इन नकली गरम मसाले हल्दी मिर्च पाउडर में नकली दूध घी सरसों का तेल बेचने वालों पर भी कोई नया सख्त से सख्त कानून बनाया जाए जिससे कि इन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के हौंसले परास्त हूं। और उन्हें कानून के प्रति डर हो और लोगों को जहर बेचने की बजाय बढ़िया खाद्य पदार्थ मिल सके। और अपना जीवन बचा सके। नकली खाद्य पदार्थों काम करने वाले व्यापारी इस काले कामों को वर्षो से करते आ रहे हैं उनकी जड़ें बहुत मजबूत हो चुकी है इस लिया कोई भी अधिकारी उन पर हाथ डालने की कोशिश नहीं करता नजर आता।हार कर लोग यह कहते देखे गए हैं कि काले कामों से सोने का बिस्तर तो ले लौगे पर नींद कहां से लोगे !

## नशे की रोकथाम के लिए लोगों को करने होंगे प्रयास: शिक्षा मंत्री

### शिक्षा मंत्री ने 84 गांव की पंचायतों के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र व ट्रॉफी प्रदान करके किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 17 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के मार्गदर्शन में ड्रग फ्री हरियाणा को लेकर निकाली जा रही साइक्लोथॉन-2.0 का जिला सचिवालय परिसर में पहुंचने पर प्रशासन की तरफ से भव्य स्वागत किया गया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने साइक्लोथॉन यात्रा के यात्रियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व उन्होंने 84 गांव की पंचायतों के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र व ट्रॉफी प्रदान करके ड्रग फ्री कार्य में भूमिका निभाने पर सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री ने इस मौके पर ओलम्पियन सीमा बिसला और कॉमन वैल्थ गेम की ब्रांज मेडल विजेता पूजा गहलावत को शिल्ड देकर सम्मानित किया। परिसर में मौजूद सभी आयोजकों, खिलाडियों, व कॉलेज के विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई।

शिक्षा मंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार नशे को जड़ मुल से खत्म करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चला रही है। साइक्लोथॉन यात्रा जहां-जहां से गुजर रही है वहां-वहां नशे को दूर करने का संदेश दे रही है। जिला प्रशासन भी नशे पर लगाम कसने को लेकर मुस्तेदी से कार्य कर रहा है। इस कार्य में लगातार सफलता हासिल हो रही है। कानून के माध्यम से भी नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है।

उन्होंने कहा कि नशे का जाल बुनने वाले समाज के दुश्मन हैं। इसके खिलाफ सरकार लड़ाई लड़ रही है। नशे जैसी बिमारी को जड़ मूल से खत्म करने के लिए समाज की भूमिका अहम रहती है।

शिक्षा मंत्री ने नशे के खिलाफ जारी इस मुहिम में आह्वान किया कि युवा इस मुहिम का हिस्सा बनें व इस समस्या को बाहर निकालने के लिए दूसरों को भी प्रोत्साहित करें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस नशे जैसे बुराई को समाप्त करने के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से भी काबू पाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सामर्थय व बुद्धि के दम पर भी नशे से बाहर निकला जा सकता है। इस मुहिम से हजारों, लाखों जिंदगियां बचेगी। लोग प्रेरणा लेकर नशे को तिलांजली देंगे। यह यात्रा खास तौर पर युवाओं में उनके जीवन में परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभाएगी। सामाजिक कार्यकर्ता रंजिता कौशिक ने साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले सभी यात्रियों का चंदन का तिलक लगाकर अभिनंदन व स्वागत किया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ने युवाओं को शपथ दिलवाई।

साइक्लोथॉन यात्रा में उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि नशे पर लगाम लगाने को लेकर सरकार का प्रयास सार्थक रहा है। साइक्लोथॉन के माध्यम से और प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि यह साइक्लोथॉन यात्रा 5 अप्रैल से प्रारम्भ हुई थी व 27 अप्रैल को सिरसा में इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को इसमें अहम भागीदारी निभानी चाहिए व मजबूत संकल्प के साथ इस मुहिम को कामयाब करना चाहिए।

# ईडी का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की आवाज दबाना चाहती है केंद्र सरकार : मुकेश अग्निहोत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना।** आज ऊना जिला मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी द्वारा केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दुरुपयोग के खिलाफ एक सशक्त रोष रैली आयोजित की गई। इस रैली का नेतृत्व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया। रैली में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, विधायक व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा : 'देश की जनता बढ़ती महंगाई और अन्य गंभीर मुद्दों से त्रस्त है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार इन असल समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए ईडी जैसी संस्थाओं का राजनीतिक दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार को बदनाम करने के इरादे से सालों से चल रही जांचों में जब कोई परिणाम नहीं निकला, तो अब जबरन चार्जशीटें दाखिल की जा रही हैं।'

उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार कांग्रेस नेतृत्व द्वारा शुरू किया गया था और वह आज भी देश की सच्ची आवाज बना हुआ है। 'हम कानून पर भरोसा रखते हैं और हमें न्याय की उम्मीद है, लेकिन बीजेपी सरकार लोकतांत्रिक विरोध की आवाज को दबाने की साजिश रच रही है।' मुकेश अग्निहोत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी गांधी परिवार के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। 'राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा आज देश की जनता की आवाज बन चुके हैं, और यह आवाज कोई नहीं दबा सकता।'

### अन्य नेताओं की प्रतिक्रियाएं

पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने कहा– 'बीजेपी नेता जिस तरह ईडी के प्रवक्ता की भूमिका निभा रहे हैं, वह दर्शाता है कि यह पूरी कार्रवाई दबाव में की जा रही है। बीजेपी को देश की जनता को महंगाई और बेरोजगारी पर जवाब देना चाहिए।' विधायक राकेश कालिया, विवेक शर्मा और सुदर्शन बबलू ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 'ईडी और अन्य जांच एजेंसियों का दुरुपयोग बीजेपी की आदत बन चुकी है। अब तक 200 से ज्यादा छापेमारी करवाई गई हैं, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है।'

रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एमसी पार्क से रोटरी चौक तक जोरदार नारेबाजी करते हुए मार्च निकाला।

# हिमाचल से चंडीगढ़ घूमने आए युवक की हत्या

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला से चंडीगढ़ घूमने आए युवक की सेक्टर-43/44 डिवाइडिंग रोड पर बस स्टॉप के पास साइकिल ट्रैक पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। चंडीगढ़ की सेक्टर-43 चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को सेक्टर-16 अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस ने हत्या करने वाले 2 नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया, जिसके बाद वो सेक्टर 14 अस्पताल में पहुंचे। आरोपियों को एसआई अमरीक और सीनियर कॉन्स्टेबल सुरिंदर ने पकड़ा है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल आरोपियों से बरामद कर लिया।

**हत्या कर आरोपी फरार:** थाना-36 पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 28 वर्षीय काकू के रूप में हुई है। मृतक का मोबाइल और अन्य सामान गायब है। यह वारदात बुधवार रात की है। पुलिस कंट्रोल रूम पर कॉल आई कि सेक्टर-43/44 डिवाइडिंग रोड पर बस स्टॉप के पास एक युवक बेसुध पड़ा है और उसके शरीर से खून बह रहा है।

पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को तुरंत जीएमएसएच-16 अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया है।

### सीसीटीवी में दिखे दो संदिग्ध युवक

पुलिस जांच में सामने आया है कि पास लगे सीसीटीवी कैमरों में मृतक युवक साइकिल ट्रैक पर पैदल चलता हुआ दिख रहा है, जबकि उसके पीछे दो युवक आते हुए नजर आ रहे हैं। कैमरे में दोनों युवक मृतक से झगड़ते दिख रहे हैं। जिसके बाद एसआई अमरीक और सीनियर कॉन्स्टेबल सुरिंदर सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## गगरेट में एक लाख रुपए चोरी गगरेट बाजार की दो दुकानों के ताले तोड़े

**गगरेट (अप्रस)।** बुधवार रात आए तूफान से जहां गगरेट क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई, सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया और पूरा बाजार अंधेरे में डूब गया जिसका फायदा उठाकर चोरों ने गगरेट चौक के मेन बाजार में दो दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सबसे बड़ी घटना कश्यप करियाना स्टोर में सामने आई, जहां से चोर करीब 1 लाख रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर गए।

दुकान के संचालक लवली सूद ने बताया कि रोजाना की तरह उन्होंने रात को दुकान बंद कर ताले लगाए थे लेकिन वीरवार सुबह एक पड़ोसी दुकानदार ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि उनकी दुकान का ताला टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचने पर लवली सूद ने देखा कि दुकान का शटर और गल्ले का ताला टूटा हुआ था और सारा कैश गायब था। चोरों ने भगवान की गुल्लक और पूजा के लिए रखे चांदी के सिक्के भी चोरी कर लिए थे। हालांकि दुकान में रखा अन्य सामान ज्यों का त्यों था जिससे साफ है कि चोरी पूरी योजना के तहत की गई थी। चोरों ने पास ही स्थित एक यूनिसेक्स सैलून को भी निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन नकदी न मिलने के कारण वहां से खाली हाथ लौट गए।

## न्यूज ब्रीफ

### झुग्गी पर गिरा पेड़ आठ वर्षीय बच्चे की मौत, पिता घायल

**हमीरपुर (अप्रस)।** हमीरपुर जिले के बड़सर उपमंडल के प्रमुख बाजार मैहरे में मिनी सचिवालय भवन के साथ लगती कॉलोनी में प्रवासी मजदूर की झुग्गी पर चील का पेड़ गिरने से एक 8 साल के बच्चे की मृत्यु हो गयी है। रात के समय अचानक तेज हवाएं चलने से चील का पेड़ झुग्गी पर गिर गया, जिस कारण झुग्गी में सोये हुए एक बाप और बेटा उसकी चपेट में आ गए। स्थानीय युवाओं ने हिम्मत दिखाते हुए, भारी तूफान के बीच पहले पिता को झुग्गी से निकाला और बाद में 8 साल के बच्चे को निकाला। घायल पिता की पहचान सरवन कुमार के तौर पर हुई है, वहीं मृत्यु को प्राप्त बच्चे का नाम अभिषेक है, जिसकी उम्र 8 साल थी। स्थानीय युवाओं नें इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को भी उसी समय दे दी थी, जिसके बाद पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा और अपनी कार्रवाई की है। प्रवासी परिवार बिहार के दरभंगा जिला के नारायण पुर गांव का रहने वाला है। घायल सरवन कुमार को जिला अस्पताल हमीरपुर रेफेर किया गया है, वहीं बच्चे के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सरकारी स्कूल शमरोड़ की एकांशी पढ़ेगी लॉरेंस सनावर में



**सोलन (अप्रस)।** 'द लॉरेंस सनावर' जहां पर 1 साल की फीस लगभग 16 लाख रुपए है, देश के बड़े-बड़े उद्योगपति भी जहां अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए सपने देखते हैं, उस स्कूल में एनमड छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला शमरोड़ की छात्रा का चयन हुआ है। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत हर वर्ष दो छात्राओं को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाती है। इस वर्ष भी देश के बड़े-बड़े प्रतिष्ठित विद्यालयों के 200 से अधिक छात्रों ने इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था। इस विद्यालय में एक सीट हासिल कर सरकारी स्कूल शमरोड़ की छात्रा ने इतिहास रचा है। यह छात्रा अब पांचवी से 12वीं तक इसी विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करेगी। इससे पाठशाला परिवार व इलाके में खुशी की लहर है। छात्रा के पिता संजय कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए बेटी की इस सफलता का श्रेय पाठशाला के अध्यापक शशिपॉल शर्मा को दिया और बताया कि उन्हें इस छात्रवृत्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। अध्यापक शशि पॉल ने अपने स्तर पर ही छात्रा के लिए आवेदन किया व छुट्टियों के दौरान ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से टेस्ट व साक्षात्कार की तैयारी करवाई। क्योंकि हिंदी माध्यम के छात्रों को अंग्रेजी माध्यम में बातचीत करने में दिक्कत आती है। अध्यापक ने छात्रों की शिक्षा को कंप्यूटर व इंटरनेट से जोड़कर उनके उपलब्धि स्तर व आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि की है।जिसका सीधा प्रभाव बच्चों के उपलब्धि स्तर में हुई वृद्धि के रूप में स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है।इसी के परिणामस्वरूप पाठशाला के छात्रों का चयन विभिन्न स्कॉलरशिप में हो रहा है। पाठशाला प्रबंधन समिति अध्यक्षा पुष्पा देवी वह केंद्र अध्यक्ष मनोहर सिंह ने बताया कि हमारी पाठशाला के लिए बहुत ही गर्व का विषय है।

# पंजाब के 20 रूटों पर एचआरटीसी की बस सेवाएं बहाल, यात्रियों को मिलेगी सुविधा




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** पंजाब में एचआरटीसी के बंद 20 रूटों पर निगम प्रबंधन ने बस सेवाएं बहाल कर दी हैं। ऐसे में यात्रियों को पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में पहले की तरह बस सेवाएं मिलेंगी। निगम प्रबंधन ने करीब 28 दिनों के बाद पंजाब सरकार व पुलिस प्रशासन के पंजाब में निगम की बसों की सुरक्षा के आश्वासन देने के बाद बस सेवाओं को बहाल किया है।

**20 रूटों में से 10 रूट अमृतसर के :** बीते माह पंजाब में एचआरटीसी की बसों में विवादित पोस्टर और नारे लिखने सहित अन्य मामलों के बाद यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए पंजाब के 20 रूटों पर बस सेवाओं को बंद कर दिया था। ऐसे में निगम प्रबंधन लगातार पंजाब सरकार व पुलिस प्रशासन से पत्राचार कर रहा था। वहीं इस मामले में कुछ दोषियों को भी पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया था। ऐसे में निगम ने ये बस सेवाएं बहाल की हैं। निगम द्वारा बंद किए गए 20 रूटों में से 10 रूट अमृतसर के हैं। वहीं 4 रूट होशियारपुर, 2 जालंधर और 4 रूट लुधियाना के थे। 20 रूटों पर बस सेवाएं बंद होने से हिमाचल से लोगों को पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों के लिए सीधी बस सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा था। यात्रियों को 2 से 3 जगह बसें बदल कर पंजाब के विभिन्न जिलों में पहुंचना पड़ रहा था लेकिन बस सेवाएं बहाल होने से अब परेशानी नहीं होगी।

**फिर हुई इस तरह की हरकतें तो कड़े फैसले ले सकता है प्रबंधन:** निगम प्रबंधन ने साफ किया है कि चंडीगढ़ व पंजाब में यदि फिर से इस तरह की हरकतें और बसों को नुक्सान व बसों में पोस्टर लगाने जैसे मामले सामने आते हैं और इसके अतिरिक्त पंजाब व चंडीगढ़ में निगम के बस चालकों, परिचालकों व यात्रियों को परेशान किया जाता है तो निगम पंजाब में बसें चलाने को लेकर कड़े कदम उठा सकता है।

### 27 दिनों में निगम को हुआ 35 लाख का नुक्सान

पंजाब के 20 रूटों पर बस सेवाएं बंद करने से निगम के राजस्व को भी नुक्सान पहुंचा है, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा पहले है। निगम प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार बस सेवाओं के बंद होने से निगम को करीब 35 लाख रुपए का नुक्सान हुआ है। वहीं इससे यात्रियों को भी असुविधा हुई है लेकिन पंजाब में यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यह जरूरी था।

# मंत्री जगत सिंह नेगी प्रदेश में नौतोड़ भूमि आबंटन मामले को लेकर छठी बार राज्यपाल शुक्ल से मिले

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी हिमाचल प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों में लोगों को नौतोड़ भूमि आबंटन मामले को लेकर वीरवार को छठी बार राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मिले। इससे पहले वह इस मामले में 5 बार राज्यपाल से मिल चुके हैं। उन्होंने राज्यपाल से लोगों को नौतोड़ भूमि प्रदान करने के लिए वन संरक्षण अधिनियम 1980 को जनजातीय क्षेत्रों से हटाने का आग्रह किया तथा उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। राज्य सरकार ने सत्ता में आते ही वर्ष 2023 में नौतोड़ भूमि प्रदान करने के लिए राज्यपाल से वन संरक्षण अधिनियम 1980 को जनजातीय क्षेत्रों से हटाने का आग्रह किया था, लेकिन अभी तक राज्यपाल ने इसकी अनुमति नहीं दी है। राज्यपाल ने कुछ स्पष्टीकरण मांगा था। इसके तहत राज्यपाल जानना चाहते थे कि वर्तमान में जनजातीय क्षेत्रों में नौतोड़ के कितने मामले लंबित हैं। इसके आबंटन की प्रक्रिया क्या होगी। राजस्व विभाग ने राज्यपाल द्वारा मांगी गई सूचना का जवाब भेज दिया है, ऐसे में नेगी ने वीरवार को राजभवन जाकर राज्यपाल से फिर से भेंट कर जनजातीय क्षेत्रों से वन संरक्षण अधिनियम को हटाने का आग्रह किया, ताकि जनजातीय क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों को नौतोड़ भूमि प्रदान की जा सके।

**जल्द फैसला होने की उम्मीद :** जगत सिंह नेगी ने कहा कि उन्होंने सरकार का पक्ष एक बार फिर से राज्यपाल के समक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि राज्यपाल इस पर जल्द ही फैसला करेंगे तथा जनजातीय क्षेत्र के लोगों को नौतोड़ की भूमि मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में नौतोड़ की भूमि के लिए 20 हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं।

**पूर्व सरकार ने नहीं दिखाई गंभीरता :** जगत सिंह नेगी ने कहा कि इससे पहले एक्ट को 2014 से 2016 तथा 2016 से 2018 तक सस्पेंड किया था। इसके बाद भी एक बार इस कानून को सस्पेंड किया था। जब सस्पेंड किया तो बहुत से लोगों को इसका फायदा हुआ। इसके बाद वर्ष 2018 तथा 2020 में भी जनजातीय क्षेत्रों में लोगों को नौतोड़ की भूमि देने के लिए वन संरक्षण अधिनियम, 1980 को हटाया गया था, लेकिन तत्कालीन सरकार व अधिकारियों ने नौतोड़ देने की प्रक्रिया में गंभीरता नहीं दिखाई। इस कारण इसका लाभ लोगों को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय 500 लोगों को नौतोड़ भूमि दी गई तथा 6 हजार से अधिक मामलों में संयुक्त निरीक्षण किया गया था। अकेले किन्नौर में 56 मामले स्वीकृत हुए थे। भूमि देने से सीमावर्ती क्षेत्रों में बेरोजगारी हटेगी तथा पलायन भी रुकेगा।

**लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास करती है केंद्र सरकार :** जगत सिंह नेगी ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र में पिछले 11 वर्षों से मोदी की सरकार है, लेकिन वह कांग्रेस नेताओं पर चार्जशीट दाखिल नहीं कर पाई। लेकिन आजकल उन्हें कुर्सी का खतरा बना हुआ है। देश में कई ज्वलंत मुद्दे सामने आ रहे हैं। यूएसए ने टैरिफ लगाकर भारत की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त करने का प्रयास किया है। बेरोजगारी चरम पर है। ऐसी परिस्थिति में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर लांछन लगाकर लोगों का भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि हिमाचल को 2023 में आई त्रासदी से निपटने में उनका क्या योगदान रहा। केंद्र ने उत्तराखंड व बिहार को तो बजट में बजट देने का प्रावधान किया, लेकिन हिमाचल को एक पैसा नहीं दिया। पूर्व की डबल इंजन की सरकार हिमाचल पर 75 हजार करोड़ का कर्जा छोड़ कर गई है।

### राज्यपाल के पास हैं शक्तियां

बता दें किड़ नौतोड़ जमीन आबंटन के लिए एफसीए में छूट देने की तमाम शक्तियां राज्यपाल के पास हैं। नियमों के तहत जनजातीय क्षेत्रों में 20 बीघा से कम भूमि वाले किसान अथवा अन्य परिवार नौतोड़ जमीन लेने के पात्र हैं। वर्ष 1968 में यह नियम बनाया गया था। बाद में जब वर्ष 1980 में फोरैस्ट कंजर्वेशन एक्ट लागू हुआ तो इसमें बदलाव हुए और गैर-जनजातीय क्षेत्र के लिए प्रावधान बंद हो गया। अब भी यह प्रावधान जनजातीय क्षेत्र के लिए लागू है तथा राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 5 के तहत इसमें संशोधन करने तथा इसे हटाने की शक्ति है। याद रहे कि कुछ समय पूर्व इस मामले पर राजभवन व राजस्व मंत्री आमने-सामने भी हो गए थे।

## नालागढ़ में नशे की ओवरडोज से युवक की गई जान

**नालागढ़ (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में एक युवक ने अपने मृत दोस्त के शव को नहर में फेंक दिया। इसकी सूचना खुद युवक ने मृतक के परिजनों को मैसेज करके दी। वॉयस मैसेज में बताया कि नशे की ओवरडोज से उसके दोस्त की मौत हो गई है। इससे डरकर उसने दोस्त के शव को नहर में फेंक दिया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और लापता युवक की नहर में तलाश शुरू कर दी है। मृतक युवक गुरविंद्र सिंह गिंदी बद्दी के भुड्डु का रहने वाला बताया जा रहा है। मगर अब तक उसका शव नहीं मिल पाया है।

**वॉट्सऐप वॉयस मैसेज में मिली बेटे के मरने की जानकारी**

युवक के भाई अभिषेक सैनी ने पुलिस को बताया कि गुरविंद्र पिछले कुछ दिन से लापता था। उसे आखिरी बार अपने दोस्त राजा के साथ देखा गया था। रात भर गुरविंद्र घर नहीं लौटा, तो बीती रात को परिवार को एक वॉट्सऐप वॉयस मैसेज मिला, जिसमे घबराहट में शव को नहर में फेंकने की बात लिखी गई थी।

डीसी को भेजी गई ईमेल में ऑफिस को उड़ाने की दी गई धमकी

## डीसी ऑफिस मंडी में फिर खाली कराया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी।** हिमाचल की छोटी काशी मंडी में डीसी ऑफिस को आज फिर से खाली करवाया गया। दरअसल, डीसी को भेजी गई ईमेल में आज दोपहर एक बजे ऑफिस को उड़ने की धमकी दी गई थी। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियातन दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक दफ्तर बंद करने का निर्णय लिया और दोपहर बाद तीन बजे अधिकारी और कर्मचारी फिर से दफ्तर में काम पर लौटें।

इससे पहले सुबह के वक्त कर्मचारियों और आम जनता को जांच के बाद ही दफ्तर में प्रवेश दिया गया। डीसी मंडी को धमकी भरी ईमेल से कर्मचारी डरे और सहमे हुए है। इससे सरकारी काम से दफ्तर आने वाले आम लोग भी डरे हुए है। धमकी भरी ईमेल के बाद डीसी ऑफिस परिसर में सुरक्षा बड़ा दी गई है। पुलिस सतर्क हो गई है।

बता दें कि डीसी मंडी की ईमेल पर मंगलवार आधी रात को एक ईमेल मिली थी। यह ईमेल मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा के नाम से भेजी गई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि ईमेल फर्जी आईडी से प्रॉक्सी सर्वर के माध्यम से भेजी गई है। पुलिस अब ईमेल भेजने वाले का पता लगाने में जुट गई है।

इस ईमेल से मंडी में हड़कंप मचा हुआ है। बीते कल भी जैसे ही डीसी मंडी ने ईमेल चेक की तो इसके बाद दफ्तर को खाली करवा दिया गया। ईमेल में आज दोपहर एक बजे ब्लास्ट की बात कही गई थी। इस वजह से आज भी दफ्तर को खाली किया गया।

डीसी ऑफिसर कार्यालय में ही एसपी ऑफिस व कोर्ट परिसर भी है। इस वजह से यहां लोगों की काफी ज्यादा आवाजाही रहती है। तीनों दफ्तरों को खाली भी इसी वजह से करना पड़ा है।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर है।

### डीसी मंडी बोले- पब्लिक ट्रांसपोर्ट का करें इस्तेमाल

डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि आज से बिना जांच के किसी को भी दफ्तर में आने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने मंडी वासियों से अगले कुछ दिन तक पब्लिक ट्रांसपोर्ट इस्तेमाल का आवाहन किया, ताकि कार्यालय परिसर में कम से कम वाहन खड़े हो।

# डॉ. अभिषेक जैन ने अधिकारियों को फोरलेन के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सचिव (लोक निर्माण, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, 20-सूत्री कार्यक्रम) डॉ. अभिषेक जैन ने सम्बन्धित अधिकारियों को पिंजौर-बद्दी-नालागड़ राष्ट्रीय उच्च मार्ग 105 के फोरलेन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डॉ. अभिषेक जैन ने आज नालागड़ उपमण्डल में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि पिंजौर-बद्दी-नालागड़ राष्ट्रीय उच्च मार्ग 105 31.195 किलोमीटर लम्बे फोरलेन का निर्माण लगभग 469 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इस सड़क में 96 पुलिया, 15 छोटे और 04 बड़े पुल होंगे। उन्होंने कहा कि फ्लाई-ओवर और पुल जैसी बड़ी संरचनाओं के निर्माण का काम विभिन्न चरणों में है। डॉ. जैन ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को फोरलेन के निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ निर्माण कार्य में गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने 30 अप्रैल, 2025 तक फोरलेन में गड्डों के पैच वर्क को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

सचिव ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग 105 में दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र, आबादी वाले क्षेत्रों व निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप चिन्हित स्थानों कर संकेत पट्ट लगाने के निर्देश दिए ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने अधिकारियों को फोरलेन निर्माण कार्य की गुणवत्ता व कार्य की प्रगति का समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि फोरलेन कार्य के निर्माण के साथ-साथ पहले बने मार्ग के रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दें ताकि लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर पानी के जमाव वाले स्थानों को चिन्हित कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि पानी की निकासी का स्थाई समाधान हो सके।

डॉ. जैन ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को फोरलेन निर्माण कार्य में जहां भूमि विवाद है, उसका शीघ्र समाधान निकालने के निर्देश दिए ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। उन्होंने बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा मैसर्ज पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटिड के परियोजना प्रबंधन से पिंजौर से नालागड़ तक फोरलेन निर्माण कार्य की धीमी गति से चल रहे कारणों के बारे में विचार-विमर्श कर उचित निर्देश दिए।

उन्होंने इससे पूर्व राष्ट्रीय उच्च मार्ग 105 के फोरलेन निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया।

उन्होंने कहा कि फोरलेन के निर्माण कार्य में देरी के कारण बी.बी.एन. में स्थापित उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति और उत्पादों को बाहर भेजने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण हिमाचल की आर्थिकी पर भी विपरीत असर पड़ता है। इस अवसर पर उप-मण्डलाधिकारी नालागड़ राजकुमार, हिमाचल प्रदेश सड़क एवं अवसंरचना निगम (एच.पी.आर.आई.डी.सी.एल.) के निदेशक पवन शर्मा, लोक निर्माण विभाग शिमला के मुख्य अभियंता अजय कपूर, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक आनन्द कुमार, उप-प्रबंधक सुमित बसंल, साइट अभियंता दिनेश पुनिया, मैसर्ज पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटिड के परियोजना प्रबंधक सतेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# डेराबस्सी के सिविल अस्पताल का खूनी झड़प मामला : थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मंदीप सिंह तबादले के एक दिन बाद निलंबित

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 17 अप्रैल।** सिविल अस्पताल में पिछले दिनों मुकंदपुर गांव के दो गुटों के बीच हुई खूनी झड़प के मामले में एसएसपी मोहाली डॉ. दीपक पारीक ने बड़ी कार्रवाई की है। डेराबस्सी पुलिस स्टेशन के प्रमुख मनदीप सिंह को उनके स्थानांतरण के एक दिन बाद निलंबित कर दिया गया। माना जा रहा है कि सिविल अस्पताल में मुकंदपुर गांव के दो गुटों के बीच हुई मारपीट के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनके द्वारा बरती गई लापरवाही को एसएसपी दीपक पारीक ने गंभीरता से लिया और आज उन्हें निलंबित कर दिया। कल उनका तबादला पुलिस लाइन में कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि मुकंदपुर गांव में अवैध खनन को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गुटों के बीच दिन में झगड़ा हुआ था। झगड़े में घायल हुए लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव और अस्पताल में तनाव का माहौल था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने दंगा निरोधक दस्ते और डेराबस्सी पुलिस को अस्पताल के बाहर निगरानी रखने के आदेश दिए थे।


























अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)